पश्चिमी घाट में चल रहे प्रदूषणकारी प्रोजेक्ट के साथ-साथ सबसे ज्यादा गैर कानूनन बॉक्साईट का उत्खनन हो रहा है । बॉक्साइट निकालने का जो कानूनन परमिट लिया जाता है, उससे कई गुणा ज्यादा उत्खनन हो रहा है । मायनिंग लॉबी ने सरकार के सभी नार्म ठुकरा दिये हैं । जिलाधिकारी, कोल्हापुर की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित हुई है और इस समिति ने भी इस बारे में अपना विरोध जताया है । मैं भी खुद राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से इस बारे में बार-बार शिकायत कर चुका हूँ, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं । इससे पेड़ों की बेशुमार कटाई हो रही है । इस प्रदेश में भारी उद्योग और बड़े-बड़े वाहनों की वजह से यहाँ की भूमि फटने और बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने की घटनाएँ बार-बार सामने आ रही हैं । दो साल पहले कोंकण रेल के उपर इसी इलाके में लैंड स्लायडिंग की वजह से हुई थी । बढ़ता पोल्यूशन, सीमेंट कॉकिटीकरण का वन्य प्राणियों पर भी बुरा असर हो रहा है । ये सब चीजें रोकने की नितांत आवश्यकता है, नहीं तो आने वाले समय में यह प्रदेश भी प्राकृतिक आपदा से नहीं बच पायेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की होगी ।

**12.13 hrs.**

**DISCUSSION UNDER RULE 193-Contd….**

**Price Rise**

HON. SPEAKER: Now, Item No.7—Further Discussion on Price Rise under Rule 193. Capt. Amarinder Singh.

… (*Interruptions*)

CAPT. AMARINDER SINGH (AMRITSAR): Madam Speaker, could you kindly bring the House to order? I cannot speak with all this noise going on. अगर यह नॉएस होगी, तो मैं कैसे बोलूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** नॉएस नहीं हो रही है, आप बोलते जाइए।

CAPT. AMARINDER SINGH : You must get the House in order. Then I can speak.

Madam Speaker, three days ago I attempted to raise an Adjournment Motion on an issue, which was very important to the nation as a whole regarding increase in food prices and prices in general. I was not permitted. Yesterday, again in the House there was ruckus and I could not speak. I want to bring this to the notice of the House and to all Members because the entire country is today looking at us and looking as to what the House is going to do and what the Government is going to do on the issue. I have with me here the Index Number of the Government of India's paper, which has indicated the price rise of every commodity from A to Z, whether they are food, food byproducts or whatever they may be. It also shows the trend of inflation, which is going to be on each item. This is something which was done in May, which came out in June; and the June one is going to come up in July; $14^{th}$ of July or so. They bring it. But, nevertheless what I wish to say is that in the course of these two months, from May to July, every item of food – I just like to list a few – has gone up. Take onions, for

instance. Even in the Prime Minister's constituency, from May at Rs.17 a kilo it has gone up to Rs.34 a kilo, which is double. The rise in prices is there in all cities like Bhubaneswar, Kolkata, Delhi, etc. In Delhi it has gone from Rs.10 a kilo to Rs. 35 a kilo, an increase of 250 per cent. It may not affect five, 10 or 15 people, but it affects 400 million people under BPL, it affects the common man, it affects the salaried class people. They cannot possibly carry on in this manner.

Take the case of potatoes, which have gone up from Rs.10 a kilo to Rs.18 a kilo; then, tomatoes, which have gone up from Rs.8 a kilo to Rs.30 a kilo. I find that very strange because we have just had the harvest. How is it that the price of potatoes has gone up? Karnataka is growing potatoes; Maharashtra is growing potatoes; Punjab, Haryana, Himachal Pradesh – in all these States potatoes are grown. What has happened to this system that in two months the prices go right through the roof? That is why, I wanted the Government, under the Adjournment Motion, to come out and give answers as to why these things are happening.

Obviously, I would like to tell you as to why all these things are happening. It is because that you have put the freight prices of trains up to 6.5 per cent; you have put the diesel prices up to Rs.1.25. So, anything that is transported automatically goes up. When such a sort of scenario develops, the Government has to have some contingency plans. I would like to know from this Government as to what is the reason for this happening.

The prices of wheat and paddy have also gone up for some reasons, which I do not know. When you have got a buffer stock, why should the prices of wheat and paddy go up? I would like to tell you as to what the reason is for this rise in vegetables. It is because the farmer does not know today what the prices are going to be tomorrow. If the Government comes out with a price support mechanism, then perhaps, they will grow more onions; they will grow more potatoes; and they will grow more tomatoes. But, the Government has to commit itself for a price support mechanism and a system of storage so that it can buy and store these items. This issue will not then come up every year.

I would like to say that prices of other items like cereals, rice, vegetables, fruits and milk are up. The price of milk has gone up because prices of cereals and other food grains have gone up. The prices of egg, meat, fish – every consumable item – have gone high. Not only this but the prices of those items, which are not consumer items in the direct form but in the indirect form like steel, have gone up. Why should the price of steel go up? If the price of steel goes up, the price of spades, the equipment which are used for harvesting and planting goes up and that takes the prices of other commodities up.

Generally speaking, if I may say the situation is very pathetic. It is for the Government to come out and tell us as to how it can prevent it from happening any further. When this hike in price - 250 per cent or 150 per cent - has taken place in two months, what is going to happen in the next three months? These are the things we want to know from the Government. Are you going to somehow protect these prices?

The Finance Minister made a statement in the Rajya Sabha that there is nothing to panic about. Please ask those 400 million people under BPL as to whether they are panicky or are happy with the situation. During elections they made promises that these things will never happen again whereas it happened in the first two months of their Government. Please tell me as to what the solution is. Solution is not putting them under some sort of a legal protection like that they have done for potatoes and onions under the Food Security Act. The thing is that you have got to grow more; you have got to have a planning for that; you have got to have a price support mechanism and you have got to have a purchase mechanism, which supports them. That is how wheat and paddy are being dealt with today. What about the passengers of the railways? This Government has increased the passenger fare by 14.2 per cent. 900 crore Indians use the railways every year and 90 per cent of those are poor people. Do you want to squeeze them also? What has the Government got out of that? Fare is one side and the passengers are the other side. Petrol and diesel prices are up and as a consequence,

food prices are up. Where do we go from here? Has the Government thought of a contingency plan?

What is the most surprising part of the matter regarding onions is that you are still exporting onions. All you have done is that you have increased the export price from USD 300 per tonne to USD 500 per tonne so that they can get some more money out of it. I think, there should be a total ban on the export of onions and any of these products which are taking the prices up this way. After everybody in this country has been given what is their due and what they want, then, they can export what is remaining. So, a ban is essential and not putting it under the Essential Commodities Act, which is not going to assist in any way. There is, again, something which, I think, the Government must note of and find out when today the harvest season is still on, the prices are rising. In the mid-Himalayas, today all the potatoes are being dug up. The harvest season is on. Tomatoes have just finished in Punjab, Haryana, Uttar Pradesh, Maharashtra and Karnataka, but the prices are still up. The prices of onions and potatoes are up. … (*Interruptions*) अच्छे दिन आ रहे हैं। These are the *achche din*! This is a tragedy which is happening. … (*Interruptions*)

Madam Speaker, there is an interesting graph which shows that from the time that this Government took over, for some reason, it is going up, indicating that the food prices are rising as a whole. What is the reason? They are not wanting to give us a reason. Otherwise, they would have allowed an Adjournment Motion under Rule 56. They would have had to answer our questions; and they would have also had to, perhaps the whole House would have had to, vote on this matter. These are the things which have to be noted by this Government and we have to see how we can help the people. We are not enemies in any way or we would not like only to put the blame on somebody. We are concerned because our constituents ask us, our people ask us, the people of India ask us as to what we are doing about it. What can we do about it other than to raise the issue in the House? Let us see what they have to answer. These are the matters which have been raised

by us at various levels and we have now come down to bring it to the House, to bring it up in this debate. I know that under Rule 193, perhaps they will not comment, but I do hope that they will take this matter seriously and do come up with answers in this House so that we know what their proposals are. I think, it is a ridiculous statement for the Finance Minister to say so, to give that there is nothing to panic about. Everybody is worried. There is a little rise and we are worried. People are worried, the man who is a daily-wager is worried, the man who is just subsisting is worried, the Antyodaya families are worried and the BPL families are worried, the salaried class is worried. Everybody is worried.

Now, we hear that – it is one of the issues which we did to try and help - MGNREGA may be done away with. We hear that the Food Security Act may be done away with. Are we going to do anything for our poor or are we not going to do anything for our poor? There are so many poor people who exist. You are raising the prices of kerosene and gas. I do not think that there is anything which I can mention, the price of which is not going up, either directly or indirectly. If the price is increasing indirectly, that is also going to affect them.

Therefore, Madam Speaker, I hope that this Government will come out with a solution and tell us so that we can then at least carry this matter forward to our people and inform them that the Government is going to do something for them. As things are, if the prices in the last two months of the three commodities – potatoes, onions and tomatoes – are seen, there has been an average increase of 200 per cent. What is going to happen in the next two months of this Government? I really shudder to think. … (*Interruptions*)

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** आप टमाटर के प्राइस के बारे में हाउस को गुमराह कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बीच में मत बोलिये। जब आपकी बारी आयेगी तभी आप बोलेंगे।

… (*Interruptions*)

CAPT. AMARINDER SINGH : Let me tell you that even today, tomatoes are even coming into the market. They are coming in from Haryana and Punjab. The Himachal crop has started coming in; Karnataka is giving tomatoes; and Maharashtra is giving tomatoes. So, the tomatoes are there. What is the reason for the price increase by 300 per cent? … (*Interruptions*) It is mismanagement, and it is not only mismanagement, but I do not know who these hoarders are who are hoarding the other crops. Who is hoarding onions and potatoes? Somebody is there who must tell us who it is. It is the middlemen. Are you taking any steps against them? Are any steps being taken against those people who are hoarding these products so that the prices do rise, which is affecting the average Indian consumer?

I hope that they are going to do it, and I hope that this issue is going to be taken up seriously. We are not raising it in a frivolous fashion. This is being raised because we are deeply concerned about it. We have done all we have in our power in the past to ensure that things work right, and now a time has come that people are asking the Government to consider the price support mechanism.

I can tell you and it is an amazing fact that when potatoes are harvested in the Doaba region of Punjab -- I was Agriculture Minister for six years and my colleague from Doaba is also here -- do you know that their prices are so low that the farmers cannot even recover their harvesting cost. So, they pick them up to clear their fields and dump them in the middle of GT Road or dump them somewhere else. It is because they cannot store it. Therefore, you need a mechanism, which can buy this. Somebody should buy this; store it; and sell it at times like this when prices start rising in the market, and that only the Government can do. So, this is a thing that has to be considered seriously if you want to tackle it on a long-term basis.

On a short-term basis, they should stop this hoarding. I do not know who these hoarders are. … (*Interruptions*) They know who the hoarders are, and they should stop these hoarding. Further, they should inform us as to what action they

are taking against these hoarders. Secondly, a deadline has to be there as to when it is going to happen and how we can control it. Over the next three months, with the prices continuing to rise and will rise because agro-climates are there. Nevertheless, bulk of the products is in. Gujarat has sent its onions in; Maharashtra has sent its onions in; Karnataka has sent its onions in; UP has sent its potatoes; West Bengal has sent its potatoes; Punjab has sent it; Haryana has sent it, and they are all there. But the next crop is going to take some months. How do we prevent this from happening? Therefore, I hope that, through you, I am able to convince the Government, and I hope that the Government will take stringent measures to stop this hoarding; take strict action, whatever is necessary, against these hoarders, so that the common man; the daily-wager; and the salaried classes can get their products at reasonable rates.

HON. SPEAKER: Next speaker is Shri P. Karunakaran. Is he there?

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Thank you, Madam Speaker. Actually, I was to initiate this discussion, but due to a request from the Chair and for the smooth functioning of the House I sacrificed my chance of initiating this discussion, and I am participating in this discussion now for the sake of this House.

HON. SPEAKER: Yes, thank you for doing this.

SHRI P. KARUNAKARAN : Madam, we are discussing a very serious issue in this House, namely, price rise. I had the chance to witness the discussion on price rise in the 14th and 15th Lok Sabha as well. After having discussed this issue, the result was not reduction in price rise, but it was actually increase in price rise. When we asked the Congress leaders -- who are sitting here now -- about the same issue that they are raising now, they were not ready to take any concrete steps to control price rise.

This Government has come at the cost of this price rise and corruption. If we go through the election manifesto of BJP, the first issue that they have mentioned in it is that they should take all measures to control price rise if they come to power.

I would humbly like to ask them whether the steps taken by them after coming to power are favourable to decrease the price rise or are they promoting price rise. Even before the commencement of this Session, the Government has taken a number of steps, including policy declarations. Despite repeated requests made by the political parties and other organizations, the Government was not ready to listen, but has chosen to take the same path that the Congress Party or the UPA Government has taken. The reward or award that the BJP-led Government gave to the people after the elections is the price rise. I do not think you have any satisfactory reply to that.

At the time of debate on the Motion of Thanks on the President's Address, our Prime Minister made a very, very significant and attractive speech in this House. He said, "I am a new Member. I may be committing mistakes. I want to get your cooperation." I thought that here is a BJP leader in new colours. Of course,

his speech was very attractive, and the entire Media covered it. No one can question the kind of presentation that he has made. He said, "I will take action only after obtaining the consensus of this House." What has his Government done afterwards? It increased the price of petrol by Rs. 1.69 per litre and diesel by 50 paise from July onwards. Was the promise made by the Prime Minister fulfilled? I would say, "No". It was against what he has said in his speech that was made in this House.

My very, very close friend, Shri D.V. Sadananda Gowda, presented the Railway Budget here. He was also talking about the welfare of poor people. I thought that he would never increase the railway fares and the parcel charges. However, he was the second one to contribute and there was a rise of 14.5 per cent rise in passenger fares and a five per cent rise in parcel charges. Many of the States get their articles, whether it is food items, sugar or any other items, through the Railways. Therefore, when the Railways increase the parcel charges or the freight rates, it would really affect the common people. The same is true in the case of passenger travel also. The Minister said that the condition of railway finances was very bad. At the same time, they have to bear in mind that when they raise the prices of petrol, diesel, kerosene, fare and freight charges – they are all Indirect Taxes and not Direct Taxes. They are not ready to touch people who are rich. They are following a regressive tax policy. I think we will see it in the coming Budget also. This regressive policy and these Indirect Taxes have adversely affected a large number of people in the country.

What is the main reason for the price rise? The hon. Member who spoke just now said that you must have a mechanism. Why can you not have a mechanism by looking at what has happened during the last ten years? You have failed in doing that. We said that you should not raise the prices of diesel, petrol or kerosene, but you are not ready to listen.

I have with me the reply given to a question asked in this House, according to which, the basic price of petrol comes to about Rs. 20 or Rs. 22 only, about two

years back. The other charges included in the price are taxes like Excise Duty, VAT, Sales Tax, etc. The other charges amount to 35 per cent. We do not know what these other items are. Yet, no Government is ready to do away with these taxes because these taxes on petrol and diesel generate huge revenues. I do agree that the Iraqi crisis had its effect, but that is not the main reason. The major taxes that are added to the basic price of petrol or diesel are the main reason for it.

I want to know whether this Government has any political will as they had promised at the time of elections to reduce these taxes either the excise duty or the sales tax or the VAT. Of course, they can say that the State Government also has the duty because sales tax goes to States. So, the main contribution for the price rise is really the prices of petrol and diesel. That have become the contributions of the earlier Government. I do not under-estimate their contributions. But they said that that was the main reason for the price rise. I remember, they were sitting on this side and they were quoting all those issues and they asked the Government to bring down the price, to reduce the price of petrol. But they were not ready. But what is their stand now? They have to clarify that. I would like to know whether they are ready to take any action, whether they have any political will. I would like to know whether the Modi Government has shown any sincerity about the promises that they made. I would like to know whether there is any sincerity in the promises made by the Prime Minister in his first speech or the maiden speech in this House. He has to come with an answer that they are ready to reduce the taxes on the excise duty or the VAT or the other taxes. That would be of great benefit. I think, even the ordinary BJP people were of the view that when this Government has come with a single largest majority, the first thing that they are going to do is to reduce the duty and not to raise it. But they are not only with the opposition but they are working against the people who have voted for them. They say that it is for the safety of the nation; it is for the safety of the economy. How can we say that? It is at the cost of the common people.

I admit that there is a lack of resources. There is a lack of money to meet the Budget demands. I can point that out. Let us take the Budget of the last year which was presented by the UPA Government. The tax burden was Rs.5.76,000 crore. It was Rs.5,26,000 crore a year before last. It was in excess of the deficit that the then Finance Minister had placed before this Budget here. To whom does this Rs.5,76,000 crore go? It does not go to the common people, not to the ordinary people. It is for the rich people either in the form of import duty or the taxes on high hotels or many luxury items. Really, it is looting this country. It is done by the Government. The Parliament has passed a Bill to collect the taxes of an order of Rs.5,76,000 crore on such and such items. What is the right of this Government to extend this Rs.5,76,000 crore? To whom does it go? Then they say that there are no resources; there is no money with them. Money is there. That money goes to the rich people, not to the common people. There is no justification for raising the price of petrol by 1.69 paise and again by 50 paise. So, the first and foremost duty of this Government, if they are sincere to the House and to the people, is really to withdraw the tax structure.

When we go through the details of it, the food inflation comes to about 9.5 per cent in May against 8.64 per cent in April. As stated by the hon. Member, inflation in respect of potato is the highest of the order of 31.4 per cent; inflation in fruits comes to about 19.4 per cent; inflation in the case of eggs, meats and fish comes to about 12.47 per cent. It is true that inflation in respect of manufacturing sector has also gone to five per cent. It is a big list. As per the Government report itself, the total inflation has come to about 6.10 per cent. It was 5.13 last time. It is 8.58 per cent in the case of primary sector and in the case of food articles it comes to 9.57 per cent. It goes on like this.

So, when we take up each and every item whose price has gone up, we can say that the people have been punished just because this government have come into power? The people have given their franchise in your favour. They thought that if this government comes to power, it would take some pro-people measures

which the earlier government was unable to do. But when I see all these items I find that on each and every item there is price rise. So, what measures is the Government going to take to reduce prices?

Coming to diesel, there was a system of price stabilisation in our country. That was the mechanism the hon. Member spoke of. That price stabilisation mechanism has already gone. Is this Government ready to give any relief to people? Is this Government ready to retain the price stabilisation mechanism which the earlier NDA Government also followed? Nowadays any company can raise the price of its diesel and that is also one of the reasons for hike.

Take for example the case of LPG and kerosene prices. With regard to kerosene we have a bitter experience in Kerala. A large number of fishermen there want to get kerosene at the BPL price, but they are not able to get it. The Government says that they may get it under the PDS quota, but the State Government is not able to give it to them. So, they have to purchase it from the open market. So, petrol, diesel, kerosene or LPG, prices of all these items have gone up and it is because of the policy that the Government has already taken.

It is said by some of the leaders of the Modi Government that government is a continuous process. Of course, Government is a continuous process as an administrative set up, but the policy issues are entirely different. The policy issues have to be changed in accordance with the needs of people. I am sure that you will not be able to do so. Many of the declarations that you have made either in the House or outside were not meant to reduce price rise in any case.

You see the stand of the Government with regard to the defence of the country. During the term of UPA government, the share of FDI in defence was only five per cent. Shri Antony said that it was only five per cent. But the Government says now that it will be 100 per cent. So, which do you prefer – domestic needs or external demands? That is true in the field of communications. This is very important as far as the nation's safety is concerned. It is discussed in the House and it was felt that defence and communication should be in the control

of the Government. How can you trust the foreigners to produce their equipment for the use of our army or the navy. That is true in the case of the communications sector also.

Yesterday my good friend Shri Sadanandji thought that they were going to the Cabinet to get the concurrence for allowing FDI in the Railways also. I am not diverting the subject, I am only pointing out the approach that you are making. The Railways is the largest public undertaking in this country. The success of the Railways is due to participation of the common people in it. Lakhs and lakhs of workers are employed in the Railways. But there also the Government prefers the FDI and private partnership. I am not fully against FDI, I am not fully against the private partnership. There should be selected views. But in each and every item you say that we need private participation, we need FDI. I think that earlier the BJP itself has advocated for the domestic production and also the domestic needs and all that.

Now, they have consumed all their old ideas and they say that it is better to go for FDI and also for the multinationals. Is it not your view? So, that view is reflected in the price rise of this country. Either you are not ready to review or reconsider the view that there should not be any change. That is why I referred to the 14th Lok Sabha and 15th Lok Sabha when we discussed this issue and when the present Speaker was in the Chair in those many discussions. There is no change because as a continuation of the UPA Government, they are following it. You are also following it. So, what is the difference? The difference is that the people have to suffer much. So, that issue has to be tackled. We strongly oppose these decisions and I request the Government that if they have any sincerity in the promise and the speech made by the Prime Minister in this House, they should withdraw the new taxes that they have imposed. That is the only way to give some relief to the people.

With these words, I conclude.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले तो मैं आपका आभार प्रकट करना चाहता हूँ कि 16वीं लोक सभा में मंहगाई जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है। जिस तरह से आदरणीय करूणाकरन जी ने कहा कि कांग्रेस मंहगाई पर बात करे, यह अपने आप में ही बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा करती है। जो 10 वर्षों में कुछ नहीं कर पाए। जब मंहगाई रोकने के लिए उनके पास समय था, तब उसको नहीं रोक पाए और आज चर्चा की शुरूआत में ही ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस ने सैल्फ गोल कर दिया है। मंहगाई बहुत गंभीर विषय है और सदन बड़ी गंभीरता के साथ इस पर चर्चा कर रहा है। हमारी सरकार के ऊपर एक नई जिम्मेदारी आई है। प्रधान मंत्री जी ने बड़े विश्वास के साथ यह कहा है कि यह गरीबों की सरकार है और गरीबों के लिए सरकार है। मैं बड़ी गंभीरता के साथ यहां से कहना चाहता हूँ कि हमारी सरकार हर वह कदम उठाएगी, जिससे इस देश के गरीबों का भला हो और हम हर वह कदम उठाते रहेंगे।

जिस तरह से पहले दिन हमारे विपक्षी दलों ने मंहगाई पर चर्चा करनी चाही, हम मंहगाई पर चर्चा से भागे नहीं, बल्कि वैंकैया जी ने पहले ही मिनट में कह दिया कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं और हम उसी दिन चर्चा करना चाहते थे। आप लोग दो दिन से चर्चा से भाग रहे हैं और दो दिनों से चर्चा करने के लिए तैयार नहीं थे। हमारे पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है। अगर कुछ वस्तुओं के दाम बढ़े हों तो उसके लिए 5 हफ्ते की सरकार को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

अध्यक्ष जी, चर्चा को आगे बढ़ाने से पहले, मैं एक बात तो अवश्य कहना चाहूँगा कि आखिर हमें विरासत में क्या दिया गया है? हमें विरासत में मिला क्या है? सन् 2014 की बात करने से पहले मैं सन् 2008 में आपको ले जाना चाहूंगा। सन् 1998 से लेकर सन् 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार रही। सन् 2004 से सन् 2014 तक यूपीए-1 और यूपीए-2 की सरकारें रहीं। पिछले 10 वर्षों में 17 बार मंहगाई पर इस सदन में चर्चा हुई। आप भी उस समय 14वीं और 15वीं लोक सभा की सदस्य थीं। कोई सत्र ऐसा नहीं जाता था, जब मंहगाई पर चर्चा नहीं न हो। लेकिन अटल जी के समय 6 वर्ष के कार्यकाल में मात्र एक बार ही मंहगाई पर चर्चा हुई थी तो हमने अच्छी सरकार चला कर दिखाई थी। सोनिया जी को याद होगा कि सन् 2000 में इन्हीं के नोटिस पर उस समय चर्चा हुई थी। अगर किसी को तिथियां चाहिए तो मैं साथ में लाया हूँ कि कब-कब चर्चाएं हुई थीं। जब मंहगाई पर चर्चा होती थी, तब यहां पर कई विषय सामने आए। यूपीए-2 में हमें क्या-क्या मिला। यूपीए-1 में हमें क्या-क्या मिला। देश इन पिछले 10 वर्षों में कहां गया, इसको मैं आपके सामने रखना चाहूंगा। सन् 1998 में जब हमें सत्ता मिली, तब इस देश की विकास दर 4.2 प्रतिशत थी।अटल जी सरकार को अच्छा चलाते हुए उसको साढ़े आठ फीसदी पर ले गये, 8.3 परसेंट पर ले गये। लेकिन एक अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री देश में आये, जिन्होंने पिछले

10 वर्षों में विकास दर को 8.3 परसेंट से कम करके 4.6 फीसदी पर लाकर खड़ा कर दिया।...(व्यवधान) सालाना विकास दर के चार्ट भी मेरे पास हैं।...(व्यवधान) उस समय जब हम देश में विकास दे रहे थे और मैंने इनकी भी विकास दर बतायी, यूपीए-वन के पांच वर्षों के कार्यकाल में मात्र 27 लाख लोगों को देश में रोजगार मिल पाया और यूपीए-टू में 20-22 लाख लोगों को रोजगार मिला होगा। ये 10 वर्षों में केवल 49 लाख लोगों को रोजगार दे पाये। जब अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी तो अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने 6 करोड़ 70 लाख लोगों को रोजगार दिया था।...(व्यवधान) ये नेशनल सैम्पल सर्वे आर्गनाइजेशन के आंकड़े हैं, जो सरकारी संस्था है। आप जाकर चैक कर सकते हैं। हमारे समय जब देश विकास कर रहा था, लोगों को रोजगार मिल रहा था, लोगों के घरों में आय बढ़ रही थी। यदि उस समय में देखा जाये तो देश के लोगों की, प्रति परिवार की बचत कहां पर थी, वर्ष 1998 में जब हम आये तो 23.19 थी और जब हम छोड़कर गये तो 32.41 प्रतिशत थी यानी  हम बढ़ाकर छोड़कर गये थे। आपके समय 30 परसेंट के लगभग आ गयी, 10 परसेंट उसमें भी कमी आ गयी है। ये सारे आंकड़े आपकी सरकार के प्लानिंग कमीशन के आंकड़े हैं, मेरा आंकड़ा कोई नहीं है।...(व्यवधान) इन्हें मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। करन्ट अकाउंट डेफिसिट की बात की जाये, चालू खाता घाटे की बात की जाये, वर्ष 1998 में हम आये तो वह मायनस दो प्रतिशत पर था, जब हम छोड़कर गये तब प्लस 2.3 परसेंट पर छोड़कर गये। आपने उसको मायनस 4.5 फीसदी पर फिर से वापस लाकर खड़ा कर दिया है। यह आपकी सरकारों के सामने नजर आता है। खजाना खाली करके आप चले गये। प्रतिवर्ष आप उसमें घाटे के घाटे दिखाते चले गये। फिस्कल डेफिसिट की बात की जाये, वित्तीय घाटा आपकी सरकारों के समय क्या हुआ, आप केवल वित्त मंत्री बदलते चले गये, वित्त मंत्री तो आप बदलते चले गये, लेकिन देश की वित्तीय स्थिति आप नहीं बदल पाये। देश के वित्तीय घाटे को आप नहीं बदल पाये, आप देश की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क करते चले गये।...(व्यवधान) वर्ष 1998 में मायनस 6.29 प्रतिशत वित्तीय घाटा था, जब हमने 6 वर्ष सरकार चलायी तो हम उसको कम करके मायनस 3.88 परसेंट पर लाये थे। उसको हमने कम किया था, लेकिन आप फिर सत्ता में आये, आपने देश का वित्तीय घाटा फिर बढ़ा दिया और उसको मायनस 5.75 परसेंट पर लाकर खड़ा कर दिया।...(व्यवधान)

महोदया, यह अपने आप में दिखाता है कि ये खजाना खाली कैसे करते चले गये?...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपने समय पर बोलिएगा।

...(व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** आज जब महंगाई की बात आती है।...(व्यवधान) महंगाई की बात कांग्रेस के लोग करें, यूपीए के गठबंधन दल के लोग महंगाई की बात करें तो सचमुच बड़ा दर्द होता है।...(व्यवधान) पब्लिक को दर्द पता नहीं कितना हो रहा है, कांग्रेस को दर्द ज्यादा हो रहा है।...(व्यवधान) सच्चाई देश के लोगों के सामने तो रखनी पड़ेगी।...(व्यवधान) आखिर सदन में नहीं रखेंगे तो कहां रखेंगे।...(व्यवधान) वर्ष 1998 में जब हम आएं तो मंहगाई की दर, इनफ्लेशन रेट 8.26 परसेंट था। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इतनी बढ़िया सरकार उस समय चलायी, सोनिया जी, आप उस समय थीं। ...(व्यवधान) उन 6 वर्षों में केवल एक बार महंगाई की चर्चा हुयी, क्योंकि महंगाई दर 8.5 फीसदी से कम करके 2.8 फीसदी पर कोई व्यक्ति लाया था, तो वह अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार लेकर आयी थी। ...(व्यवधान)

पिछले दस वर्षों में जब 17 बार महंगाई पर चर्चा हुयी होगी तो इस सदन के मेरे सभी मित्र समझ सकते हैं कि मंहगाई कितनी बढ़ी होगी? महंगाई लगातार 8.7 फीसदी 2009 तक बढ़ती रही और वर्ष 2013-14 की अगर मैं बात करूं तो 13 परसेंट तो लगातार बढ़ी-बढ़ी, 20 प्रतिशत दो महीने नवंबर और दिसंबर में भी बढ़ी है। 2013-14 में आपके समय में 13 प्रतिशत महंगाई बढ़ी। महंगाई बढ़ने के लिए यदि कोई ज़िम्मेदार है तो वह आपकी सरकार है जो पिछले दस वर्षों में रही हैं। आज ये हमसे महंगाई का जवाब मांगते हैं। ये 120 महीने सरकार में रहे, हम लोग मात्र 72 महीने सरकार में रहे थे। हमारे 72 महीनों की सरकार में मात्र 11 महीने महंगाई बढ़ी, वह भी जो पहले वाले महीनों में थी। आपके 120 महीनों में 70 महीने महंगाई बढ़ी है। 60 फीसदी समय में महंगाई बढ़ती रही तो आपकी सरकार के समय में बढ़ी है। मुझे समझ में नहीं आता कि आप किस मुँह के साथ महंगाई पर चर्चा करने के लिए सदन में आए हैं।

महोदया, मज़ेदार बात तो यह है कि अभी कांग्रेस के स्पीकर यहाँ बोल रहे थे। वे मेरे आदरणीय हैं, हमारे पड़ोसी राज्य से आते हैं। मैं उनका बहुत आदर करता हूँ। जब राजा-महाराजा लोग सब्ज़ी की बात करते हैं, महंगाई की बात करते हैं तो खुशी होती है। ...(व्यवधान)

SHRI MALIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Madam, the hon. Member cannot cast aspersions on individuals. He should talk on policies. He is talking about individuals. We will then have to talk about everybody.… (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** खड़गे जी, मैं रेलवे पर भी आऊँगा। अभी बैठिये। ...(व्यवधान)

मैडम, मुझे इस बात की खुशी हो रही थी और ऐसा लग रहा था कि चेन्नई से प्याज़ आ गया, फलां जगह से टमाटर आ गया, यह तीसरे राज्य से आ गया। अच्छी बात है कि एक बड़े नेता दाल सब्ज़ी की बात कर रहे थे तो अच्छा लग रहा था। लेकिन दुख इस बात का हो रहा था जब उन्होंने आपबीती सुनाई कि मैं जब मुख्य मंत्री था, जब मेरे पास एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री थी, तब उस समय पंजाब के किसान

सब्ज़ियाँ पैदा करके सड़कों पर फेंक देते थे, वे बिकती नहीं थीं, दाम नहीं मिलता था। यह हालत आपके समय पंजाब के किसानों की थी और यही हाल आपकी पार्टी ने और आपकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में इस देश में किया। देश के लाखों किसानों को अगर किसी ने मरने पर मजबूर किया है तो वह आपकी पार्टी ने और आपकी सरकार ने किया है। उसके लिए आपको देश से माफी मांगनी चाहिए। यह दुर्भाग्य है। मैं आपको रेट बताता हूँ। 2004 में जब हम सत्ता छोड़कर गए तो आलू दो रुपये किलो बिकता था। आपके समय में 20 रुपये किलो हो गया। 900 फीसदी दाम बढ़ा, अगर आप आँक़ड़ों की बात करते हैं। व्हीट की बात करें तो उस समय 9 रुपये रेट था और आज 28 रुपये होकर 211 प्रतिशत है। दूध 14 रुपये लीटर बिकता था, आज 45 रुपये लीटर बिकता है। वैजिटेबल आइल की बात करें तो 35 से 40 रुपये हमारे समय था, आपने 80 से 90 रुपये तक पहुँचा दिया और दुगुने से ज्यादा कर दिया है। रसोई गैस का सिलैन्डर 240 रुपये हमारे समय था, आप 850 रुपये पर ले गए। बाद में आपने चुनाव से पहले 440 रुपये का कर दिया। आपके युवा नेता तो कभी छः सिलेण्डर, कभी नौ सिलेण्डर और कभी 12 सिलेण्डर की बात करते रहे। मुझे तो यह समझ में नहीं आ रहा था कि सरकार की पॉलिसी क्या है - छः सिलेण्डर, नौ सिलेण्डर या 12 सिलेण्डर? देश को इसी चक्कर में घुमा रखा था कि छः मिलेंगे, नौ मिलेंगे, 12 मिलेंगे। अरे भैया! देने हैं तो दे दो, हमारे समय में छः, नौ या 12 की बात नहीं होती थी। हम लोग बगैर कैप के सिलेण्डर देते थे और मात्र 240 रुपये में हमारी सरकार सिलेण्डर देती थी। ...(व्यवधान) लोगों को घुमाने से काम नहीं चलता है। आखिर आपने देश की हालत क्या कर दी थी? मैडम, बड़े-बड़े वित्त मंत्री आए और बड़े-बड़े इकॉनोमिस्ट इनकी सरकार में थे। प्रधान मंत्री भी थे और बाकी भी थे। हमारे पास तो अटल जी थे, गरीबों के बीच में से, आम जनता के बीच में से आए थे। लेकिन डॉलर के बदले रुपया केवल 40 से 44 रुपये पहुँचा, 9 फीसदी का फर्क पड़ा था। इनके समय में वह 44 रुपये से 62 रुपये तक चला गया। ...(व्यवधान) अच्छा! ज़्यादा चला गया, 67 रुपये तक चला गया। कहीं पाँच साल और मिल गए होते तो 100 रुपये तक इन्होंने रुपये को गिरा दिया होता। मैडम, देश के लोगों ने देश को बचा दिया। मैं इस सदन के माध्यम से देश की जनता का धन्यवाद करना चाहता हूँ कि वे मोदी जी की सरकार यहाँ लाए हैं और देश का बचाव हो रहा है।

**13.00 hrs.**

आखिर कांग्रेस के लोगों को यह दर्द क्यों हो रहा है? There is nothing left behind by the previous Government. They have left everything empty. खजाना बिलकुल खाली छोड़ कर गए हैं। मैंने पहले भी आंकड़ों के द्वारा बताया कि ग्रोथ साढ़े चार फीसदी पर आ गयी, फिस्कल डेफ़िसिट

पांच फ़ीसदी पर आ गया, हमारी महंगाई दर आप 9 फ़ीसदी पर छोड़ कर चले गए थे और चिदम्बरम जी ने अपने इंटरिम बजट में कहा है कि यूपीए सरकार ने जो कर्ज़ लिया है, आने वाली सरकार को 43.3 प्रतिशत टैक्स कलेक्शन का पैसा, केवल ब्याज को चुकाने में लग जाएगा। यह आपके वित्त मंत्री पिछली बार कह कर गए। 26 परसेंट टोटल टैक्स आपको इसके लिए देना पड़ेगा।

**माननीय अध्यक्ष :** अनुराग जी, अभी आप कितना समय और लेंगे? अभी हम लंच के लिए उठते हैं, आप लंच के बाद कन्टीन्यू कीजिएगा।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैडम, मैं दस-पन्द्रह मिनट में खत्म कर दूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** दस-पन्द्रह मिनट ज्यादा हैं।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** मैडम, मैं पन्द्रह मिनट में खत्म कर दूंगा। बड़ी मुश्किल से तो काबू में आए हैं, मैडम। हम तो दस वर्षों तक महंगाई पर चर्चा ही करते रहे और प्रधानमंत्री जी कहते रहे कि सौ दिनों में महंगाई कम कर देंगे। अब देश के लोगों के सामने अच्छे दिन आए हैं, इस अच्छे दिन के समय को चलने दीजिए मैडम, रोकिए मत।

**माननीय अध्यक्ष :** आप लंच के बाद कन्टीन्यू कीजिएगा।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** इससे अच्छी बात क्या है कि महंगाई के समय में भी आप लंच ब्रेक दे रही हैं, तो इससे अच्छे दिन और क्या हो सकते हैं।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

**13.01 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.*

**14.01 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at One Minute past Fourteen of the Clock.*

(Prof. K.V.Thomas *in the Chair*)

## DISCUSSION UNDER RULE 193 – Contd… Price Rise

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर)** : माननीय सभापति महोदय, इस ब्रेक से पहले हम बहुत महत्वपूर्ण विषय महंगाई पर चर्चा कर रहे थे। मुझ से पहले दो वरिष्ठ नेताओं ने अपनी बात विपक्ष की ओर से सदन में रखी। मुझे लगा था कि शायद कांग्रेस अपने दस वर्षों के असफल कार्यकाल से कुछ सीख कर ऐसे सुझाव देगी कि जो इन्होंने गलतियां की हैं उस पर हमारी सरकार कुछ सुधार कर सके। लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। मैंने पहले भी कहा कि इन्होंने जो सेल्फ गोल करने की इच्छा प्रकट की थी तो इन्होंने अपने ऊपर सेल्फ गोल किया है। इसीलिए, मैंने उन विषयों पर भी प्रकाश डालने का प्रयास किया कि आख़िर में हमें विरासत में क्या मिला है। मैंने आंकड़े देते हुए आपके सामने और सदन के सामने यह रखा था कि ये हमें सरकारी खजाना खाली करके दे कर चले गए। मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ को निगेटिव कर दिया था और फिस्कल डेफिसिट जो है, वह -4.5% से ज्यादा चला गया। करेन्ट एकाउंट डेफिसिट पहले से ज्यादा बढ़ गया। देश में बेरोज़गारी बढ़ गयी। भ्रष्टाचार की तो मैं पिछली सरकार की क्या बात करूं? अगर किसी ने देश में नए रिकॉर्ड स्थापित किए तो कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार के किए। देश की जनता ने इन को बताया है और इसलिए पूरे विश्वास के साथ मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनायी है। लेकिन दुःख इस बात का होता है कि कांग्रेस पार्टी किस विचार के साथ देश में सरकार चला रही थी? इकोनॉमी का बुरा हाल कर दिया, अर्थव्यवस्था का बुरा हाल कर दिया, देश को लूट कर खाली कर दिया, युवाओं को बेरोज़गार कर दिया, महंगाई की मार से आम आदमी का जीना दूभर कर दिया, देश को नष्ट करने की स्थिति में खड़ा कर दिया। They were working on the same plan the way in many countries the Army work. इन्होंने स्कॉर्च्ड अर्थ पॉलिसी पर काम किया कि हम तो जा रहे हैं, जाने से पहले-पहले फसल को तबाह कर दो, आधारभूत ढांचे को तबाह कर दो। ये स्कॉर्च्ड अर्थ पॉलिसी पर काम कर रहे थे। देश को खत्म करने का प्रयास किसी ने किया है तो कांग्रेस ने पिछले दस वर्षों में किया है। देश इस के लिए इन को माफ़ नहीं करेगा।

आज ये हम से कहते हैं कि दाम बढ़े हैं। मैं आप से पूछना चाहता हूं कि किस चीज़ के दाम बढ़े हैं? पेट्रोलियम सेक्टर को लीजिए। इराक़ में क्राइसिस चल रहा है। मिडिल ईस्ट क्राइसिस के कारण हमारे देश की अर्थव्यवस्था पर उस का असर पड़ता है। डॉलर के मुक़ाबले रुपये को आप ने गिरा दिया। आप ने देश को अपने पांव पर खड़ा नहीं किया। आज इराक़ के क्राइसिस के चलते हुए भी, जहां तेल महंगा पड़ रहा है, अन्तरराष्ट्रीय क़ीमतें बढ़ गयीं हैं, उस हिसाब से डीज़ल का दाम चार रुपया बढ़ना चाहिए था, लेकिन हमारी सरकार ने डीज़ल का दाम एक रुपया भी नहीं बढ़ाया है, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने नहीं बढ़ाया है।

मित्रों, मैं यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इराक क्राइसिज़ में जहां हमारे लोग वहां पर फंसे हुए थे, बड़ी गंभीरता से उस विषय को भी हमारी सरकार ने लिया और भारतीय नागरिकों को बिलकुल सुरक्षित अगर भारत कोई लेकर आई है, तो मैं बधाई देना चाहता हूं मोदी जी की सरकार लेकर आई है।

आदरणीय सभापति जी, पैट्रोल को मार्केट के साथ लिंक कर दिया था तो कांग्रेस ने 2010 में कर दिया था। ऑयल मार्केटिंग कम्पनीज़ रेट तय करती है और जब डीजल की बात आती है तो आपके ही समय में किरीट पारिख जी की कमेटी ने यह सुझाव दिया था कि अगले 17 महीनों तक 50 पैसे प्रति माह डीजल के दाम बढ़ने चाहिए, जो पॉलिसी आपने बनाई, आज तक वही चल रही है। मिट्टी का तेल, हर व्यक्ति को सिलेंडर नहीं मिल पाता, इसलिए हमने एक रुपया भी मिट्टी के तेल में नहीं बढ़ाया। हमारी सरकार ने इसमें कोई दाम नहीं बढ़ाए। एलपीजी के सिलेंडर में, जो हर घर को जाना है, हमने उसमें भी एक रुपए की भी वृद्धि नहीं की। पैट्रोलियम सैक्टर में कोई वृद्धि नहीं हुई है। हमने कीमतों पर पूरी तरह से रोक लगाई है। उसके लिए मैं सरकार का बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं।

मित्रों, यहां बहुत बड़ी मात्रा में मेरे नये सहयोगी 315 से ज्यादा सदन में आए हैं। शायद 14वीं, 15वीं लोक सभा में क्या हुआ, उसका शायद आपको ज्यादा ज्ञात न हो। पूर्व रेल मंत्री जी भी हमारे साथ बैठे हैं। कांग्रेस ने बड़ा हल्ला किया, जिस दिन रेलवे का किराया बढ़ा। किराया किस ने बढ़ाया, आपकी सरकार थी, अंतरिम बजट आप लेकर आए। 11 फरवरी को आपके पूर्व रेल मंत्री जो ने प्रधान मंत्री जी से मुलाकात की कि रेलवे का घाटा प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है, हमें इसमें दाम बढ़ाने पड़ेंगे, इसको तुरंत लागू करना चाहिए। प्रधान मंत्री जी ने शायद यह सुझाव दिया कि आगे चुनाव आने वाले हैं, अरे भैय़ा, अभी छोड़ दो, पहली मई के बाद कर देना। दाम आप बढ़ा कर गए, रेलवे पर 15 प्रतिशत का बोझ आपकी सरकार के समय में पड़ा और आपने उस पर निर्णय लिया। उसका अगर अब लोगों को खामियाज़ा भुगतना पड़ता है तो उसको लेकर भी आप हल्ला करते हैं। हमारे रेलवे मंत्री जी ने...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Sir, I want to say something.… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Shri Thakur, are you yielding to him?

SHRI ANURAG SINGH THAKUR : He can speak later also. They could have raised it earlier.… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: You are referring to me directly.… (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** अंतरिम बजट आपने दिया था, खड़गे जी, आप अंतरिम बजट लेकर आए थे। …(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Referring to our Party, you can say it but you are directly pointing out at me with your fingers. That is why, I want to clarify.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** निश्चित तौर पर आपकी सरकार अंतरिम बजट लेकर आई थी। अगर उस समय में …(व्यवधान) ये कुछ कहना चाहते हैं, इन्होंने बढ़ाए।…(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Who told you to accept it? You could have refused the proposal. … (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** इसका मतलब ये मान गए हैं। खड़गे जी ने सभा में खड़े होकर माना है कि 15 प्रतिशत का इजाफा यही करके गए थे और देश के लोगों के ऊपर बोझ डाला। खड़गे जी, मैं यही बताना चाहता था कि आप सदन में खड़े होकर बताएं कि आपकी सरकार 15 प्रतिशत पैसा बढ़ा कर गई और आपने खड़े होकर यह माना है। यह देश के सामने सच्चाई आई है, आपने देश के लोगों के ऊपर बोझ डाला है। विभिन्न चीजों के दाम आप बढ़ा कर गए थे, रेलवे में आप बढ़ा कर गए थे। मैं आपका धन्यवाद करता हूं, आपने खड़े होकर देश के सामने सच्चाई मानी है कि आपने रेलवे के दाम बढ़ाए थे। लेकिन हमारे रेल मंत्री जी कल आए, उन्होंने कल एक प्रोग्रेसिव बजट दिया है। पांच वर्षों के बाद इस देश में बुलेट ट्रेन भी चलती नजर आएगी और रेल की रफ्तार भी बढ़ती नजर आएगी। मित्रों, मोदी जी की सरकार में वह नजर आएगी। यह हमने करके दिखाया है। यही नहीं पिछले 15 दिनों में कुछ ऐसा घट रहा है कि कांग्रेस आंदोलन करने की बात करती है। कहते हैं कि दिल्ली में बिजली नहीं आई। अरे, दिल्ली की यह परिस्थिति किस ने खड़ी कर दी। देश आपसे सवाल पूछता है कि दिल्ली में आपके सहयोगी गठबंधन दल आम आदमी पार्टी और आपने मिल कर सरकार चलाई। आपका हनीमून पीरियड भी अभी पूरा नहीं हो पाया था, उससे पहले-पहले आपका गठबंधन टूट गया। अब उसके लिए भी आप भाजपा को दोषी ठहराएंगे। गली-गली घूम रहे हैं, कहते

हैं कि भाजपा के लोग सरकार बनाना चाहते हैं। ये परिस्थितियां दिल्ली की आपने खड़ी कर दीं, दिल्ली को इस स्थिति में लाकर आपने खड़ा कर दिया है। जो लूट दिल्ली में मची, वह देश के सामने नजर आई है। दिल्ली के साथ-साथ राजस्थान में अभी तक आपकी सरकार थी और बिजली की आप बात करते हैं। 24 हजार मैगावाट गैस बैस्ड पावर प्रोजैक्ट्स इस देश में तैयार खड़े हैं, लेकिन गैस लिंकेज नहीं है। 25 हजार मैगावाट के थर्मल पावर प्रोजैक्ट्स इस देश में तैयार खड़े हैं, लेकिन कोल लिंकेज नहीं है। इस देश का जो बर्बाद आप लोग करके गये हैं, देश उसके लिए आपको कभी माफ नहीं करेगा। 50 हजार मैगावाट के पावर प्लाण्ट्स आपकी गलत नीतियों के कारण देश में ठप पड़े हैं, आपमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं थी, उसके कारण ठप पड़े हैं। एक ओर कोयला मिला नहीं और दूसरी ओर कोयला खदानों के घोटाले में दो लाख करोड़ रुपये का घोटाला किसी ने किया तो यू.पी.ए. की सरकार यहां से करके गई। क्या देश को आप जवाब नहीं देंगे?

**श्री आनंदराव अडसुल (अमरावती):** सभापति जी, मैं कांग्रेस के नेतागण और यूपीए के घटक दल के नेता का यहां अभिनंदन करना चाहता हूं और उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि उन्होंने आम आदमी के अहम मुद्दे महंगाई के ऊपर चर्चा करने की मांग की है और उस पर हमें भी बात करने का मौका दिया, इसलिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। सभापति जी, एक कहावत है - 'सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' या 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'। आपने यहां दस साल सत्ता संभाली। दस सालों में 3650 दिन होते हैं। यूपीए-2 में हमारे प्रधान मंत्री, जिन्हें हम अर्थशास्त्री भी कहते हैं, उन्होंने सौ दिनों में महंगाई कम करने का ऐलान किया था। लेकिन आखिरी यूपीए-2 के 1825 दिनों में वह महंगाई कम नहीं कर पाये। आज जब हमारी सरकार आई है, लगभग चालीस दिन हमने पार किये हैं, महंगाई जरूर बढ़ी है। लेकिन कितनी बढ़ी है, होलसेल कंज्यूमर के तहत .8 परसैन्ट बढ़ी है और एसेंशियल कमोडिटीज की 2.3 परसैन्ट बढ़ी है और इसके बढ़ने के कारण के बारे में हमारे वित्त मंत्री जी, श्री अरुण जेटली ने राज्य सभा में कहा है कि यह कांग्रेस के पाप का नतीजा है। It is nothing but a cumulative effect. हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि हम महंगाई को एक दिन में कम कर दें। लेकिन कीमत कम करने का ऐलान हमने जरूर किया है। प्रचार के दौरान एक प्रचारी मुद्दा जरूर था कि हम मंहगाई कम करेंगे। आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने लड़ाई लड़ी। यह मुद्दा छेड़ा and definitely we are bound to do it. कुछ सदस्यों ने आज यहां कुछ बातें उठाई हैं कि प्रदशों में उनकी सरकारें क्या-क्या नीतियां क्या चल रही हैं, जैसे तमिलनाडु हो, पश्चिम बंगाल हो आदि। हम एक बात बताना चाहते हैं। जब महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा की शिवशाही सरकार सन् 1995 से 1999 तक साढ़े चार साल तक रही, तब पहले ही दिन हमने ऐलान किया था कि जो भी एसेंशियल कमोडिटीज़ हैं, हम उनके दाम नहीं बढ़ाएंगे। गेहूं दो रूपये किलो देते थे। चावल तीन रूपये किलो देते थे। शक्कर, एडिबल ऑयल, जो ऐसेंशियल कमोडिटीज़ थीं, हमने उनके दाम फिक्स कर रखे थे। एक नीयत होनी चाहिए, एक मानसिकता होनी चाहिए। यूपीए सरकार ने यह मानसिकता भी नहीं रखी और नीयत भी नहीं रखी। इसलिए मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने ऐलान किया था कि कांग्रेस मुक्त भारत बनाना है। हम देख रहे हैं कि आज कांग्रेस के 44 सांसद बचे हैं। शायद अगले चुनाव में चार भी बचेंगे या नहीं ...(व्यवधान)। आपको पता चलेगा कि अच्छे दिन आ चुके हैं और जनता ने मान भी लिया है। रेल का भाड़ा बढ़ा है। हमारे अनुराग ठाकुर जी ने सही आंकड़ों के साथ एक कंपैरिज़न किया है। श्रद्धेय अटल जी के 6 साल के कार्यकाल का और यूपीए सरकार के दस साल के कार्यकाल का बहुत अच्छा कंपैरिजन सभा के सामने रखा है। ऐसा कोई मुद्दा भी नहीं रखा कि उसके ऊपर हम सत्ता पक्ष में बैठने वाले कोई बात करें। लेकिन समझने वाले के लिए इशारा काफी होता है। आज वे

समझने के काबिल हैं। ये यूपीए वाले सत्ता के आदी हैं, पर्टीक्युलरली कांग्रेस वाले। जैसे मछली पानी के बाहर आने के बाद तड़पती है, वैसे ये लोग सत्ता के बाहर आने के बाद तड़प रहे हैं। मंहगाई का पाप उन्होंने किया और मंहगाई के ऊपर चर्चा भी उन्होंने ही मांगी। उनको लगा कि हम कुछ 2 पर्सेंट, 0.8 पर्सेंट पर बात करें। ...(व्यवधान) अरे भई! जनता ने समझ कर मत दिया है, जनता परिवर्तन चाहती थी, जनता बहुत परेशान हुई थी। ...(व्यवधान) जब आपको बोलने का मौका मिलेगा तब आप जवाब दे सकती हैं, टोका-टोकी से क्या फायदा है? हम बोलते रहेंगे, बाकी लोग सुनते रहेंगे। हम जो बोल रहे हैं, सही बोल रहे हैं, आंकड़ों के साथ बोल रहे हैं, हकीकत की बात बोल रहे हैं। मैंने अभी बोला कि we are bound to our promises. हम मंहगाई कम करेंगे।

जिस दिन नरेंद्र मोदी जी ने शपथ ली, उन्होंने पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को बुलाया। यह एक पहला कदम था। दूसरे दिन पाकिस्तान के राष्ट्रपति के साथ बात की, कुछ अच्छे नतीजे निकले। यह काम करने का एक तरीका है। जैसे बोला जाए, वैसे चला जाए। मराठी में एक कहावत है कि "बोले जैसा चाले, उसकी वंदावी पावले"। जो जैसा बोलता है, वैसा जो काम करता है, उसको वंदन करना चाहिए। आज हम यह बताना चाहते हैं कि मंहगाई बढ़ी है। It is a little bit cumulative effect. वह कम करने के लिए हमारे वित्त मंत्री अरूण जेटली जी ने प्रधान मंत्री जी की गाइडेंस में कुछ स्टेप्स उठाएं। उसमें से कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूँ। प्याज़ और आलू के दाम रोकने के लिए ए.पी.एम.सी. के दायरे से उनको निकाल कर ऐसेंशियल कमोडीज़ डिक्लेयर कर दिया। खाली इतना ही नहीं किया, कॉमर्स विभाग को सूचना दी कि उसके दाम फिक्स करो, ताकि वे निर्यात न हों और हमारी जनता को कम दाम में मिले। यह ऐलान किया।

दूसरी बात, चावल के दाम रोकने के लिए फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया को सूचना दी है कि जो राज्य जितना चावल मांगे उतना उसे दे दो, जिससे चावल के दाम कम हो जाएं।

तीसरी बात, पल्सेज और एडिबल ऑयल आयात करने के लिए राज्यों को क्रेडिट फैसिलिटी बढ़ाकर दी है, जिससे आयात कम दाम में हो, हमारे कंज्यूमर्स को कम दाम में मिले। ऐसे ही कुछ और कदम उठाये गए हैं। जो मिल्क प्रोडक्ट्स निर्यात होते हैं, उसी के कारण दूध की कीमतें बढ़ती हैं, इसलिए

उन पर रोक लगाने के लिए जो इंसेंटिव दिया जाता था, उसे रोकने का ऐलान किया है। यह काम हमारी यूपीए सरकार भी कर सकती थी, लेकिन उसकी नीयत और मानसिकता नहीं थी। इसका नतीजा वे भुगत रहे हैं। आज उनके पास विपक्ष का नेता बनाने के लिए भी आंकड़ा पूरा नहीं है। ...(व्यवधान)

मैं आज यही ऐलान करना चाहता हूं, अभी हमें केवल 40-42 दिन ही हुए हैं, आने वाले कुछ दिनों में ही आपको नतीजा दिखायी देगा। अच्छे दिन आए हैं, आते रहेंगे।

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Sir, on behalf of the Telugu Desam Party and our Leader Shri Nara Chandrababu Naidu garu, I thank you for giving me this opportunity to talk about this very important and very sensitive topic of price rise.

It is the Government's responsibility to enable the aspirations of more than 1.3 billion people who all dream of only one thing. Whether they are poor or they are middle class or they are rich, everyone dreams of upward mobility. They want to be better off in life than their parents were and they want their children to be better off than they were. So, this is the aspiration that the Government needs to fulfil. However, the Rangarajan Report which is just released has shown that nearly one-third of our population is still below the poverty line. So, this section of society cannot be ignored. For this, we need all the social welfare schemes that will help this group of people. However, if we have to move people out of poverty, it can only be done by creating a strong economy, a high growth economy that allows them to pull themselves out of poverty.

The policies over the last ten years have only kept people in poverty and has not helped people to get out of poverty. As it has been mentioned earlier by the hon. Member from Himachal Pradesh, when the NDA-I Government first took over, the GDP growth rate was only 4.3 per cent and by the time they demitted office, they had raised it to 8.3 per cent. In the ten years of UPA-I and UPA-II they have gone from 8.3 per cent back down to less than five per cent. For the second time, the NDA has come into power with the economy growing at less than five per cent.

To eradicate poverty, our country needs to be growing at, at least seven to nine per cent. If we do not achieve a seven to nine per cent growth rate, we will not be eradicating poverty. We have to be growing on a sustainable basis. In my maiden speech, I had talked about China, I had talked about how we cannot follow all the policies of the Chinese Government. But there are definitely some things to learn from them. China has been growing at nine to ten per cent growth rate for more than 20 years and during this period, it has moved more than 300 million

people, 30 crore people out of poverty by bringing them into the organized sector both in manufacturing and service sector, away from the agriculture sector. During this period they have shifted that many people, and they have also been able to do this by investing in infrastructure and by developing the capability of its people through education and skill development.

Though it looked as if India was on the same path, the last five years have been extremely disappointing. UPA-2, for the sake of electoral gains, focused only on short-term relief measures and totally ignored the medium and long term performance of our economy; and, therefore, was only looking at keeping people in poverty with assistance rather than bringing people out of poverty through economic growth and job creation.

There has been some talk about rise in railway fares and freight rates. I just want to point out a few things in this regard. On the 6th of February 2014 the Railways proposed to increase fares by 10 per cent and freight rates by five per cent. With fuel adjustments it worked out to 14 per cent increase in passenger fares and six per cent increase in freight rates. On 11th February 2014, Dr. Manmohan Singh approved this; and it was decided to implement it by the first week of May 2014. All this government has done is to implement the decisions taken by the previous government in this regard.

On the issue of onions and potatoes, these are two of the most important commodities in any Indian kitchen and, therefore, it is very important to keep them under control. The NDA-1 had kept the onions and potatoes under the Essential Commodities Act from 1999 to 2004. The UPA-1, for whatever reason, had removed these from the Essential Commodities Act. Throughout the last ten years, the Telugu Desam Party, the BJP, the Left, and even UPA allies had been demanding that they be brought back under the Essential Commodities Act, but nothing was done. The result was that onions had gone up to nearly Rs.80 to Rs.100 per kg, and potatoes had gone up to nearly Rs.60 to Rs.70 per kg. Immediately after assuming office, this government has brought them back under

the Essential Commodities Act. And I am sure that with this Act the State Governments now have a weapon to fight the hoarders and the black-marketeers; and now nobody can store more than the prescribed quantity of these.

When the Telugu Desam Party was in power between 1994 and 2004, our Chief Minister Shri Nara Chandra babu Naidu Garu introduced the concept of Rythu Bazaars, also known as Farmers' Markets. This allowed the farmers to sell directly to the consumer by removing the middlemen. I think it is time for the whole country to adopt this type of practice as well.

I also wish to raise a major concern that is looming large in Andhra Pradesh as it is perhaps in many parts of the country. The deficit Southwest Monsoon due to the El Nino is going to hit the kharif production severely, and will result in food inflation if steps are not taken. The monsoon deficit in Andhra Pradesh is as much as 71 per cent so far this year. The top ten States which contribute more than 80 per cent of our food grains production are facing a 45 per cent deficit overall in rainfall. It will have a severe impact on food grains production. I request the Government to immediately take up alternative arrangements to rein in the inflation, to stop hoarding and black-marketing, to increase cold storage facilities to address future problems that this country is going to face.

The Constituency that I represent, Guntur District, has a rich agriculture belt that produces rice, chilli, tobacco, turmeric, cotton, maize and all types of fruits, vegetables and flowers. It is a very exciting area to be in but the farmers are suffering mainly because of lack of proper storage facilities and lack of cold chain. So, the wastage is huge in this country, and that everybody knows. So, I urge the Government to take this up on priority.

Thank you for giving me this opportunity.

DR. BOORA NARSAIAH GOUD (BHONGIR): Respected Sir, I am a first-time MP. I thank the TRS Chief and the present Chief Minister of Telangana, the new-born State, the 29th State of the Indian Union for giving me this opportunity. I respect and also expect all the Members to give a patient hearing because it is going to be my first speech in this august House.

At the outset, I would like to congratulate NDA, more particularly Shri Modiji for the massive mandate he has got. More than their expectations, without any allies, they have come to power on their own. After a long gap in Indian politics, that mandate was given to the NDA and particularly to Shri Modi as Prime Minister candidate for two reasons.

I wish to state from the manifesto of the BJP. Like the Preamble to the Constitution, in the preamble to the BJP manifesto the first line is: "Runaway food inflation has crippled household budget under the Congress-led UPA." The second line is: "Congress remained insensitive and indifferent tying itself in knots and misdirected steps." The third comment in the manifesto is: "The Committee of Chief Ministers under the leadership of Shri Narendra Modi in 2011 recommended certain steps which the UPA did not accept." इसी कारण से देश की जनता ने मोदी जी को गवर्न करने का चांस दिया है। That is the reason I expect Shri Modiji would be succeeding in his endeavour to alleviate the people's problems.

The first issue mentioned in the BJP manifesto is price rise. Nobody has raised it. The BJP itself in the manifesto has raised as the first issue the issue of price rise. It is a known fact that because the Congress has failed the people have chosen BJP. I do not think, we need to accuse each other. What we have to look forward is to listen to the problems of the people. The important thing in this country is that we have to listen to the problems faced by the common people, the poor and middle-class rather than accusing each other. That is what I wanted to mention.

I am a doctor by profession and I am a surgeon. My profession is referred to when some hard steps are taken by the Government. The statement made by the

Prime Minister and Shri Gowda the Railway Minister is that all the medicines are bitter. दवाई कड़वी होती है। But the results are expected to be sweeter. Unfortunately, here the medicines and results are bitter. That is what people do not expect. People are ready to swallow bitter medicines but they expect the results to be sweeter. But unfortunately the results are not sweeter. So, my request to the NDA Government is to make the results sweeter sooner than later.

The BJP Government has stated certain steps to curb price rise. The few steps mentioned in manifesto also include special courts to stop hoarding. Though it is too early to accuse the Government of inefficiency, it is not too early to stop the hoarding, so far in their own explanation, I have not found any steps towards this. No special courts so far have been established to stop hoarding. I request the NDA Government to take it up at the earliest.

When I look at hoarding, the next question is who hoards? Is it the private parties or government? In my view, both the Government as well as private parties are hoarders. The FCI has the largest number of godowns; and it also hoards! It does not release grains to the public when there is acute necessity. The Supreme Court has earlier commented on this, when the UPA Government was in power. It said that the Government was ready to allow the food-grains to rot rather than distribute to the public. I request them not to do it. In its election manifesto, it is mentioned that it would unbundled the FCI. I request it to unbundle the FCI at the earliest, before the people suffer further.

One thing that I do not understand is that in this country, both the farmers and the consumers suffer. But the price goes up and the farmers do not get the sufficient price for their produce. The consumer always gets them at a higher price than at the cost at which it was hold by farmer. So, where is the problem? The problem lies with the middlemen. We have to check the middlemen. Unless and until we check the middlemen – at the storage level, supply chain level and capacity building level – all the other measures would prove futile. I request the Government to take it up at the earliest. That is the most essential step to curb

inflation. … (*Interruptions*) Sir, please give me one more minute because it is my maiden speech.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude in one minute.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: In new Parliament, everybody has to make a maiden speech.

… (*Interruptions*)

DR. BOORA NARSAIAH GOUD : The increase in food prices is an issue which concerns the people of the country. In fact, one of the speakers said I have been listening to the words '*garibi hatao* since my childhood'. But poverty always remains; in fact, as long as poverty remains in this country, some political parties believe they always remain in power. Maybe, that is their policy; I never understood that. But now it is time that we change the system.

I do not understand this – we have goods, software and other things in the stock market. Why should we have pulses in the stock market? Why should we have food-grains in the stock market? Why should we have commodities in the stock market? When we have them in the stock market, the person hoards them officially; that is legal hoarding. Some Americans or stock broker hoard the commodities in the stock market. The public who wants to eat would not get it. So, the most important is that we have to take radical steps to control this legal hoarding. That is very essential.

What we see mostly is that the farmers are producing the products; but there are no proper storage facilities. In today's context, we have to see that there are storage facilities at the village level, at the *mandal* level, at the *taluka* level and at the city level so that we do not shift the food-grains from the village to the city and then, shift them back from the city to the village, by which we would unnecessarily increase the cost of food because of transportation.

Whatever measures that have so far been taken, they are going to increase the prices – be it the Railway Budget, be it the diesel prices, be it the petrol prices,

including the subsidy cut in the fertilizers because it is a vicious circle. They are going to increase the food inputs and production inputs. So, they are going to lead to price rise. They are going to increase inflation; they are not going to decrease inflation.

My request is that the Government, instead of uttering the words PPP for Public-Private Partnership, should utter the ‘other words’ PPP, that is, People’s Purchasing Power. It should increase the People’s Purchasing Power. My request to the hon. Prime Minister, Modi Ji, is this. People wanted a magic from him. They do not want him to give bitter pills. My request to him is that he should deliver by showing ‘Modi Magic’. I hope that he is going to deliver and we expect him to do it.

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): At the outset, on behalf of my Party President Shri Y.S. Jaganmohan Reddy Garu and on my own behalf I would like to thank the hon. Chairman for allowing me to speak on the issue of 'Price Rise of Essential Commodities'.

Today, even after 65 years of independent India the country is still suffering from hunger, poverty and malnutrition. The Prime Minister was pleased to categorically state that BJP Government is the Government for the poor. We appreciate the fact but unfortunately for the past few decades we have been talking about price rise but no proper steps have been taken till the present date.

The Prime Minister has declared that this is a Government for the poor. But I know even today many people are still living with one meal a day. The prices have risen so high that a common man is not able to have two meals a day. We know that one-fourth of the hunger-stricken people in the world today live in India. We are talking about e-service, internet, speed rails, many infrastructure projects but still we are not able to provide essential commodities to the people. The price rise of essential commodities is soaring high and prices are shooting to the sky. The common man is facing a number of difficulties due to this. A common man is looking towards the Government today to see how he will be able to live comfortably in his life. As a woman I know, any woman will be more bothered whether she will be able to manage her home with the small salary that she gets. Today the prices have increased, the standard of living has increased but the income that the people are getting has not risen to that effect.

In order to take proper steps I would request the Government to stop future trading of commodities. We have got a huge potential in our country and the supply is always matching the demand but due to huge exports the country has been allowing we are today facing scarcity in the commodities. Hence, if export is banned and import is encouraged the scarcity of such products will not be there. I would say that 25 essential commodities have to be taken into the ambit including wheat, sugar, cereals, edible oil, mustard seed, some spices, potatoes and onions.

Such food items have to be removed from the list of trading to control the price rise.

Secondly, rise of fuel price is the main reason behind the steep increase in prices of all the commodities. The rise in prices of petrol and diesel and gas is very fatal to the middle class family. The rise in these prices, I feel, brings about a further rise in all the other allied projects and also in the transport related services, like the Indian Railways, and this is where the middle-class family is affected.

Today, the Government is facing a lot of challenges. We agree that today the financial situation of the Government is not favourable but yet the common man is looking towards the Government with a lot of hope. They have given a very clear verdict to the Government and have deposed all the faith in the BJP and the Modi Sarkar hoping that their living standards will improve. Due to rise in inflation many industries have been shut down and a number of people have lost their jobs. The standard of living is going up day-by-day but the income of common man has not improved.

It is time we express our serious concern over the constant increase in the rate of inflation and the constant rise in the prices of essential commodities. We urge the Government to take effective steps to control the rise in prices of the essential commodities and thereby strengthen and universalize the Public Distribution System. I would also request the hon. Prime Minister, through the Speaker, to regulate the Public Distribution System of the States and in coordination with the State Governments provide essential commodities to the common man at reasonable prices so that the common man lives a happy and peaceful life.

**श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे मूल्य वृद्धि पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। लोक जनशक्ति पार्टी की ओर से, अपने आदरणीय नेता रामविलास पासवान जी की ओर से पहली बार हमें सदन में बोलने का अवसर मिला है और बड़ा ही गम्भीर विषय इस देश के सामने आज मूल्य वृद्धि का है। हमने अपने तमाम विद्वान साथियों को सुना, लेकिन जहां तक मैं समझता हूं कि आज जो सदन में मूल्य वृद्धि पर चर्चा हुई है, उसमें आरोप-प्रत्यारोपों का दौर अधिक रहा। हमारे सामने बैठे कांग्रेस के लोगों ने दस वर्षों तक शासन किया। 10 वर्षों के शासन काल में उनकी जो गलत नीतियां रही हैं, उनका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा है। उनकी नीतियां पार्टी के लिए अधिक रही हैं, वोट के लिए अधिक रही हैं, इस देश के लिए कम रही हैं और निश्चित रूप से उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा है। आज हमारे देश के लोगों का, खास करके जो गरीब वर्ग है, जो किसान हैं, उनके ऊपर मूल्य वृद्धि की मार न पड़े, इस दिशा में हमें उचित कदम उठाने चाहिए और सदन में इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार होना चाहिए।

हमारे तमाम विद्वान साथियों ने अपनी-अपनी राय व्यक्त की है कि कैसे हम गरीब लोगों को मूल्य वृद्धि से बचा सकें, कैसे हम उनको सुरक्षा दे सकें, इन तमाम विषयों पर बात हुई है। हम कहना चाहेंगे और आज धन्यवाद देते हैं कि कम से कम आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, आदरणीय रामविलास पासवान जी के नेतृत्व में आज 40 दिन सरकार को हुए हैं, 40-42 दिन सरकार के हुए हैं। जो इनके कदम उठ रहे हैं, उससे लगता है कि मूल्य वृद्धि रोकने में निश्चित ही यह सरकार कामयाब होगी।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में और चुनावी घोषणा-पत्र में लोगों से जो वायदा किया गया है, निश्चित रूप से मैं समझता हूं कि सरकार उसे पूरा करेगी और आपने देखा है कि सरकार ने 40 दिनों के अन्दर ही जो सरकार के कदम उठे हैं, वे निश्चित रूप से मूल्य वृद्धि रोकने की दिशा में उठे हैं। आज कुछ कारण हैं, हम लोग भी गांव के रहने वाले लोग हैं, हम समझते हैं कि इतने वर्षों की जो सरकार की नीतियां रही हैं, यदि गांवों में आज आलू के दाम बढ़ रहे हैं, उसकी चिन्ता हम लोग कर रहे हैं तो हमने देखा है कि हम लोग जहां गांवों में रहते हैं, वहां आलू का सही ढंग से रख-रखाव नहीं हो पाता है, प्याज का सही ढंग से रख-रखाव नहीं हो पाता है, टमाटर का रख-रखाव सही ढंग से नहीं हो पाता है, जिसके कारण सैंकड़ों ट्रक माल बर्बाद हो जाता है और किसान बर्बाद हो जाता है। अगर सही ढंग से भण्डारण की

भी व्यवस्था हमारे देश में हो जाये, गांव के इलाकों में हो जाये, शहरी इलाकों में हो जाये तो मैं समझता हूं कि हमारे यहां जितना आलू बर्बाद होता है, प्याज बर्बाद होता है, उसकी सही भण्डारण की व्यवस्था हो तो बहुत हद तक मूल्य नियंत्रित करने में हम कामयाब हो सकते हैं।

और भी तमाम चीजें हैं, जिन विषयों पर हम समझते हैं, आज तो हमें पहली बार अवसर एकाएक, अचानक मिला है, इसलिए बहुत ज्यादा आंकड़े इकट्ठा नहीं कर सके हैं, लेकिन मैं आदरणीय सभापति महोदय को धन्यवाद देता हूं कि हमें बोलने का अवसर दिया।

**श्रीमती सुप्रिया सुले (बारामती) :** सभापति महोदय, मैं मेरी पार्टी की तरफ से इस महंगाई की चर्चा में आज बोलने के लिए खड़ी हूं।

10 साल से इस देश में हमारी सरकार राज कर रही थी, जिसका उल्लेख बहुत बार मेरे बी.जे.पी. के सांसदों ने किया। यह बात सही है कि चर्चा बहुत बार हुई और तब भी हमारी सरकार महंगाई के बारे में संवेदनशील थी और आज इतनी समझ हम में जरूर है कि 40 दिन में आप कुछ मैजिक तो नहीं कर सकते, लेकिन उसकी तरफ आप कुछ करेंगे, उसकी अपेक्षा से मैं सरकार का धन्यवाद करती हूं कि आप पहले ही मान गये कि इस पर अच्छी चर्चा होनी चाहिए।

उस दिन मैंने जेटली जी का जवाब भी सुना, क्योंकि, वहां चर्चा पहले हुई थी। उसका उल्लेख मेरे भाई अनुराग जी ने भी आज यहां कहा कि यह महंगाई विरासत में आपको मिली है। शायद इसमें हमारी भी कोई गलतियां जरूर हुई होंगी, लेकिन हमारी विरासत सिर्फ महंगाई ही नहीं है। हमारी विरासत में 14 जून को माननीय प्रधानमंत्री जी ने आई.एन.एस. विक्रमादित्य, India's largest war ship का उद्घाटन उन्होंने किया, यह पहली बात है। हमारी विरासत में चार जुलाई को ऊधमपुर-कटरा जो 25 किलोमीटर की रेल लाइन है, उसका कमीशन हुआ। हमारी विरासत में कश्मीर में सेकेंड फेज ...(व्यवधान) आप मेरी बात सुन लीजिए। मैं कभी किसी को नहीं टोकती हूं। ...(व्यवधान) सुन तो लीजिए। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please do not disturb.

**श्रीमती सुप्रिया सुले :** हमारी विरासत में कश्मीर में सेकेंड फेज 240 यूरी हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का अभी उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया, 30 जून को 5 फॉरेन सेटेलाइट पीएसएलवी सी 23 फ्रॉम स्पेस सेंटर श्रीहरिकोटा, यह भी माननीय मंत्री जी ने किया। मुझे यह कहने में सबसे आनंद है कि इसका उद्घाटन जरूर आपने किया होगा, लेकिन उसका थोड़ा श्रेय माननीय मनमोहन सिंह जी और उनकी टीम को देना मेरे ख्याल से उचित होगा।

मैंने अरूण जी की बात सुनी। अरूण जी ने भी कहा, राधा मोहन जी ने भी कहा। उनके दो-तीन स्टेटमेंट हैं, जो मैंने पढ़े-सुने। उन्होंने कहा, we have sufficient foodgrain stock with the Government of India. With any kind of situation depending on where the food fall or deficit areas, if the situation arises, we are well-equipped to deal with it for the next two years. यह जो खाना है, यह एक महीने में नहीं हुआ है। यह दस साल की हमारी सरकार का काम है। यह विरासत आपके लिए छोड़ी हुयी मिली है। ...(व्यवधान) अगले साल आप और अच्छा करेंगे, इसी अपेक्षा से तो सबने आपको वोट दिया है और आपको हमारी शुभकामनायें हैं। यह विरासत है।

मैं मानती हूं, महंगाई बहुत कठिन है और हमारे लिए भी थी। मैं भी एक औरत हूं, घर चलाती हूं। मेरी मां है, सास है। जो व्यथा मुझे अभी भी याद है, जहां खड़गे जी बैठे हैं, सुषमा जी वहां से भाषण करती थीं। उन्होंने कहा, जो मेरे भाई अनुराग जी भी ने कहा, अडसुल जी ने भी कहा, बड़ी आंकड़ों की बात उनके भाषण में हो रही थी। मुझे सुषमा जी का एक यहां से किया हुआ भाषण आज भी मुझे याद है। वह बहुत बढ़िया बोलती थीं, उन्होंने कहा कि मैंने बहुत बार कहा है कि महंगाई से मर रहे व्यक्ति का पेट आंकड़ों से नहीं भरता, दानों से भरता है, लेकिन आप लोग बार-बार सामने आंकड़े प्रस्तावित करते हैं। आज तक वह आवाज मेरे कानों में गूंज रही थी, क्योंकि मुझे दुख हो रहा था, जरूर हम सरकार में थे, लेकिन जब महंगाई पर चर्चा होती थी, तो हमें कोई खुशी नहीं हो रही थी। हमें भी समझ है कि मतदान करके लोग हमें यहां भेजते हैं, जिम्मेदारी से हम लोग काम करते हैं। यहां हम विपक्ष में जरूर बैठे हैं। सिर्फ टोकाटाकी न करें। ...(व्यवधान)

यह जो महंगाई की व्यथा है, उसकी हम सबको चिन्ता है। आपको जो हमसे मदद की जरूरत लगेगी, हम देंगे। दस साल से हमने भी थोड़ा ही सही कुछ तो अच्छा काम किया होगा। आज प्याज और आलू पर बहुत ज्यादा चर्चा हुई है। उन्होंने कहा है कि there has been a record output. There is no shortage of this. यह अरूण जी का कहना है, यह मेरा कहना नहीं है, उन्होंने ऐसा हाउस में कहा है। मैं भी सोच रही थी कि इतना अच्छा प्याज और आलू हुआ है, वह यूपीए सरकार का ही अच्छा काम है। आपने भी तब बहुत साथ दिया था। लेकिन मुझे एक दिक्कत है ...(व्यवधान) Sir, I am not yielding. प्याज और आलू की एक दिक्कत, जिसके बारे में महताब जी ने कहा, अडसूल जी महाराष्ट्र से आते हैं, उनको भी पता है, पॉलिटिकली आज महाराष्ट्र में क्या हो रहा है, आलू और प्याज को आपने जरूर इसेंशियल कमोडिटी में डाला है, लेकिन महाराष्ट्र की जनता नहीं चाहती कि उसे इसेंशियल कमोडिटी में डालें। हम समझ सकते हैं कि आपने इसको प्राइस कंट्रोल करने के लिए डाला है। जरूर हम समझते हैं कि आप डालें, लेकिन जो एमईपी की बात सबने की, जो बात महताब जी ने भी की, वह सबसे जरूरी है कि आपने एमईपी जरूर बढ़ाया, मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस, लेकिन इसके कारण रिस्ट्रिक्शंस आयेंगे और नुकसान किसान का होगा। आम आदमी को इधर मिल जायेगा। जो बात महताब जी ने कही, वह भी सही है कि एक्सपोर्ट आलू और प्याज होता कितना है? एक दो टका ही एक्सपोर्ट होता है बाकी तो मार्केट में ही जाता है। जैदेव गल्ला जी ने भी कहा, लेकिन अभी वे हाउस में नहीं हैं कि अगर यहां आदमी रखे और सड़े, अगर आदमी रखे, किसान भी रखे, कितना होल्डिंग करेगा आलू और प्याज, वह सड़ जायेगा, सिर्फ होल्डिंग नहीं है, इसका डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम जो भी हमारे यहां रिकॉर्ड प्रोडक्शन हुआ है, 40 दिन में आज

ऐसा क्या हो गया कि आप इसका डिस्ट्रीब्यूशन नहीं कर सकते? इसेंशियल कमोडिटी में आप उसको जरूर रखें, लेकिन एमईपी के बारे में सरकार ने फिर एक बार, पासवान जी भी यहां बैठे हैं, इस पॉलिसी के बारे में आपको सोचना चाहिए। दूसरी दो-तीन छोटी-छोटी चीजें हैं, मैं आपका ज्यादा वक्त नहीं लूंगी, आपने आदेश दे दिया है। आज पासवान जी सामने बैठे हैं, इसलिए मैं बोलना चाहती हूं कि इथेनॉल के बारे में जो डिसीजन आपने लिया है, उस पर अमल नहीं हो रहा है। आप ने उस दिन भी राज्य सभा में क्लैरिफिकैशन दिया था। लेकिन आज इराक की जो पेट्रोल क्राइसिस है, उसके कारण दिक्कत होगी। आप एथनॉल के बारे में डिसिजन जल्द से जल्द ले लेंगे तो मेरे ख्याल से अभी ऑयल कंपनिओं को लैंडिंग के लिए जो दिक्कत हो रही है, उसमें पेट्रोल के भाव में आपको, सरकार को और आम आदमी को थोड़ा-सा दिलासा जरूर मिलेगा।

यहां पर खड़गे जी भी हैं। मैं दो बातें कहना चाहती हूं। ट्रेन का भाड़ा बढ़ाने के बारे में बहुत बात हुई। शिवसेना के जो लीडर उद्धव जी हैं उन्होंने महाराष्ट्र में बहुत अच्छा काम किया है। Two wrongs do not make a right. आप कह रहे थे कि खड़गे जी ने रेल भाड़ा बढ़ाया, उन्होंने रेल भाड़ा बढ़ाया नहीं बल्कि उन्होंने इसे रोका था और बोले कि इसे बाद में देखेंगे। तब यह हमारा डिसिजन नहीं था। आप समझ लीजिए कि यह हमारा डिसिजन था तो आप इसे रोक सकते थे। आपको किसने बोला कि नहीं इन्होंने इसे नहीं रोका है। जब शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस और कांग्रेस ने मुंबई में इसके खिलाफ आवाज उठाई, तब यह रोल बैक हुआ। उस वक्त ये हमारे साथ थे। मैं उनका आभारी हूं कि उस वक्त ये उनके साथ नहीं बल्कि हमारे साथ खड़े रहे। मुंबई में जो दिक्कत थी, उसमें आज बहुत रोल बैक हुआ है।

मैं केवल एक बात सिलेण्डर के बारे में कहना चाहती हूं जो सबके घर से संबंधित है। सिलेण्डर के बारे में भी बात हुई है, मुझे सिर्फ एक ही चिंता है कि आपके मंत्री जी ने कहा है कि वह तीन महीने के बाद सिलेण्डर के भाव के बारे में सोचेंगे। यहां पर हुड्डा जी बैठे हैं। महाराष्ट्र में चुनाव होने वाले हैं। क्या आप इसलिए रूके हुए हैं कि जब वहां चुनाव हो जाएंगे तो आप सिलेण्डर के भाव निर्धारित करेंगे। सर, ऐसा नहीं चलेगा। आपको बहुत विश्वास के साथ जनता ने चांस दिया है। मैनिफेस्टो की भी बहुत बात है लेकिन वक्त नहीं है, इसलिए मैं आपका ज्यादा वक्त नहीं लूंगी, लेकिन इस सरकार ने मैनिफेस्टो में जो बातें लिखी हैं उन पर सरकार जरूर अमल करे। प्राइस राइज कम करने के लिए, हमारे वरिष्ठ नेता यहां हैं और राज्य सभा में भी हैं। इंप्लिमेंटैशन में आपको जिस प्रकार मदद की जरूरत होगी वह जरूर मिलेगी। जब तब आम आदमी का सवाल है, हम विरोध नहीं करेंगे। हम आपके साथ ही काम करेंगे।

**श्री शैलेश कुमार (भागलपुर):** सभापति महोदय, मुझे आज महंगाई पर बोलने का मौका मिला है। महंगाई पूरे देश में एक जहर की तरह काम कर रहा है। महोदय, आप भी जानते हैं और हम लोग भी जानते हैं कि दवा से जल्दी जहर काम करता है। करीब साढ़े बारह बजे से इस हाउस में महंगाई पर जो चर्चा हो रही है, मैं उसको बहुत गौर से सुन रहा था। बहुत आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा था। भारत की महान जनता ने भाजपा के सदस्यों को पूरा मैन्डेट देने का काम किया है, वह आरोप-प्रत्यारोप करने के लिए नहीं दिया गया है। मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहूंगा कि जब सरकार स्पष्ट नीति और साफ नियत से जिस बिन्दु पर काम करना चाहेगी उसमें वह निश्चित रूप से सफल हो सकती है। लेकिन, मैं साढ़े बारह बजे से देख रहा हूं कि सरकार की जो नीति है, न तो हाउस में प्रधानमंत्री महोदय हैं, न फाइनैंस मिनिस्टर हाउस में हैं, बहुत सारे मंत्री महोदय यहां नहीं हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जो विपक्ष होता है, वह सरकार के लिए आईने का काम करता है। विपक्ष की बातों को, उसकी आलोचना को सुनना चाहिए, उसकी बात को गंभीरतापूर्वक सुन कर उसको निदान करने का काम करना चाहिए। लेकिन, जब हाँ पक्ष के महोदय को मौका मिलता है तो वे यू.पी.ए. सरकार की 10 साल की बातों को दोहराते हैं। देश की जनता ने आपको पूरा मैन्डेट दिया है।

आपने मैनिफेस्टो में महंगाई, भ्रष्टाचार या और जो भी बातें कही है, आपको उन्हें पालन करना होगा। इसके लिए आपको जनता ने मैन्डेट दिया है। मैं कहना चाहूंगा कि स्पष्ट नीति और साफ नियत रख कर अगर सरकार काम करना चाहे, जब हम एम.एल.ए. हुआ करते थे तो महंगाई हम लोगों ने भी देखा है। हम लोगों को उस समय लगता था कि अगर हम लोगों को मौका मिलेगा तो हम लोग भी इस तरह से काम कर सकते हैं। हम बहुत हद तक उसे दूर करने का प्रयास भी करते थे। अब आपको भी मौका मिला है। मैंने वह दिन भी देखा है जब महंगाई बढ़ती थी, प्याज के दाम बढ़ते थे तो भाजपा के माननीय सदस्य गले में प्याज लटकाकर सदन से लेकर सड़क तक जिस तरह प्रदर्शन किया करते थे, उससे हमें भी बहुत शर्म लगती थी। लेकिन आज फिर सब चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। फिर आप चुप क्यों हैं? अब कह रहे हैं कि हमें अभी दो महीने ही हुए हैं। दो महीने हुए हैं, यह सही बात है, लेकिन दो महीने में आप जिस नीति और नीयत से काम कर रहे हैं, हमें नहीं लगता कि आप महंगाई या किन्हीं अन्य चीजों पर रोक लगा सकते हैं। गांव घर में एक पुरानी कहावत है - जब घर में पुतोही आती है तो उसका पैयरा देखा जाता है कि पैयरा कैसा है। भाजपा की जो सरकार आई है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उसका महंगाई के लिए पैयरा ठीक नहीं है चाहे रेल के किरायों में वृद्धि ती बात हो या अन्य चीजों में वृद्धि की बात हो। चारों तरफ महंगाई का दौर है। इसलिए मैं उनसे स्पष्ट कहना चाहूंगा कि उन बिंदुओं पर विचार करना होगा क्योंकि

भारत एक कृषि प्रधान देश है। जब तक खाद्य सामग्री जो दिन-रात महंगी होती जा रही है, उसे चैक नहीं करेंगे तब तक महंगाई दूर नहीं कर सकते। खाद्य सामग्री में सब्जी, दूध, चावल, गेहूं की बात आए, सब चीजें कृषि से रिलेटेड हैं। खाद की कालाबाजारी हो रही है। जमाखोर लोग खाद जमा करके उसकी कालाबाजारी कर रहे हैं। कल ही मंत्री महोदय द्वारा कहा गया कि खाद में किसी प्रकार की कमी नहीं है। उसमें सब्सिडी है, लेकिन बाजार में जाकर देखिए, उसकी क्या स्थिति है।...(व्यवधान) हम लोग गांव से आते हैं। मैं किसान का बेटा हूं।

हम पहली बार जीतकर आए हैं। जब विधान सभा में रहते थे तो मैं लोक सभा की कार्यवाही देखा करता था और मन में एक टीस जगती थी कि हमें भी लोक सभा में बोलने का मौका मिलना चाहिए। आज जब बोलने का मौका मिला है तो आपके द्वारा घंटी बजाई जा रही है।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपको पांच मिनट का समय दिया है।

...(व्यवधान)

**श्री शैलेश कुमार :** मन में बहुत बातें थीं।...(व्यवधान) मैं उन पर बोलूं, रेल पर भी बोलूं। मैं कहना चाहूंगा, यहां गौड़ा साहब बैठे हुए हैं। मैं उन्हें सलाह देना चाहूंगा कि जिस तरह पिछले रेल मंत्री जी द्वारा बिना मूल्य वृद्धि किए, बिना भाड़ें में वृद्धि किए रेल को मुनाफा देने का काम किया, निश्चित रूप से आपको पूर्व रेल मंत्री माननीय लालू प्रसाद यादव जी के साथ बैठकर बात करनी चाहिए, उसके लिए विचार करना चाहिए कि आप उसमें किस तरह से मुनाफा करने का काम करेंगे। हल्ला करने से काम नहीं होगा। इस पर विचार करना होगा।...(व्यवधान) मैं कहना चाहूंगा कि हमारा क्षेत्र भागलपुर है जहां प्रचुर मात्रा में सब्जी होती है।...(व्यवधान) अगर आप एसी व्यवस्था के तहत वहां से दिल्ली या और जगहों पर सब्जी कम भाड़े में ला सकते हैं, तो हमें लगता है कि सब्जी में जितनी महंगाई है, हम उसे रोक सकते हैं।

जब नए सदस्यों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम चल रहा था, उसमें मैडम स्पीकर द्वारा ये बातें हमें समझाई गई थीं कि जब चेयर से बैठने की बात आए तो निश्चित रूप से बैठ जाना चाहिए। आपने हमें बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**16.00 hrs.**

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) :** माननीय सभापति जी, महंगाई के मुद्दे पर जो चर्चा हो रही है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात पांच मिनट में समाप्त कीजिए।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा :** माननीय सभापति जी, पंजाब सबसे ज्यादा अफैक्टेड है, इसलिए आप मुझे बोलने के लिए दस मिनट दे दीजिए।

**माननीय सभापति :** आप केवल पांच मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा :** माननीय सभापति, इस चर्चा में, मैं शिरोमणि अकाली दल की ओर से शामिल हो रहा हूं। जहां तक महंगाई के लिए तर्क दिया जा रहा है कि यह गॉडमेड है, मैनमेड है--जैसे डेफिसिट मानसून और अचानक इराक का मसला आ गया जिससे जमाखोरी बढ़ गयी, पैनिक क्रिएट हो गया। यह तर्क भी कुछ हद तक ठीक है। मैं समझता हूं कि इसे दूर करने के लिए सरकार ने तुरंत प्रदेश सरकारों को साथ लेकर जो कदम उठाये हैं, यही हो सकता था। मैं समझता हूं कि वे कार्य कर रहे हैं मगर इसके मूल कारणों को जानने की जरूरत है, जिन्हें मैं यहां चर्चा में लाना चाहता हूं।

**16.01 hrs.**

(Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

माननीय सभापति जी, जो मूल कारण मुझे नजर आ रहा है, वह यह है कि पिछली सरकार ने इस सरकार को जो विरासत में दिया है, वह देश का विकास मॉडल है। इस देश में जो विकास मॉडल रहा, वह चिन्ता की बात है। वह प्रॉफिट मोटिव है, पूंजीपतियों को पालता है, बिचौलियों को पालता है। इससे महंगाई बढ़ती है। इसके लिए मैं दो-तीन उदाहरण देना चाहता हूं। पहली बात, आप देखिए कि हमारे देश की जो फीनिश्ड गुड्स हैं, उसमें जो सहायक वस्तुएं काम में आती हैं, उन्हें इस देश में उद्योग के रूप में विकसित कर दिया गया--जैसे फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड्स आदि हैं। ऐसी वस्तुओं से प्रॉफिट उठाकर विदेशी पूंजीपतियों ने यहां रॉयल्टी के नाम पर करोड़ों रुपये कमा लिये और वह पूंजी विदेशों में ले गये। इससे स्वदेशी पूंजी को चोट आयी और हमारे देश में आम लोगों की आर्थिक स्थिति है, जो धन, सम्पत्ति, रिसोर्सेज हैं, वे दस परसेंट लोगों के पास ही चले गये। आज अमीर-अमीर हो रहा है और गरीब-गरीब हो रहा है। जब तक हम इस विकास मॉडल को चेंज नहीं करेंगे तब तक कोई उपाय काम में नहीं आयेगा।

माननीय सभापति, हम गेहूं को 280 रुपये से 290 रुपये पर टन डालर एक्सपोर्ट करते हैं जबकि यहां उसकी फ्लोर कीमत 310 रुपये पर डालर है, क्योंकि यहां लागतें बहुत बढ़ रही हैं इसलिए उन्हें रोकना होगा। इसी तरह गैस की बात है। पेट्रोलियम और पावर मिनिस्ट्री ने जोर देकर कहा कि गैस की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए, मगर उस समय की सरकार ने उसकी कीमतें बढ़ाईं। वर्ष 2004-05 में गैस की कीमत 2.4 प्रति डालर थी, वह आज बढ़कर 12.3 डालर हो गयी। सीएजी ने जो रिपोर्ट दी है, उसमें उसने तेल कम्पनियों का लाभ 50 हजार करोड़ रुपया बताया है। तेल कम्पनियां लाभ उठा रही हैं और सरकार उनके दाम बढ़ा रही है। इसे क्यों नहीं रोका गया? ऐसे टैक्स लगाये गये, जैसे डीजल की कीमत 40 परसेंट है, जबकि उसके ऊपर 60 परसेंट टैक्स लगाये जाते हैं जैसे कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, वैट वगैरह। इसलिए महंगाई को रोकने के लिए हमारी सरकार ने जो नया विकास मॉडल दिया है, उससे कास्ट ऑफ प्रोडक्शन कम होगी। मैं समझता हूं कि सरदार प्रकाश सिंह बादल का जो मॉडल है, उसे एडॉप्ट करने की जरूरत है। अब बादल सरकार ने क्या किया? बादल सरकार ने प्रोड्यूसर्स को भी प्रोटेक्ट किया और कन्ज्यूमर्स को भी प्रोटेक्ट किया। वहां किसानों को बिजली फ्री दी। देश में पंजाब ही ऐसा प्रदेश है, जो किसानों को मुफ्त में बिजली देता है। कन्ज्यूमर्स, जो गरीब लोग हैं, उनको देश में सबसे पहले आटा, दाल सस्ती दे रहा है। आप 60 वर्षों बाद फूड प्रोटेक्शन बिल लेकर आये, लेकिन हम पहले से ही गरीब लोगों को आटा दाल सस्ते दामों पर दे रहे हैं। जहां देश में 16 रुपये किलो गेहूं का आटा था, वहां हमने गरीब लोगों को 4 रुपये किलो में दिया। दाल 100 रुपये किलो थी जबकि हमने 20 रुपये किलो में दी। इसलिए कन्ज्यूमर्स को भी बचाने की जरूरत है और प्रोड्यूसर्स को भी प्रोटेक्ट करने की जरूरत है।

माननीय सभापति जी, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जब यह बहस शुरू की, तब मुझे बहुत आश्चर्य हो रहा था। अभी कैप्टन अमरिंदर सिंह यहां नहीं हैं। हम तो सोच रहे थे कि पता नहीं क्या कहेंगे? वे तीन दिन से यह चर्चा लाने की बात कर रहे थे। जैसे एक कहावत है -- खोदा पहाड़, निकली चुहिया। उन्होंने बहुत चर्चा की, लेकिन केवल आलू की बात की। माननीय अनुराग जी कह रहे थे कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि महाराजा को सब्जी की क्या चिन्ता हुई? मैं बताना चाहता हूं कि यह आलू बहुत खाते हैं इसलिए उन्हें आलू की चिन्ता है। उन्हें कपड़े की चिन्ता नहीं, मकान की चिन्ता नहीं। लोगों को जूते नहीं मिलते, दवाई नहीं मिलती। उसकी कोई चिन्ता नहीं की। आलू की चिन्ता आ गयी। उन्होंने अपनी बात कही कि जब वे कृषि मंत्री थे, तो किसानों ने आलू सड़कों पर फेंका। उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें किसानों ने घेर लिया था। किसानों ने उन्हें घेरकर माफी माँगने को मज़बूर कर दिया था। तो इसलिए यह नया विकास मॉडल देश में जब तक नहीं आएगा, जिससे कृषि की भी प्रोटेक्शन हो और प्रोड्यूसर्स की भी प्रोटेक्शन हो। यह जब तक कंज्यूमर्स और प्रोड्यूसर्स के लिए नहीं बनेगा, उस समय तक, मैं समझता हूं कि देश में जो भी स्कीमें

बनायी जाएंगी, वे कभी सफल नहीं हो पाएंगी। जिन कामों को इमिडिएट रोकने की जरूरत थी, उसे तो सरकार ने लिये हैं और उनकी मैं प्रशंसा भी करता हूं, मगर लंबे समय के लिए जैसे सिंचाई योजनाएं हैं, क्योंकि पंजाब में 49 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर करते हैं, मगर जी.डी.पी. में उसका शेयर केवल 12 प्रतिशत ही रह गया है। सर्विस सेक्टर में 27 प्रतिशत है, लेकिन जी.डी.पी. में उसका शेयर पाँच प्रतिशत ही रह गया है। कीमतें तो बढ़ेंगी। इसलिए जिस क्षेत्र पर ज्यादा लोग निर्भर करते हैं, हमें उनको कैसे प्रोटेक्ट करना है, उसके लिए नीतियाँ हैं, मुझे इस बात की खुशी है। कुछ बातें हमें नज़र आ रही हैं। जैसे माननीय राष्ट्रपति जी के भाषण में आज की सरकार ने जो संकेत दिये हैं, जैसे प्रधानमंत्री सिंचाई योजना आ रही है, उसमें पानी को संभालने की बात आ रही है, उससे कृषि के क्षेत्र में कम खर्च होगा। जब कम खर्च होगा, तो मैं समझता हूं कि कीमतें कम हो पाएंगी। इसी तरह नयी सरकार और जो नयी स्कीमें ला रही हैं, तो लंबे समय में मैं समझता हूं, हमें आशा है कि वे इस महंगाई को रोकने में सफल होंगे। मैं शिरोमणी अकाली दल की ओर से आपका धन्यवाद करता हूँ।

**श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) :** नियम 193 के तहत इस देश के अंदर बढ़ती कीमतों पर, इस चर्चा में आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं अपनी पार्टी, समाजवादी पार्टी की ओर से कुछ विचार आपके सामने रखना चाहता हूँ। सभापति महोदय, पिछले 10 वर्षों से, इस सदन में मेरा यह तीसरा कार्यकाल है। शायद ही ऐसा कोई सत्र होगा, जिस सत्र में महँगाई पर चर्चा न हुई हो। चाहे वह यूपीए की सरकार रही हो या आज एनडीए की सरकार हो। जो तर्क उस समय यूपीए की सरकार की ओर से दिये जा रहे थे, वही तर्क आज एनडीए की सरकार भी दे रही है। हमें बड़ी उम्मीद थी, क्योंकि देश की जनता के सामने इतने उच्च आदर्श प्रस्तुत किये गये, जैसे कि पूरे-के-पूरे देश के अंदर कोई समस्या ही नहीं रह जाएगी। पूरा देश समस्यामुक्त हो जाएगा। अच्छे दिन आने वाले हैं, मोदी जी आने वाले हैं। जनता गुमराह हो गयी, मोदी जी आ भी गये। हम यही उम्मीद लगाये थे कि शायद मोदी जी आएंगे, तो कुछ समस्याओं का निराकरण करेंगे। लेकिन आज जब मोदी जी आए, तो जहाँ चुनावी वायदे में उन्होंने महँगाई खत्म करने को महत्त्वपूर्ण मुद्दा बनाया था, वहीं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा आठ में सबसे पहले कहा कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि महँगाई को हम कम करेंगे। लेकिन वाह मोदी जी की सरकार, महामहिम जी के श्रीमुख से भी गलत बातें कहलवायीं। जहाँ एक ओर महामहिम के अभिभाषण में आपने ये बातें कहलवायीं, ...(व्यवधान) सुनिए, हमने सुना है, आप भी सुनिए। ...(व्यवधान) महामहिम के अभिभाषण में आपने ये बातें महामहिम से कहलवायीं, वहीं दूसरी ओर, सभापति महोदय मैंने कोई असंसदीय शब्द इस्तेमाल नहीं किया, यदि कोई शब्द हो, तो उसे कार्यवाही से निकाल दीजिएगा।

सभापति महोदय, महामहिम से कहलवाया कि हम महँगाई को कम करेंगे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उसके तुरंत बाद रेल का किराया 14 फीसदी बढ़ा दिया जाता है। जो मैं समझता हूं कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में इतना किराया कभी नहीं बढ़ाया गया होगा, जो रेल का किराया वर्तमान एनडीए सरकार ने, मोदी जी की सरकार ने बढ़ाया है। आप बातें करते हैं कि अच्छे दिन लाएंगे। हम इस नारे को इस रूप में कहें, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि मोदी जी आये हैं, महँगाई लेकर आये हैं।

सभापति महोदय, मैं इस मौके पर कहना चाहता हूं कि रेल का किराया आपने बढ़ा दिया, जितने भी पेट्रोलियम पदार्थ हैं, उस पर भी दाम बढ़ा दिये गये, एल.पी.जी. सिलेंडर पर आपने 16 रुपए बढ़ा दिये, चीनी के दाम बढ़ा दिये, चीनी पर आपने इमपोर्ट ड्यूटी बढ़ा दी, चीनी आपके यहाँ महंगी हो गयी, जो हमारी जरूरत की चीजें हैं चाहे वह आलू हो, प्याज हो, ...(व्यवधान) मैं सुप्रिया जी से सहमत हूं, जिन्होंने कहा कि हमारे स्टॉक में कोई कमी नहीं है।

आपके कृषि मंत्री जी ने भी कहा कि हमारे स्टॉक में कोई कमी नहीं है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि जब स्टॉक में कोई कमी नहीं है, तो फिर महंगाई क्यों बढ़ रही है? अगर महंगाई बढ़ रही है, तो मेरा निश्चित मत है कि निश्चित रूप से यह इस सरकार का कुप्रबंधन है या जो तमाम बिचौलिए, कालाबाजारी करने वाले और वायदा बाजार चलाने वाले लोग हैं, उनको पूरा संरक्षण इस सरकार से मिला हुआ है, अन्यथा कोई कारण नहीं है जिसकी वजह से महंगाई बढ़ती। भाई अनुराग ठाकुर जी से हम उम्मीद कर रहे थे कि कुछ सुझाव देंगे, कुछ अच्छी बातें कहेंगे जो यह सरकार करने जा रही है, लेकिन हमें बड़ा अफसोस होता है कि केवल यूपीए सरकार और एनडीए सरकार के आंकड़ों के अलावा आपने कुछ नहीं दिया है। उन्होंने गलतियां की होंगी, इसीलिए शायद आज वहां बैठे हुए हैं, लेकिन अगर वही गलतियां आप भी करेंगे, तो आने वाले वर्ष 2019 में आप भी वहीं बैठे दिखाई देंगे, इस बात का ध्यान रखिए। अगर उनकी बातों का आप अनुसरण कर रहे हैं, तो जनता वही रिजल्ट आपके साथ भी देगी, मुझे इस बात को कहने में कोई शंका नहीं है।

सभापति महोदय, इस सरकार से मेरे कुछ सवालात हैं। जहां तक मुद्रास्फीति की बात है, 6.1 फीसदी दर, जो मैं समझता हूं कि अब तक की सबसे ज्यादा मुद्रास्फीति वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बढ़ी है। उसको कंट्रोल करने के लिए आप क्या कर रहे हैं? आप बहुत अनुभवी मंत्री हैं, शायद मेरे जन्म से पहले आप इस सदन में आ चुके थे, बहुत वरिष्ठ मंत्री हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि आप इन सवालों का जवाब सदन में देंगे। चीनी के लिए आयात दर आपने बढ़ा दी।...(व्यवधान) मैं समझता हूं कि हर बात का ठीकरा पुरानी सरकार के ऊपर फोड़ना कहीं न कहीं देश की जनता को गुमराह करना है। मेरा एक सवाल है सरकार से और एनडीए के साथियों से कि जब आप चुनाव के समय देश भर में घूम-घूमकर झूठे वादे कर रहे थे, क्या उस समय आप लोगों को आंकड़ों का अंदाज नहीं था। क्या उस समय देश के खजाने का आपको अंदाजा नहीं था? क्या आप इतने नासमझ थे, क्या आप इतने गैर-जानकार थे कि आपको यूपीए सरकार और देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविक जानकारी नहीं थी? अगर जानकारी थी, तो आप देश की जनता को क्यों गुमराह करने में लगे थे, यह सवाल आज सदन में खड़े होकर मैं ही नहीं कर रहा हूं, बल्कि पूरे देश के नागरिक आपसे यह सवाल पूछ रहे हैं। अभी आप गिना रहे हैं कि तीस दिन हुए हैं, चालीस दिन हुए हैं, इतना कम समय हुआ है, मैं पूछना चाहता हूं कि इस समय में आपने क्या किया है? आपने राज्य सरकारों की बैठक बुला ली। राज्य सरकारों में एनडीए द्वारा शासित राज्यों के प्रतिनिधि भी आए होंगे, दिल्ली में भी केंद्रशासित होने के नाते आप राज कर रहे हैं। दिल्ली में महंगाई रोकने के लिए आपने क्या किया है? जब दिल्ली में आप नहीं कर पाए, एनडीए शासित राज्यों में नहीं कर पाए, तो इस महंगाई का ठीकर अन्य दलों की राज्य सरकारों पर क्यों फोड़ना चाहते हैं? क्या करके दिखा दिया एनडीए की सरकारों

ने? मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी जब जवाब दें, तो बताएं कि आपने क्या किया है। दिल्ली से लेकर अन्य तमाम राज्यों में जहां भाजपा से लेकर अन्य एनडीए दल राज कर रहे हैं, वहां आपने क्या करके दिखा दिया है? जब नहीं कर पाए हैं, तो राज्य सरकारों पर ठीकरा फोड़ना और इस तरह की बहानेबाजी करना बंद करिए। आपने बैठकें की हैं, मीडिया में बहुत आया है। चुनाव के दौरान बहुत ज्यादा आया, अब जरूर मीडिया ने कुछ सच्चाई लिखना शुरू किया है। चुनाव में सब कुछ वही लिखा जा रहा था, जो आप कह रहे थे। मैं सहमत हूं कि बहुत सी सरकारें काम कर रही हैं, उत्तर प्रदेश की सरकार ने पूरी तरह से सिंचाई को मुक्त कर दिया है।...(व्यवधान) पूरी सिंचाई मुक्त कर दी। ...(व्यवधान) आप लोग ज्यादा घमण्ड में न रहें। वर्ष 1984 में आपकी संख्या दो थी, हम तो पांच हैं। हमने आपसे भी लड़ा है और उनसे भी लड़ा है। हम आने वाले समय में फिर लड़ेंगे। आप घमण्ड में न रहें, आपका ग्राफ गिरने लगा है। हम लोग चिंता नहीं करते। हम समाजवादी लोगों ने बहुत कुछ झेला है, कांग्रेस की लहरों को झेला है और भाजपा की लहरों को भी झेला है और हम दोबारा संघर्ष करके फिर इस सदन में मजबूती के साथ आएंगे। मैं अपनी सरकार की, अपनी पार्टी की नीतियों पर और अपने नेतृत्व के विश्वास पर यह कहना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी से आखिर में मेरा निवदेन है कि केवल आंकड़े न दें, बहानेबाजी न करें, जनता ने बहुत समर्थन दिया है। उसका सम्मान करके आप महंगाई को कम करने के लिए क्या कर रहे हैं, इस बात का जवाब दीजिए।

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) :** सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया। चर्चा चल रही है और सभी साथी अपनी-अपनी बातें रख रहे हैं। यह सवाल भी खड़ा होता है कि किस पृष्ठभूमि में यह चर्चा हो रही है। पृष्ठभूमि चुनाव का एक नतीजा भी है। बहुत बड़ा बहुमत सत्ता पक्ष को मिला है। मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि देश सर्वोपरि है, पार्टी, प्रांत और सब बातें बाद में आती हैं। जो बहुमत सत्ता पक्ष को मिला है, उस बहुमत के आधार पर देश के हक में कुछ फैसले लिए जाते हैं, सकारात्मक फैसले लिए जाते हैं, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए, महंगाई पर काबू पाने के लिए। हमारी पार्टी इसके लिए साथ देने को भी तैयार है, हम पीछे नहीं हटेंगे। ...(व्यवधान)

अभी तो शुरूआत हुई है, जैसा मैंने पूर्व में कहा कि बहुमत के आधार पर फैसले लिए जाते हैं, तो उस तरफ से हंसी सुनाई दी। मैं कहना चाहता हूं कि आप जो देश हित में फैसले लेंगे, हम उसमें साथ देंगे। मगर जो घमंड में जैसे सदन की कार्यवाही का हाल दो दिन से देखने को मिल रहा है, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सांसदों के साथ जैसा व्यवहार किया जा रहा है, वह ठीक नहीं है। हमारे बारे में भी कहा जा रहा है। कोई कह रहा है कि अभी तो कांग्रेस पार्टी को 44 सीट्स आई हैं, आगे ये घटकर चार पर आ जाएंगे। इसलिए बहुमत के घमंड में अगर आप सरकार चलाएंगे, तो मैं समझता हूं जो जनादेश आपको मिला है, वह बहुमत घमंड में सरकार चलाने को नहीं मिला है।

यही दरवाजे हैं, यही संसद है, यही कालीन है, इसने 67 साल में काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। यहीं पर आजादी के संघर्ष के समय भगत सिंह जी ने बम फेंका था। इसलिए काफी उतार-चढ़ाव इस संसद ने देखे हैं। इस सदन में बैठे सब सदस्य जानते हैं कि हार-जीत किसी भी राजनीतिक दल के इतिहास में ऐसा नहीं है कि हार ही हार मिली है या जीत ही जीत मिली है। हार में आत्म मंथन होना चाहिए और आपसे ज्यादा हमें चिंता है। जीत में भी संयम होना चाहिए और जितनी बड़ी जीत हो उतनी ही बड़ी विनम्रता होनी चाहिए, यह भी आपकी जिम्मेदारी बनती है। लोगों ने आपको देश चलाने का बहुमत दिया है। लोगों की समस्याएं सुलझाने के लिए आपको जनादेश मिला है, लेकिन बहुमत के घमंड में दूसरों का मज़ाक उड़ाने का जनादेश आपको नहीं मिला है।

महंगाई की बात आई, सही बात है आपको बहुमत मिलने का एक बड़ा कारण महंगाई भी थी। चुनाव के दौरान बड़े-बड़े नारे लगे - अच्छे दिन आने वाले हैं, महंगाई देश को छोड़ कर जाने वाली है तथा बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार। इसके अलावा एक और नारा लगाया जाता था कि बीजेपी का पहला काम, लगेगी महंगाई पर लगाम। दो महीने हो गए इस सरकार को बने और देखें कि क्या

स्थिति है। रेल किराया बढ़ाया गया, आदरणीय रेल मंत्री यहां मौजूद हैं, उन्होंने सत्र के पहले ही 14.2 प्रतिशत रेल किराया बढ़ा दिया। इसके अलावा डीजल के दाम बढ़ा दिए, पेट्रोल के दामों में भी करीब दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। इन सबके अलावा प्याज, आलू, सब्जी, चीनी, दूध और दालों के दाम भी बढ़ गए। मैंने शायद पहली बार इतिहास में यह देखा है कि संसद के पहले ही सत्र में किसी नई सरकार को महंगाई पर चर्चा करानी पड़ी हो। इसका क्या कारण है? बीजेपी का पहला काम, लगेगी महंगाई पर लगाम, लेकिन हो यह रहा है कि पहले काम की करो छुट्टी, लोगों को पिलाओ महंगाई की घुट्टी। आपने शुरूआत अच्छी नहीं की है, ये संकेत अच्छे नहीं हैं। एक के बाद एक फैसले आ रहे हैं, मगर एक बात कही गई कि हां, महंगाई बढ़ी है।

अनुराग जी हमारे प्रतिभाशाली मित्र हैं। उन्होंने अपनी दलील में अच्छी बात रखी और अपनी पार्टी का दृष्टिकोण रखा। मैं देख रहा हूं कि वह कभी वी.के. सिंह जी के साथ बैठते हैं और अभी कृष्ण पाल सिंह जी के साथ बैठे हैं। मैं समझता हूं कि आज की उनकी इस दलील के बाद उन्हें सरकार स्थाई रूप से यहां बैठा दे तो सही रहेगा। आपने कहा कि विरासत में हमारी सरकार को बहुत सी समस्याएं मिली हैं। मैं मानता हूं और हमें इस बात को स्वीकार करने में कोई एतराज नहीं है। अगर कहीं कोई कमजोर व्यवस्था आपको मिली है तो उस बात की जिम्मेदारी हम स्वीकार करने से पीछे नहीं हटेंगे। लेकिन यह भी सच है कि संतुलित बात होनी चाहिए, कुछ समस्याएं भी आपको मिली होंगी। अभी सुप्रिया जी ने सही कहा कि जब आईएनएस विक्रमादित्य के बारे में वाहवाही लूटने की बात आई, तो उससे आपको कोई परहेज नहीं। जब सैटलाइट लॉन्च करने पर वाही-वाही लूटने की बात आई, तो उससे आपको कोई परहेज नहीं, जब जम्मू-कटरा रेल-लाइन पर वाही-वाही लूटने की बात आई तो उससे भी आपको कोई परहेज नहीं, मगर कोई कमी हो तो उसे हम पर मढ़ने का काम करते हैं। अनुराग जी ने प्रश्न किया था कि हम खजाना खाली छोड़कर गये हैं तो तथ्यों पर मैं बात करना चाहता हूं। तथ्य यह है कि 01 जून 2014 को जो केश-बैलेंस है जिसे रिजर्व बैंक आंकलन करती है वह 26500 करोड़ रुपये का था और तथ्य यह भी है कि 01 जून 2004 को जो यूपीए-1 की सरकार आई थी उस समय 2730 करोड़ रुपये का नैगेटिव कैश-बैलेंस आप छोड़कर गये थे। मैं तथ्यों का जवाब दे रहा हूं। सच यह भी है कि विदेशी मुद्रा भंडार जो आप हमारे लिए छोड़कर गये वह 113 बिलियन यूएस डॉलर था और जो हम आपके लिए छोड़कर गये हैं वह 304 बिलियन यूएस डॉलर का है।

बिजली के दाम बढ़ाने की बात आई है तो सच यह है कि वर्ष 2004 के अंदर 1 लाख 12 हजार मैगावाट बिजली की उत्पादन क्षमता इस देश में थी और वर्ष 2014 के अंदर 2 लाख 34 हजार मैगावाट

बिजली की उत्पादन क्षमता यानी दोगुनी थी। इतने कम समय में दोगुनी उत्पादन क्षमता इस देश में नहीं हुई, यह मैं कहना चाहता हूं।

अभी खाद्य पदार्थों की महंगाई की बात आई। सच यह है कि अभी आपके कृषि मंत्री जी ने जवाब दिया है कि रिकार्ड उत्पादन इस वर्ष हुआ है। रिकार्ड उत्पादन का क्या अर्थ है? आप लोगों ने जवाब दिया है कि 263 मिलियन टन इस साल की प्रोडक्शन हुई है। खाद्यान्नों के भंडार में 34.4 मिलियन टन गेहूं का भंडार और 28.4 मिलियन टन चावल का भंडार है। आपके मंत्री जी ने जवाब दिया है कि आने वाले समय के लिए खाद्यान्न की कोई समस्या नहीं है इतना कृषि उत्पादन इस देश में हुआ है। ऐसी व्यवस्था हम आपके लिए छोड़कर जा रहे हैं। कमियों की जिम्मेदारी हम ले रहे हैं। दुष्यंत जी आप बार-बार बीच में बोल रहे हैं, मैं भाजपा वालों से कहना चाहता हूं कि ये आपको समर्थन देना चाह रहे हैं आप क्यों नहीं ले रहे हैं, इनके पेट में दर्द है इनसे समर्थन ले लीजिए। चौटाला साहब से समर्थन ले लीजिए, नहीं तो ये यहां पर भाजपा के लिए नारे लगा-लगाकर सदन की कार्यवाही यूं ही ठप्प करने की ओर बढ़ते रहेंगे।

बात आई कि इतनी तेजी से महंगाई क्यूं बढ़ी और इसका कारण क्या है? मूल कारण कई हो सकते हैं लेकिन एक मूल कारण मैं बताना चाहता हूं। अभी 26 मई को नासिक के अंदर प्याज 925 रुपये क्विंटल के अंदर बिक रहा था जो बढ़कर 1850 रुपये क्विंटल हो गया यानी दोगुना हो गया। किसान को 18 रुपये किलो का भाव मिल रहा था और वहीं ग्राहक को 36 रुपये कहीं 40 रुपये किलो के भाव से खरीदना पड़ रहा था। आदरणीय वित्त मंत्री जी की बुद्धिमत्ता के हम सब मुरीद हैं उन्होंने राज्य सभा में कहा कि जो मध्यस्थ लोग हैं, बिचौलिये हैं उन्हें हम काबू करने का प्रयास कर रहे हैं। ये जो मध्यस्थ लोग हैं, बिचौलिये हैं इनका लाभ इन पांच हफ्तों में बढ़ गया है, यही महंगाई का मूल कारण है। इनका लाभ इन पांच हफ्तों में 9 रुपये किलो से बढ़कर 18 रुपये किलो हो गया यानी जितना किसान को मिल रहा है उतना ही इन बिचौलियों का प्रौफिट- मार्जिन हो गया है। ये व्यवस्था इन पांच हफ्तों में क्यूं आई? ये बिचौलिये कौन हैं? जब एफडीआई रिटेल पर चर्चा चल रही थी तब भी हमने शंका व्यक्त की थी कि भाजपा सिद्धांत के तौर से इन बिचौलियों के हित को प्रौटेक्ट करना चाह रही थी, इसलिए एफडीआई रिटेल का ये लोग विरोध कर रहे थे। आज हम उसी बात को फिर रखना चाहते हैं कि इन बिचौलियों को, जिन्हें जमाखोर भी कहते हैं, सभी नहीं होते हैं लेकिन कुछ होते हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि इन बिचौलियों पर जब सख्ती की गयी तो वे उनके पास पहुंचे कि इतनी सख्ती मत करो, यह भी आपको बताना चाहिए कि कौन-कौन बिचौलिये आप लोगों के टच में हैं। छोटी-छोटी पार्टियों को बोलने के लिए लम्बा समय मिला है, इसलिए मैं उम्मीद करूंगा कि थोड़ा समय मुझे और बोलने के लिए मिलेगा।

रेल का किराया बढ़ना भी महंगाई का एक कारण है। रेल का किराया बढ़ता है, तेल का रेट बढ़ता है तो सभी पदार्थों की कीमतें भी बढ़ती हैं, यह आशंका आप लोगों ने ही जताई थी। क्या कारण है कि जब हम छह प्रतिशत रेल का किराया बढ़ा रहे थे, उस समय मोदी जी ने प्रधानमंत्री जी को खत लिखा था और विरोध किया था। क्या छह प्रतिशत किराया बढ़ाना गलत हो सकता है और साढ़े चौदह प्रतिशत किराया बढ़ाना ठीक हो सकता है? अनुराग जी ने कहा कि हमारे समय में इस फैसले की शुरूआत हुई थी। रेल मंत्री जी बैठे हैं, हम उनका सम्मान करते हैं। अभी सुप्रिया जी ने बताया कि शिव सेना के सांसद, एनसीपी के सांसद, बीजेपी के सांसद गए तो मुम्बई सबर्बन का 100 किलोमीटर तक के बढ़े किराये को वापिस ले लिया। अगर मुम्बई महाराष्ट्र की राजधानी है, तो दिल्ली इस राष्ट्र की राजधानी है। किशनपाल जी बैठे हैं, ये भी मन ही मन में चाहते हैं कि दिल्ली के सबर्बन का भी किराया वापिस ले लें।

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :** महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। बहुत से सुझाव आए हैं कि कैसे महंगाई पर नियंत्रण किया जाए। एक वर्किंग ग्रुप बना था।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: There is no time.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : Sir, I am concluding. यूपीए के समय एक कार्य समिति बनी थी, मुख्यमंत्रियों का समूह बना था, नरेन्द्र मोदी जी उस समूह के चेयरपरसन थे कि कैसे महंगाई पर काबू पाया जाए। Working Group on Consumer Affairs वर्ष 2010 में बना था।

HON. CHAIRPERSON: Mr. Hooda, you are making a good speech but there is no time.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : Thank you, Sir.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : He is only making a few suggestions. It is because Mr. Anurag Thakur is a very good friend of him. That is why, let him be given two minutes more so that he will be convinced.

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :** महोदय, मैं आपकी बात मानते हुए अपने वक्तव्य को समाप्ति की तरफ ले जाता हूं। उस वर्किंग कमेटी के कुछ सुझाव आए थे। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उनके जो सुझाव थे, उन्हें लागू करने के बारे में सोचना चाहिए। उसमें कई अच्छे सुझाव थे। उन्होंने कहा था कि एफसीआई के ओपरेशंस को अन-बंडल्ड करना चाहिए। डिस्ट्रिब्यूशन की बात सुप्रिया जी ने कही कि जब हमारे पास खाद्यान्न हैं, तो भंडार किस तरह से लोगों के बीच में ले कर जाएं, तो ओपरेशंस, प्रोक्योरमेंट, स्टोरेज और

डिस्ट्रिब्यूशन को अन-बंडल्ड करना चाहिए। हम उस सुझाव से सहमत हैं। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि मोदी जी के उस सुझाव को कब तक लागू करेंगे?

इसके बाद उन्होंने कहा था कि फ्यूचर कोमोडिटीज पर बैन लगे। सस्पेंशन जरूर हुआ है, मगर उनके सुझाव के आधार पर बैन की तरफ क्या सरकार जाएगी, यह भी सरकार बताने का काम करे। उनका तीसरा सुझाव था कि increase competition by promoting retailing by private organized and co-operative sector. तकरीबन-तकरीबन हमारी एफडीआई की जो बात थी कि एफडीआई को रिटेल के अंदर इजाजत दी जाए, उसी तरीके का सुझाव उस वर्किंग समूह ने भी रखा था। जिस एफडीआई के इतने विरोध में थे कि ओर्गेनाइज्ड प्राइवेट सेक्टर को रिटेल के अंदर आने से रोकना चाहते थे, मोदी जी के उस सुझाव के आधार पर क्या अपना स्टैंड बदल कर हमारी वह बात भी आप मानेंगे, इस बात पर प्रकाश डालें। मुझे लगता है कि यह भी एक अच्छा सुझाव है। उसमें किसान और ग्राहक के बीच में दूरी कम होती है, जो कि हमारी पार्टी की विचारधारा है। बिचौलिए, जिन लोगों को आपने एटीएम का दर्जा दिया था।...(व्यवधान) अनुराग जी ने भी सुझाव रखे हैं। स्टेट्स की बात कही है कि प्रदेशों को भी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या कारण है कि वही डीजल है। कांडला के उसी पोर्ट पर डीजल उतरता है, हरियाणा के अंदर डीजल का भाग 56.15 रुपए होता है और गुजरात में 64.50 रुपए होता है। भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकारों में डीजल पर वैट और टैक्स है, क्या उसे भी कम करने का काम करके अपनी जिम्मेदारी संभालने का काम करेंगे? ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :** महोदय, आपका आदर करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। मैं तो यही चाहता हूं कि सरकार अच्छे फैसले ले। हम सरकार के साथ हैं। वित्त मंत्री जी जो भी सकारात्मक कदम बजट के माध्यम से रखेंगे, उनका हम स्वागत करेंगे। जो वायदे इन्होंने देश के लोगों को किए हैं उन वायदों पर खरा उतरें, यह हमारी शुभकामनाएं सत्ता पक्ष के साथ हैं।

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** माननीय सभापति जी, कांग्रेस ने जबर्दस्ती चर्चा ली। जिन्होंने चर्चा शुरु की, उन्होंने परम्पराओं को छोड़कर चर्चा में किन लोगों ने क्या बातें कहीं, इसका भी आभास नहीं किया और वे सदन से बाहर चले गये। कांग्रेस कितनी सीरियस है? हमारी तरफ से अनुराग सिंह ठाकुर साहब ने बहुत कुछ समझाने का प्रयास किया। पप्पू भाई, जरा सुन लीजिए, हम लोग आन्ध्र प्रदेश से हैं। आप भी आन्ध्र प्रदेश से हैं, कम से कम आपको मुझे तो नहीं छेड़ना चाहिए और यह कर्म का प्रदेश है। वेद कहता है कि "संतोषम् परमम् लाभम्। सत्संगम् परमम् गति। विचारम् परमम् ज्ञानम्, समोही परमम् सुखम्"। वेद कहता है कि संतोष कर लेना चाहिए। इससे ज्यादा बढ़िया लाभ आपको किसी चीज में नहीं मिलता। जब सत्संग हुआ, यह जो पूरी पार्लियामेंट ने जब बोला, इससे बढ़िया सिचुएशन किसी व्यक्ति की जिंदगी में नहीं हो सकती। वह व्यक्ति अच्छी अच्छी बातें सीखता है और ज्ञान अर्जित करता है और जब ज्ञान मिल जाता है, तब उसको विचार मिल जाता है, तो उससे बढ़िया जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए और कोई साधन नहीं होता है। उन विचारों को जब आप अपने आपमें समाहित कर लेते हैं तो उससे ज्यादा सुख और कोई नहीं होता है। लेकिन क्या हो रहा है, अभी मैं दीपेन्द्र हुड्डा साहब को सुन रहा था। खेमरा साहब पर वह बोल रहे थे। आप क्या सुनाने का प्रयास कर रहे थे?

माननीय सुप्रिया ताई, मैं जब एक कहानी पार्लियामेंट में कहता हूं तो वह बड़ा अटैक करती हैं और कहती हैं कि आपका भाषण बड़ा लम्बा होता है। मैंने एक दिन पार्लियामेंट में कहा कि सरकार इतने अर्थशास्त्रियों से भरी हुई है कि अलौकिका पंडित की कहानी मुझे बार बार याद आती है। अलौकिका पंडित की कहानी इतनी लम्बी हो गई कि उन्होंने कहा कि तुमने कहानी इतनी लम्बी कर दी कि भाषण ही डीरेल हो गया लेकिन जब माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उस दिन कहा कि " महाजनों एन गता सो पंथा।" वह उसी अलौकिका पंडित का एक शब्द है। उसमें यह था कि जो चार पंडित थे, वे बड़े विद्वान थे लेकिन उनको कोई प्रैक्टिकल नॉलेज इस देश और दुनिया के बारे में नहीं थी और जब भी कोई समस्या आती थी तो वे किताब पलटते थे और किताब पलटकर उस समस्या का समाधान करते थे। मैं केवल छोटी कहानी कहूंगा क्योंकि फिर आप सेन्ट्रल हॉल में जाकर मुझे कहेंगे कि बड़ा ज्यादा बोले। उसमें यह था कि जब चार मित्र में से दो मित्र पानी में डूब रहे थे और उनको तैरना नहीं आता था तो उन्होंने उनको बचाने के बदले तुरंत किताब पलटी और कहा कि" सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धत्यजति पंडिता"। उन्होंने कहा कि अभी सर्वनाश होने वाला है। इसलिए दो तो अभी हम बचे हुए हैं, इसलिए दो को मर जाने दो और इस तरह से वे दो आदमी मर गये। उसी तरह से यह जो सरकार चल रही थी। सम्पूर्ण अर्थशास्त्री इसमें थे। श्री मनमोहन सिंह जी- अर्थशास्त्री, श्री मोंटेक सिंह जी- अर्थशास्त्री, श्री रंगराजन साहब- अर्थशास्त्री और दो छोटे-छोटे

श्री चिदम्बरम साहब और माननीय राष्ट्रपति महोदय- आधे अर्थशास्त्री। चूंकि उनको वित्त मंत्री के तौर पर बोल रहा हूं। राष्ट्रपति महोदय के तौर पर नहीं बोल रहा हूं। लेकिन उन्होंने इस देश का क्या किया?

इस देश के बारे में आप जब सोचने की बात करते हैं तो दीपेन्द्र जी आप अपने बारे में नहीं सोचते हैं। आप वहां 44 पर चले गये। आपका साथ देते देते धर्मेन्द्र यादव जी भी चार पर चले गये। बहुजन समाज पार्टी पूरी खत्म हो गयी। कोई सुनने को तैयार नहीं है और नमक का दरोगा एक कहानी है। उसकी एक बड़ी अच्छी लाइन है कि अमीरी की कब्र पर पलती हुई गरीबी बड़ी ज़हरीली होती है। आप लोग दस साल से सत्ता में थे और अब जब सत्ता से बाहर हैं तो उसकी छटपटाहट साफ दिखाई देती है। पहले ही दिन आपने मेज थपथपाते हुए कहा कि अच्छे दिन आ गये। महंगाई पर हम चर्चा करेंगे। मीडिया में पूरा चल रहा है और कई एक लोगों ने मीडिया को धन्यवाद तक दे दिया। लेकिन जब यह महंगाई की चर्चा चल रही थी। मैं जब अपोजीशन में बैठता था तो मैंने माननीय सोनिया गांधी जी को एक दिन कहा कि आपकी पार्टी की समस्या क्या है? आपको पता है? जब आप बैग लेकर आती हैं तो पूरा कांग्रेसी बैंच आपके पीछे चला जाता है और जब आप बैग उठाकर जाती हैं तो कोई आदमी पीछे नज़र नहीं आता है। 44 आदमी में से 15 आदमी आप लोग वहां हैं। आज भी उसको नहीं भूले हैं।...(व्यवधान) सुप्रिया ताई ने बहुत अच्छी बातें कहीं। अनुराग जी ने जो बातें कही, मैं उसमें नहीं जाना चाहता। मैं आपको बता रहा हूं कि विरासत क्या चीज है?

मैं सबसे पहले रेलवे पर आऊंगा क्योंकि तृणमूल कांग्रेस जो है, वह बड़ी नाराज थी और आपने रेल मंत्री के ऊपर अटैक किया। आपने इस सरकार पर अटैक किया कि रेलवे का बजट बंगाल के लिए खराब है। रेल का फ्रैट बढ़ गया। कंज्यूमर खत्म हो जाएगा। आम आदमी को परेशानी हो गई। आपके विषय यही थे न? आज यही विषय थे...(व्यवधान)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) :** आप महंगाई कम कीजिए...(व्यवधान) महंगाई पर चर्चा हो रही है।

**श्री निशिकान्त दुबे :** भागलपुर जिले वालों की बड़ी दिक्कत है। उधर से पप्पू जी बोलेंगे, इधर से जय प्रकाश जी बोलेंगे, कुछ देर के बाद यह गुरू जी बोलने लगेंगे, ज्यादा जोगी मठ उजाड़ हो गया। उस इलाके से बहुत ज्यादा आदमी हो गये।...(व्यवधान) आप मेरी बात सुन लीजिए। मैं यह कह रहा हूं कि आपने क्या चर्चा की है, आपने रेलवे की महंगाई के बारे में चर्चा की, पेट्रोल के बारे में चर्चा की और कंज्यूमर आइटम्स के बारे में चर्चा की, यही तीन मुद्दे थे। मैं आंकड़ों के खेल में नहीं जाना चाहता। आपने क्या किया, 2009 में रेलवे में महंगाई क्यों बढ़ी। 14 परसैन्ट भाड़ा बढ़ाने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई।...(व्यवधान) मैं बता रहा हूं, अनुराग जी ने जो बताया, उसी को आगे बढ़ा रहा हूं। अनुराग जी ने बड़ा अच्छा भाषण दिया, उससे बढ़िया भाषण नहीं हो सकता था। आप यह सुनिये कि 2009 में ममता दीदी मंत्री बनी और ममता

दीदी ने लालू प्रसाद जी पर, चूंकि शैलेश जी ने कहा कि लालू प्रसाद जी से कुछ सीखिये। उन्होंने एक व्हाइट पेपर जारी किया। जारी किया कि नहीं जारी किया, जो भी 15वीं लोक सभा के सदस्य हैं, वह बतायें कि ममता दीदी ने व्हाइट पेपर जारी किया। अपनी ही सरकार के मंत्री के खिलाफ व्हाइट पेपर पहली बार मैंने सुना था और 2009 में व्हाइट पेपर आया। व्हाइट पेपर में उन्होंने कहा कि यह जो फ्रेट बिजनेस की जगलरी है, लालू प्रसाद जी वह जगलरी कर रहे हैं।

**श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर):** उन्होंने किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि यह रेल विभाग का काम कैसे चलेगा और रेल विभाग को इस हाल में कैसे आगे ले जायेंगे, इस बारे में ममता जी ने अपने दफ्तर के बारे में खुद ही व्हाइट पेपर रिलीज किया था। किसी के खिलाफ बोलना या किसी के खिलाफ उन्होंने व्हाइट पेपर रिलीज नहीं किया था। …(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे :** मै यील्ड नहीं कर रहा हूं, मैंने किसी को नहीं टोका है। जय प्रकाश जी, आप बैठिये।

HON. CHAIRPERSON : He is not yielding.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri Jai Prakash Narayan Yadav, he is not yielding.

… (*Interruptions*)

**श्री निशिकान्त दुबे :** व्हाइट पेपर का लब्बोलुआब यह था, मैं उसके कंटैन्ट में जाना नहीं चाहता। व्हाइट पेपर का कंटैन्ट यह था कि जो रेलवे का टर्न अराउंड है, वह गलत है। यह व्हाइट पेपर है, मैं नहीं कह रहा हूं। आपने अपने मंत्री के टर्न अराउंड पैकेज को कहा कि वह गलत है और वह टर्न अराउंड रेलवे में हुआ ही नहीं, यह ममता दीदी के रेल बजट में व्हाइट पेपर था। इसके बाद ममता दीदी…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** जय प्रकाश जी, आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Jai Prakash Narayan Yadav, hon. Member is not yielding.

… (*Interruptions*)

SHRI NISHIKANT DUBEY: I am not yielding. I will continue. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** यह रिकार्ड पर नहीं जायेगा।

*(Interruptions) …* *

---

* Not recorded.

**माननीय सभापति :** निशिकान्त जी, आप चेयर को एड्रैस कीजिए और अपने सब्जैक्ट पर आइये।

**श्री निशिकान्त दुबे :** सभापति जी, मैं रेलवे के फ्रेट पर जा रहा हूं, जो मूल्यवृद्धि हुई है, उस पर पूरे सदन में हंगामा हुआ है। 2009 से लेकर 2014 तक तृणमूल कांग्रेस से तीन रेल मंत्री हो गये। ममता दीदी, श्री दिनेश त्रिवेदी और श्री मुकुल रॉय रेल मंत्री हो गये। उसके बाद कांग्रेस की तरफ से श्री सी.पी.जोशी, श्री पवन कुमार बंसल जी और श्री मल्लिकार्जुन खड़गे रेल मंत्री हो गये। पांच साल में छः रेल मंत्री इस देश को मिल गये। आपको लगता है कि पालिसी हो गई।...(व्यवधान) इसी दिनेश त्रिवेदी साहब ने एक सैम पित्रोदा की कमेटी बनाई और सैम पित्रोदा की कमेटी रेलवे ने बनाई, आपने बनाई, हमने नहीं बनाई, आपने एडाप्ट की, माननीय दिनेश त्रिवेदी जी ने बनाई और उसे पवन बंसल साहब ने एक्सैप्ट किया। उन्होंने क्या कहा, सैम पित्रोदा कमेटी की रिपोर्ट क्या कह रही है कि रेलवे को दस लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता है। रेलवे रसातल में जा रहा है, यह रिपोर्ट कह रही है और उसके लिए उन्होंने कुछ सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि ट्रैक और ब्रिजेज बनाइये और उसके लिए उन्होंने कहा कि टोटल दो लाख करोड़ रुपये चाहिए। उन्होंने कहा कि रोलिंग स्टाक चाहिए और उसके लिए एक लाख करोड़ रुपये चाहिए। यह आपकी रिपोर्ट है।

इसके बाद कहा कि स्टेशन और टर्मिनल बनाना है, उसके लिए 4 लाख करोड़ रूपये चाहिए। फिर इन्होंने कहा कि आप डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर बनाइए, उसके लिए 3 लाख करोड़ रूपये की आवश्यकता है। आप यदि ये सब काम नहीं करेंगे, यात्री सुविधाएं नहीं बढ़ाएंगे, चीज़ें नहीं बढ़ाएंगे तो उसके लिए उन्होंने कहा कि एक कमीशन बना दीजिए जो समय-समय पर चीज़ों को देखे। खड़गे साहब आप मुझे सुधार दीजियेगा, यदि मैं कोई गलत बात बोल रहा हूँ और यह कहा कि यात्री के लिए किराया क्या होगा। फ्रेट के लिए क्या किराया क्या होगा। इसके लिए एक रिवाइज़ पैटर्न बना दीजिए और एक कमेटी बना दीजिए जो समय-समय पर इन चीजों को तय करे। उसी हिसाब से पैट्रोल और डीजल के जो दाम बढ़ते हैं या जो बिजली के दाम बढ़ते हैं, उसके हिसाब से जो सुविधा और असुविधा होती है, रेलवे को घाटा होता है, उसके हिसाब से तीन महीने और चार महीने में यह फ्रेट तय होता रहेगा। यदि भारतीय जनता पार्टी इसको लागू नहीं करती है तो कल जब सीएजी आ कर कहेगी कि आपके कारण रेलवे को इतना नुकसान हो गया। आपको ग्रॉस बजट्री सपोर्ट देना पड़ रहा है, आपके कारण रेलवे फेल हो गई और कल को रेल बजट माननीय गौड़ा जी के बदले, माननीय जेटली जी पेश करना शुरू कर देंगे क्योंकि रेलवे का रेल बजट इसीलिए पेश होता है कि रेल अलग एंटिटी है, अपना फ़ायदा खुद बनाती है। इसी कारण से रेल बजट अलग से होता है, उसका और कोई कारण नहीं है। वह कोई अलग डिपार्टमेंट नहीं है। रेलवे भी देश के

अन्य डिपार्टमेंट्स की तरह है। आप चाहते हैं कि इस देश में रेल बजट भी यदि वित्त मंत्री पेश करने लगें तो आपकी जो भी मर्जी। यहां पर जितने सदस्य बैठे हैं, उनको आसमान चाहिए, उनको ट्रेन चाहिए, उनको अच्छी सुविधा चाहिए। आप क्या चाहते हैं कि आपको आसमान नहीं मिले? आपके स्टेशन पर विश्वस्तरीय सुविधा नहीं मिले? यात्रियों को सुविधा नहीं मिले? आप क्या चाहते हैं कि डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर नहीं हो? आप क्या चाहते हैं कि स्वर्णिम चतुर्भुज की जो योजना माननीय नरेंद्र मोदी साहब ने, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के आधार पर लागू का प्रयास किया है तो क्या आप नहीं चाहते हैं कि वह हो? मैं जिस स्टेशन से आता आता हूँ, वहां अभी सावन का मेला होने वाला है। मेरे साथ चलिए, जय प्रकाश जी आपका भी स्टेशन है। लोग भिखमंगों की तरह प्लेटफॉर्म पर सोते हैं। हम उनको सुविधा नहीं दे पाते हैं। जब ये सब सुविधा देंगे तो क्या आपको लगता है कि भाड़ा नहीं बढ़ेगा? आपको सब कुछ पता है।

"सर्वज्ञम् विज्ञातः र्स्वयोनिस्ति मातगो, सर्वप्रभूर्निस्मेकसत्व सर्वरूपभात "

जब सबको सब कुछ पता है उसके बाद आप हंगामा करते हैं।

इसके बाद पैट्रोल पर आते हैं। सन् 2003 में विज़न ट्वेंटी-ट्वेंटी आया। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एस.पी. गुप्ता की कमेटी बनाई और विज़न 20-20 बनाया। जब यूपीए की सरकार बनी तो वे उसको लागू करने को तैयार नहीं थे। उसके बाद वह स्टैंडिंग कमेटी में गई। सभापति महोदय, आप भी स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष हैं और माननीय महताब साहब के साथ भी पांच साल काम करने का मौका मिला, अनुराग साहब भी उस कमेटी में हैं। जब-जब हम फाइनेंस की स्टैंडिंग कमेटी में चर्चा करते हैं, तो हम सांसदों के मन में एक बात होती है कि हम जो रिपोर्ट सरकार को देते हैं, क्या वह रिपोर्ट सरकार पढ़ती है? नतीजा निकलता है कि सरकार उस रिपोर्ट को नहीं पढ़ती है। सन् 2005 में जनार्दन रेड्डी की कमेटी, कांग्रेस पार्टी के ही जनार्दन रेड्डी साहब थे, उन्होंने कहा ऑयल सेक्टर में ट्वेंटी-ट्वेंटी विज़न को खत्म कर दीजिए। उन्होंने कहा कि यदि ऑयल सेक्टर में कुछ करना है तो ये-ये काम आपको करने पड़ेंगे। जब उससे भी कुछ नहीं हुआ तो सन् 2010-11 में अरूण कुमार जी, यहां बैठा करते थे, जो इस सदन के सदस्य नहीं हैं, उन्होंने कहा कि जो सैक्टर है, उसमें आपका बफ़र स्टॉक होना चाहिए। पैट्रोल का लॉन्ग ट्रम लिंकेज होना चाहिए। जैसे इराक का संकट हो गया और अभी पैट्रोल का दाम बढ़ गया। उन्होंने कहा कि लिंकेज होना चाहिए। आप स्टोरेज की फैसिलिटी क्रिएट कीजिए। यह स्टैण्डिंग कमेटी की रिपोर्ट है। उसके आधार पर उन्होंने 50 रिकमेंडेशंस दिए कि आप इस तरह लॉन्ग टर्म एलपीजी जोड़िए। जगदीशपुर-हल्दिया लाइन पिछले 30 साल से बन रही है। 333 शहरों को एलपीजी से जोड़ा जाएगा। वह

काम आज तक पूरा नहीं हो पाया है। उसी के साथ फर्टिलाइज़र यूनिट है। इसके बाद फाइनेंस कमेटी से हम लोगों ने एक रिपोर्ट दी।

महोदय, आगे इसी सदन में फिर से चर्चा होने वाली है, इसीलिए मैं कह रहा हूं कि 4.20 प्रति एमएमबीटीयू डॉलर से गैस का दाम 8.4 हो गया। अब गैस का दाम 8.4 होगा या नहीं होगा, यह आने वाली सरकार तय कर रही है, लेकिन मैं कह रहा हूं कि 8.4 हो गया, उसका विरोध मिनिस्ट्री ऑफ पावर ने किया, उसका विरोध मिनिस्ट्री ऑफ स्टील ने किया, उसका विरोध मिनिस्ट्री ऑफ फर्टिलाइजर ने किया और उसने कहा कि यदि एक डॉलर दाम बढ़ता है तो 1382 प्रति मीट्रिक टन यूरिया का दाम बढ़ जायेगा। यदि यूरिया का दाम बढ़ जायेगा तो आप ही हाहाकार करते हुए आएंगे कि फर्टिलाइजर का दाम बढ़ा दिया। नरेन्द्र मोदी के अच्छे दिन आ गये, फर्टिलाइजर का दाम बढ़ा दिया। ये गैस का दाम किसने बढ़ाया? पावर की बात कर रहे थे हुड्डा साहब, यह बहुत सुनने वाली बात है कि वर्ष 2008 से लेकर वर्ष 2013 तक अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट, चार हजार मेगावाट का जो पावर प्लांट होता है, आपको पता है कि आपकी सरकार बिडिंग डॉक्यूमेंट पास नहीं कर पायी और पांच साल में एक भी यूएमपीपी का बिडिंग नहीं हो पाया। क्या आपको इसके बारे में पता है?...(व्यवधान) एक भी बिडिंग नहीं हो पाया, कोल लिंकेज नहीं मिला। 24 हजार मेगावाट के गैस पावर प्लांट बंद पड़े हैं। 25 हजार मेगावाट के कोल बेस्ड पावर प्लांट बंद हैं और आज आपके दिल्ली के अरविन्दर सिंह लवली जी कहते हैं कि बिजली चाहिए, बिजली चाहिए और रोज दिल्ली में आन्दोलन करते हैं। इसके बाद यदि बिजली का दाम बढ़ जायेगा, यदि बैंक डूब जायेगा तो आप कहेंगे कि इस देश में भूचाल आ गया।

यहां कृषि के बारे में बात हुई है, अंत में मैं उसके बारे में कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। पवार साहब यहां नहीं हैं, वर्ष 2005 में जब पवार साहब मिनिस्टर थे तो वे यहां बहुत बातें सुनते थे। मुझे उनके ऊपर विश्वास भी होता था कि ऐसा भी आदमी है, जो इतनी बातें सुन रहा है और चुपचाप है और यह भी लगता था कि यह एक आदमी है जो सब कुछ ठीक करने का सवाल कर रहा है। कांग्रेस सरकार ने पवार साहब से कंज्यूमर डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय ले लिया और कहा कि इन्हीं के कारण महंगाई रोज बढ़ रही है और एक विभाग उसके पास आ गया।...(व्यवधान) यह मेरी अन्तिम बात है। फिक्की और मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर, कंज्यूमर अफेयर्स की एक बैठक हुई और उसमें तय हुआ कि इरीगेटिड लैंड दी जायेगी। अभी प्रधानमंत्री जी ने कहा कि इरीगेशन में हम फैसिलिटी देंगे। एआईबीपी हमारा था। गुलाम नबी आजाद की तकरीर मैंने सुनी थी। एआईबीपी क्या स्कीम है, इसे पूरे सांसदों को सुनना चाहिए। एआईबीपी स्टेट में एक ही प्रोजेक्ट चलेगा और जब तक कि वह प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो जाएगा, दूसरा प्रोजेक्ट नहीं होगा। सिंचाई का प्रोजेक्ट पूरा होने दस साल, पन्द्रह साल, बीस साल लग जाते हैं, तो क्या आपको लगता है कि एक प्रोजेक्ट

के लिए स्टेट के दस प्रोजेक्ट बंद हो जाएंगे? उसी तरह से फिशरीज के बारे में, उसी तरह से मीट के बारे में, उसी तरह से कोल्ड चेन के बारे में फिक्की और मंत्रालय ने अलग-अलग भूमिका तय की। वाई. के. अलग की कमेटी तय हुयी। आपने कमेटी बहुत बनायीं, ईगोम बहुत बनाया, टास्क फोर्स बहुत बनायीं, लेकिन जब काम करने का वक्त आया तो आपने कोई काम नहीं किया। जब काम नहीं करेंगे, तो जो भी आदमी काम करने आएगा, तो उसे परेशानी होगी। पंच परमेश्वर की एक बहुत अच्छी लाइन है कि "उत्तरदायित्व का ज्ञान बहुधा हमारे संकुचित विचारों का पथ-प्रदर्शक होता है"।

महोदय, मैं कंक्ल्यूड कर रहा हूं। आपको इस देश को बनाने की बात करनी चाहिए। वाद-विवाद से चीजें बढ़ती हैं। गुरू गोलवरकर हमेशा कहते थे कि वाद-विवाद से हम लोगों को निरूत्साहित कर सकते हैं, उसे अपना नहीं बना सकते हैं। इसीलिए मेरा आप सबसे निवेदन है कि प्राइस राइस जैसे इंपोर्टेंट मुद्दे पर देश के बारे में सोचिए, देश को बनाने का काम करिए, न कि तोड़ने का काम करिए। एक-दूसरे के ऊपर उंगली नहीं उठाइए। अगर आपकी गलती है तो उसे खुले मन से स्वीकार करिए।

**श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी):** महोदय, इस अहम् मामले पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हमारे भाई साहब ने बहुत से शेर सुनाये हैं, मैं भी इस महंगाई के ऊपर एक शेर सुनाना चाहता हूं- "कि भरा हो पेट, संसार जगमगाता है और खाली हो पेट तो संसार डगमगाता है"। यहां महंगाई की बात चल रही है। दोनों तरफ से बड़े अच्छे भाषण हो रहे हैं। मैं दोनों तरफ के लोगों को मुबारकबाद देता हूं। मैंने पहले ही कहा कि हम इधर के भी नहीं, उधर के भी नहीं, जिसने प्यार से बुला लिया, हम उसी के हो लिए। मसला है महंगाई का, गरीबी लोगों का दम तोड़ रही है, माताएं भूखी मर रही हैं। बच्चों को पानी पिलाने के लिए भी उनके पास नहीं है। पता नहीं कितने वक्त की वे भूखी रहती हैं। आज छोटे बच्चों की नौकरियों के मसले पर हम बात करते हैं, ठेला चलाने वालों की बात करते हैं, रिक्शा वालों की बात करते हैं। जो किसान खेती करते हैं, वे इस महंगाई से फाँसी लगाकर मर रहे हैं। लोगों की आमदनी नहीं है और महंगाई दिन पर दिन बढ़ रही है। हम समझ सकते हैं कि पहले यूपीए गवर्नमैंट थी, और अभी एनडीए गवर्नमैंट आई है। 40 दिन हुए, 40 दिन में कोई जादू की छड़ी नहीं चला सकता। टाइम इनको भी देना पड़ेगा। लेकिन मैं यह चाहूँगा, मेरी रिक्वैस्ट है कि इस मामले में दोनों पार्टी के लोग इस मसले पर बैठें, डिबेट न करें। ख़ुदारा डिबेट मत करिए, लोगों के इस मसले को हल करिए क्योंकि आज इस मुल्क का 99 परसेंट इंसान इसमें झुलस रहा है, लोगों की माँ-बहनें अपनी इज़्ज़त बेचने पर मजबूर हैं सिर्फ इस पापी पेट के लिए।

सर, मैं कोई तकरीर नहीं करना चाहता। मैं दोनों तरफ के लोगों से यह कहूँगा कि यहाँ जिताने वाली और हराने वाली बात नहीं होनी चाहिए। सारे हिन्दुस्तान के नहीं, दुनिया के करोड़ों लोग टेलीविज़न पर इन चीज़ों को देख रहे हैं। इसलिए इस मसले को कैसे हल करना है, इस पर आप भी बुलाइए, आप बड़े भाई हैं। मोदी जी ने कहा है कि हम गरीबी से लड़ेंगे। गरीबों की हुकूमत है, हम गरीबी से लड़ेंगे। हमारे राम विलास पासवान जी इस डिपार्टमैंट के ज़िम्मेदार हैं। जो बड़े-बड़े पूँजीपति हैं, उनके यहाँ रेड मारिए, इनको जेलों में डालिए, इनके सामानों को मार्केट में लाइए, गरीबों को दीजिए। ऐसा कुछ न कुछ करिए, सब मिल बैठकर करिए, यही हमारी रिक्वैस्ट है। गरीबी को नीचे लाने की, और प्राइस राइज़ और महंगाई के भूत को किसी न किसी जेल में डालने की सब मिलकर कोशिश करेंगे, यही मेरी इल्तजा है। बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) :** सभापति जी, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे महंगाई विषय पर बोलने का मौका दिया। आज यहाँ सभी पक्षों ने महंगाई पर पक्ष रखने का काम किया और बताया कि किस तेजी के साथ महंगाई हमारे देश में बढ़ रही है। पिछले महीने एक सर्वे आया जिसमें पता चला कि देश में महंगाई लगभग 8.25 परसेंट बढ़ी, मगर खाने-पीने के पदार्थों में 9.25 परसेंट बढ़ी। शहर की बात करें तो शहरों में 8 परसेंट महंगाई बढ़ी मगर ग्रामीण क्षेत्रों में 10.25 परसेंट महंगाई बढ़ी। इसका मुख्य कारण एक तो इराक में जो टर्माइल है, जो हालात इराक के हैं, उसको माना जा रहा है क्योंकि गैस की कीमतें बढ़ रही हैं और दूसरी ओर हमारे देश में इस बार मानसून की कमी है, क्लाइमेट चेन्ज हुआ, मानसून में डिले हुआ, वह भी एक अहम कारण है जिससे महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

पिछले दिनों एन.डी.ए. के पक्ष से भी सुनने को मिला, अरुण जेटली जी का बयान भी सुना कि कहीं न कहीं जो मिडिलमैन है, वह भी महंगाई बढ़ाने में बहुत रोल प्ले कर रहे हैं। क्योंकि अगर हम किसानों की बात करें और टमाटर, प्याज़ को आप मंडियों में जाकर देखें तो पाएंगे कि किसान अपनी फसल को दो रुपये, चार रुपये किलो ग्राम के हिसाब से बेचकर जाता है, मगर जब वही चीज़ उस किसान के पास वापस सारे चैनल्स से आती है तो वह बीस रुपये प्रति किलोग्राम की बन जाती है। दूधिया जब दूध लेकर जाता है तो शायद वह आज भी 20 रुपये लीटर का होगा, मगर जब वह कंज्यूमर तक पहुँचता है तो वह 45 रुपये लीटर का हो जाता है। सरकार आज तक इस विषय में नहीं सोच पाई कि किसान के लिए हमें बड़े लैवल पर सब्सिडी देकर कोल्ड स्टोरेज बनाने चाहिए जिससे जो फसलें एक लिमिटेड सीज़न की हैं, उनको स्टोर किया जा सके। आपने पिछले दिनों सुना होगा कि प्याज के दाम 125 रुपये प्रति किलो तक भी गए। मेरे साथी दीपेन्द्र हुड्डा जी चले गए हैं, उन्होंने आलू की बात रखी थी। अमरिन्दर सिंह जी भी थे। सुबह उन्होंने जब यह मुद्दा शुरू किया, तब भी आलू से शुरू किया। पिछले साल की बात है, हरियाणा प्रदेश में इतनी बंपर फसल हुई कि किसानों ने सड़कों पर आलू फेंककर उन्हें आग लगाने का काम किया। यह शर्म की बात है कि जो देश कृषि प्रधान देश है और आज हमारे देश की 55 प्रतिशत जनसंख्या खेतों में काम करती है, उसी देश में इस प्रकार खेती का अनादर होने का काम होता है। एन.डी.ए. ने एक सोच रखी, नदियों को कनैक्ट करने की। मैं तो यही उम्मीद रखता हूँ कि जैसे ही कल फाइनैंशियल बजट आए, जैसे ही सरकार को मौका मिले, तो हरियाणा प्रदेश में एक लिंक है जो सुप्रीम कोर्ट से भी पहले से अप्रूव्ड है - सतलुज और यमुना का लिंक । अगर सरकार सतुलुज-यमुना लिंक बनाने का काम करेगी तो मेरा मानना है कि आने वाले समय में जो हरियाणा का सूखा क्षेत्र है, जहां खेती नहीं होती है, वहां तक भी हम पानी पहुंचाने का काम कर पाएंगे।

दूसरी ओर, जिस महंगाई पर चर्चा करते हैं, उसका एक कारण अर्बनाइजेशन भी है। आज जगह-जगह ज़मीनों को एसईज़ेड के नाम पर एक्वायर किया जा रहा है। हरियाणा प्रदेश में 34 एसईज़ेड पिछले दस सालों में बनाए गए हैं। आज अगर उसका रिकार्ड उठा कर देखें तो केवल मात्र तीन एसईज़ेड हैं जो पूरी तौर पर बन पाए हैं। पिछली यूपीए सरकार ने लैण्ड एक्वीजिशन पर एक पॉलिसी पारित की थी, जिसमें कहा गया था कि यदि किसान की ज़मीन को पांच साल तक भी एसईज़ेड में यूटिलाइज़ नहीं कर पाए तो उस जमीन को किसान को वापस दिया जाएगा। आज हरियाणा प्रदेश में सात साल का समय हो चुका है और हमारे किसान कोर्ट से भी लड़ाई जीत कर आ गए हैं, लेकिन आज तक हमारे मुख्यमंत्री ने " सेज " ज़मीन को वापस किसानों तक लौटाने का काम नहीं किया है। बड़ी-बड़ी कम्पनियां हमारे प्रदेश में आ कर इनवेस्ट करती हैं, कहती हैं कि हम एग्रीकल्चर पार्क बनाएंगे। पार्क बनाइए, मगर उसके अंदर किसान का हिस्सा डालने का काम कीजिए। जब तक गरीब आदमी की ज़मीन को, जो उसके पेट को पालने का सबसे बड़ा कारण है, उस में अपना हिस्सा नहीं डाल पाएगा, मुझे लगता है कि इसी प्रकार की डिबेट हम एक साल बाद फिर करेंगे, जब महंगाई एक अहम मुद्दा होगा। महंगई की बड़ी-बड़ी बातें जब रखी जाएंगी तब भी यही रखी जाएंगी कि चीनी बढ़ी। चीनी बढ़ी, इसलिए बढ़ी क्योंकि गन्ने का दाम नहीं बढ़ा। हमारे मुख्यमंत्री जी श्रेय लेते हैं कि मैंने तीन सौ रुपये क्विंटल गन्ना का भाव देने का काम किया। किसान तीन सौ रुपये क्विंटल गन्ना देता है, मगर चीनी उसके पास 46 रुपये प्रति किलो आती है। क्विंटल और किलो में इतना फ़र्क पड़ जाता है, लेकिन वह पैसा किस की जेब में जाता है? जाहिर है, बड़े-बड़े पूंजीपतियों की जेब में जाता है। कहीं न कहीं सरकार को बेसिक एमनटिज़ हैं, जो बेसिक चीज़ें हैं, उन पर एमएसपी स्टेबल करनी पड़ेगी। आज भी बहुत सी चीजों के प्राइज़ मार्किट में बिड करके सेट किए जाते हैं। किसान आज आजाद पुर मण्डी में सब्जी ले कर आता है तो उसकी सब्जी की कीमत प्रति ट्रक के रेट पर लगाया जाता है। मगर दूसरी ओर जब वही व्यापारी उस सब्जी को कनज्यूमर को बेचता है तो अपनी मन-मर्जी के रेट लगाने का काम करता है। मैं तो एनडीए सरकार से यही निवेदन करूंगा कि जब जनता ने इतना विश्वास करके पूर्ण बहुमत देने का काम किया तो इन चीजों पर, विशेष रूप से जो मिडल मैन प्रणाली हमारे देश में चल रही है, उस पर नियंत्रण लगाने का काम करे।

जिस तरह से आज यूपीए के साथियों ने महंगाई पर चर्चा करने का काम किया है, मैं तो यही मानता हूं कि देश की जनता ने दस साल तक आपको बहुमत दिया था, लेकिन उस दस साल में आपकी जो कमियां थीं, उनके साथ आप खिलवाड़ करने का काम न करें। जो सरकार नये क़दम उठा रही है, उनमें अपना साथ देने का काम करें । रेल मंत्री जी यहां से चले गए हैं।...(व्यवधान) रेल मंत्री जी आ गए।

**माननीय सभापति :** आप प्राइज़ राइज़ पर बोलिए।

**श्री दुष्यंत चौटाला :** रेल मंत्री जी आ गए हैं। नरेन्द्र मोदी जी ने चर्चा रखी थी कि हमारे यहां टमाटर बाद में जाता है, पहले मार्बल को भेजा जाता है। जब रेल मंत्री जी ने सदन में रेल बजट प्रस्तुत किया तो मैं उस रेल बजट को बड़े गौर से सुन रहा था और मुझे उम्मीद थी कि रेल मंत्री उस मुद्दे को छूने का काम करेंगे। मैं अपील करूंगा कि आप बजट सप्लीमेंटरी में रियल टाइम गुड्स, वेजीटेबल्स और फ्रुट्स को डालने का काम करेंगे। मैं यही उम्मीद रखता हूं, चूंकि मैं कृषि प्रधान प्रदेश और किसान परिवार से आता हूं तो जो सबसे अहम हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है, वह हमारे किसान हैं और यही उम्मीद रखता हूं कि हमारे किसानों के साथ एनडीए की सरकार न्याय करने का काम करेगी।

मैं दोबारा से सभापति जी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

**17.00 hrs**

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Hon. Chairperson, I thank you for giving me the opportunity.

The issue of price hike which is being discussed in the House today is much debated in every nook and corner of the nation these days. It is a very serious concern, no doubt. Nevertheless, we must not forget that the present Government took over barely one and a half months back, and it cannot change the legacy it has inherited in that very short spell of time. We cannot expect the Government to create any magic in a period of barely one or two months. We ought to give time to the Government to make changes in the structural factors which has been responsible for giving rise to this price hike.

Food inflation is the prime concern today for the entire nation as it is worst hit to the common man. However, the Union Government has already issued directives to the State Governments to discourage hoarding, and has also moved to declare hoarding as a non-bailable offence. However, if we look at the performance of the State Governments, the past experience clearly indicates that their performance as far as checking of hoarding is concerned has been very dismal, the prime reason for which being no clarity over the amount of stocks which can be kept. I urge the Union Government to fix up the storage ceiling so that the identification of the hoarders becomes an easy task.

Even in the UPA regime a series of orders were passed restricting the rules on how much stock could be kept, but because the political will was lacking the bureaucracy was also hesitant to act in this respect. If we look at the conviction rate too, between 2008 and 2013, it has just been 10 per cent, which is really not sufficient to deter hoarders. Apart from de-hoarding, I also expect the Government to make efforts for banning forward and futures trading in respect of the 14 essential commodities which contributes majorly to food inflation.

Sir, I would also like to draw the attention of the House towards the problems faced by the agriculturists and the farmers in the country. More than 60

per cent of the agricultural production, particularly the fruits and vegetables get wasted every year on account of absence of adequate storage facilities. In other countries, when the prices rise the farmers benefit. But it is unfortunate that in India this is not the case: when prices rise the farmers do not benefit. Moreover, because the minimum support prices are very low, the farmers are in a very terrible state. We expect that the Government adopts certain fundamental reforms so that adequate storage facilities are developed, and our farmers do not give up farming and their subsequent generations are willing to continue with farming and the agricultural profession of the family.

There has also been much uproar about the hike in rail fares. However, I wish to draw the attention of the House to the fact that in February 2014 the loss to the Indian Railways was Rs.30,000 crore. So, the increase in the rail fares had to be effected in the first week of May, even before the election results had come. The present Government has only implemented the left over decisions of the past Government. This unpopular decision had to be taken in the national interest. I only wish the Government communicates the rationale and reason for taking this unpopular decision to the common man of the nation, and also specifies the time within which these hardships would end.

Many of the Members have also spoken about the petroleum price hike which is being linked with the global market, and this is the practice that was adopted in the UPA regime. On account of the internal strife in Iraq, the crude oil prices have risen up to Rs.115 dollars. So, the NDA government has been compelled to raise the petrol and diesel prices in the country, and it was a culmination of the UPA policy of increasing 50 paise per month on diesel. However, since it is a worst hit to the common man, I would urge the Government to reconsider its decision of linking the price of the petroleum products with the global market, and follow the advice of the hon. Minister Shri Ram Vilas Paswanji regarding encouraging the usage of ethanol.

I would like to end by just suggesting to the Government that it adopts all possible fundamental reforms to get the economy back in shape as it has been voted to power with tremendous hope, faith and aspirations of the general people of India.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे मूल्य वृद्धि पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। प्राय: हर सत्र में महंगाई पर चर्चा होती है, मगर वह चर्चा तक ही सीमित रह जाती है। आज आपने जिस तरीके से रेल किराया बढ़ाने का निर्णय लिया, वही जनविरोधी नीतियों का काम, जो कांग्रेस सरकार विगत दस वर्षों में नहीं कर पाई, आपने आज एक महीने में पूरा कर दिया। सरकार बनने के तुरंत बाद आपने माल भाड़े में 6.50 प्रतिशत की वृद्धि कर रेल से माल ढुलाई करने वाले सभी सामग्रियों के मूल्य बढ़ाने का काम किया। इसका असर यह हुआ कि महंगाई इतनी बढ़ गई है, जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। इससे गरीब आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। एक तरफ चुनाव में वायदा किया गया कि महंगाई को मैं कम करूंगा। लेकिन डीजल का दाम बढ़ा कर सड़क मार्ग से ढुलाई होने वाले तमाम खाद्य पदार्थ आज महंगे होते जा रहे हैं, यह स्वाभाविक है।

आज आलम यह है कि देश के सौ करोड़ गरीब लोगों को नमक, रोटी और प्याज भी खाने को मुश्किल हो गया है। साग-सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। आज खाने-पीने की कोई ऐसी चीजें नहीं हैं, जिसे गरीब आदमी खाकर अपनी रात गुजार सके। आप बड़ी चालाकी से पिछली सरकार पर ठीकरा फोड़ रहे हैं कि महंगाई पिछली सरकार के चलते बढ़ी है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि महंगाई के खिलाफ देश की जनता ने यू.पी.ए. सरकार को अपदस्थ कर आपको सरकार में आने का मौका दिया, आप वही पुनरावृत्ति कर रहे हैं। आपको देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मैं और हमारी पार्टी को इस बात से आश्चर्य नहीं है कि आपके आते ही महंगाई आसमान छूने लगी है। पूंजीपतियों ने जो सैंकड़ों, हजारों करोड़ रुपए आपके चुनाव में खर्च किए, उसका बोझ आम जनता पर पड़ रहा है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने चुनाव में भी वायदे किए थे। देश के समक्ष लोक लुभावने नारे भी लगाए थे - मित्रों, अच्छे दिन आने वाले हैं।

सभापति महोदय, हम आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहते हैं कि क्या अच्छे दिन की यही शुरूआत है। अगर इसी तरह से सरकार का जनविरोधी कदम बढ़ता रहा तो आने वाले पांच सालों में जनता की कमर टूट जाएगी और गरीब आदमी पच्चास साल पीछे छूट जाएगा और आपको भी जनता कभी माफ नहीं करेगी।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं, यहां रेल मंत्री जी बैठे हैं। मैं इनसे एक सवाल पूछना चाहता हूं कि इन्होंने जो माल भाड़ा बढ़ाया, जो किराया बढ़ाया, उसका आम लोगों पर काफी असर है। मैं एक उदाहरण देता हूं, जिस साथी ने दो महीने पहले रेल का टिकट कटाया था, आज वह

दिल्ली आता है, बीमारी लेकर आता है, उससे 65 रुपए, 100 रुपए वसूले जा रहे हैं। उसकी जेब में पैसा नहीं है। कई ऐसे साथी आज हमारे दरवाजे पर आए।

**17.08 hrs.**

( Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

मंत्री जी, मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि किराया जब भी बढ़ाएं तो जिस दिन से टिकट कटता है, उस दिन से न बढ़ाएं,...(व्यवधान) बल्कि उसका एक निर्धारित समय होना चाहिए, यही बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity to take part in this discussion under rule 193.

Sir, this may be the first time in the history of Indian Parliament that the Parliament is discussing the issue of price rise within 40 days of a Government assuming power. So, the main question to be asked is why the Parliament is forced to take up such a discussion or to start such a discussion.

We all agree with the fact that it is not possible to control the entire inflation as well as the price rise. But within the 40 days of your governance in office and the steps which you have taken indicate that it is aggravating the price rise and inflation. That is why the Opposition was forced to move an Adjournment Motion and since the Adjournment Motion was not allowed, we are forced to initiate a discussion under rule 193.

Almost all the learned friends from the Treasury Benches are alleging. Their main accusation is against the 10 years of UPA rule. For the sake of argument, we do admit that. But my specific question is what was their slogan in the 16th Lok Sabha election? The main slogan was '*Achcha din ayega',* if the BJP comes to power. … (*Interruptions*) When will it come? … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : This is just like what Mr. Obama said in his Presidential campaign, 'Yes, we can'. So, there is this resemblance! But 'good days will not come, but bad days will come', as far as the common people are concerned. That has actually happened within the first 40 days.

I would like to put one main question to the Treasury Benches. They are always making the accusation against the UPA Government. We will agree with that, for the time being, for the sake of argument. I would like to seek clarification from the Government. What different steps that they have taken than those taken by the UPA Government?

Let us take one after the other. They are also aggressively following the neo-liberal policies, which are corporate-driven. Is there any difference? The first one is regarding de-regulation of oil sector. My learned friend was talking very vigorously about the oil prices. What is the policy of the NDA Government with respect to oil prices? They want to have 100 per cent FDI in defence sector. 100 per cent FDI in defence sector is being promoted by a party which was strongly opposing the previous Government for having FDI in multi-brand retail sector. So, you cannot have FDI in retail sector, but you can have 100 per cent FDI in defence sector! This is the dichotomy that we have seen within the 40 days of your governance.

Coming to the implementation of Adhaar, it is not clear. Even the Prime Minister's statement goes to show that Adhaar will be implemented – so, there is no change. Even in the case of railway tariff, it is the same thing.

After fixing the schedule of the Parliament Session, the Government of India – the hon. Minister is also sitting here – by means of an Executive Order, effected a drastic increase in the railway passenger fares and freight rates. The Parliament is not being taken into confidence! That is our main allegation. When in 2012, the same thing was done by the then UPA Government – I gathered the information which was reported –the hon. Prime Minister, Mr. Narendra Modi Ji has tweeted in the Twitter that it was undemocratic. So, when they are in power, it is democratic and when they are not in power, it is undemocratic! That is why, my specific question to the Government is what are the things that make you different from the previous Government? You are aggressively pursuing the policies which are causing much hardship to the common people in the country.

I am not going into the other details because of paucity of time. On petrol prices, an amount of Rs.2 has already been increased; an amount of Rs.13.20 for non-subsidized cylinder has already been increased; an increase of Rs.250 per cylinder is under consideration in the Petroleum Ministry. It has come out in the media. It is under the consideration of the Cabinet.

In the case of sugar, what is the policy that you have adopted? The wholesale price index of almost all the essential commodities – primary commodities, fuel, power and manufactured goods – has increased steeply. There is inflation in everything. Even the food inflation is very alarming.

I want to make some concrete and positive suggestions. I have heard the speeches throughout the day. PDS is not seriously being debated. Without having a strong, efficient and effective PDS, how are you going to address the issue of price rise?

A number of Members have addressed the issue of farmers saying that the middlemen and not the farmers are the beneficiaries. The consumers have to pay more. I would like to know whether any effective mechanism is there to check the hoarding and the black marketing and also whether affordable price or fair price will be given to the farmers. All these issues have to be addressed and then only the issue of price rise can be addressed. So, my point is that the policy of the Government has to be formulated in such a way that the *Aam Admi,* the common man's emotions are addressed. Then only this issue can be addressed.

I would also like to say that 24 years have elapsed since we started the neo-liberal structural economic reforms. We have to review the impact of the neo-liberal structural economic reforms on the Indian economy. My suggestion to the hon. Speaker, through you, is to have a threadbare discussion on the neo-liberal structural economic reforms which were started 25 years ago. Thank you very much for giving me this opportunity. With these words I conclude my speech.

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) :** सभापति जी, मैं सभी माननीय सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि इन मसलों पर गम्भीरता से सदस्यों ने अपना सुझाव दिया है। मैं इस सदन में वर्ष 1977 से हूं। पहली बार मैंने देखा है कि जो विशेष डिस्कशन नियम 193 के अन्तर्गत है, इस पर सदस्य इतनी बड़ी संख्या में यहां मौजूद हैं। नहीं तो पहले यह होता था कि सदस्य मांग करते थे और उसके बाद सभा में भाषण होता था और फिर सब चलते बनते थे, लेकिन मैं देख रहा हूं कि यहां काफी बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित हैं। कुछ सदस्य यहां उपस्थित नहीं हैं, इम्पोर्टेंट लोगों को भी इस समय रहना चाहिए, क्योंकि यह मामला कोई एक पार्टी का नहीं है। जब नेशनल इंट्रेस्ट का सवाल होता है, राष्ट्र के हित का सवाल होता है तो पार्टी का हित, व्यक्ति के हित से यह ऊपर चला जाता है।

आज हमारे सामने महंगाई की समस्या है। एक विभाग के हम भी मंत्री हैं, जो हमारा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय है, यह उपभोक्ता का मामला है। ये जो महीने होते हैं, जून से लेकर अक्टूबर तक, हर साल आप देखेंगे, इस बीच में इनके दाम बढ़ते रहे हैं। मैं आंकड़े देख रहा था, प्याज का दाम वर्ष 2013-14 में जुलाई में 28 रूपए 91 पैसे था और अक्टूबर में बढ़कर 57 रूपए 21 पैसे हो गया। इसी तरीके से वे चीजें जैसे आलू हैं, प्याज हैं, टमाटर हैं, जिनको आप ज्यादा दिन स्टोरेज में रख नहीं सकते हैं, यह उनका ऑफ सीजन होता है और स्वाभाविक है कि इस समय दाम बढ़ते हैं।

हमारे साथी ने ठीक कहा, सुप्रिया जी अभी उपस्थित नहीं हैं, कुछ साथियों ने उत्पादन के संबंध में कहा, शरद पवार जी कृषि मंत्री रहे हैं और कोई 40-42 दिन हमारी सरकार को बने हुए हुआ है। 42 दिन में हम अनाज नहीं उपजा सकते हैं और 42 दिन में हम कुछ कर भी नहीं सकते हैं। यह बात सही है कि प्रोडक्शन बढ़ा है। वर्ष 2012-13 में प्याज का उत्पादन 168 लाख टन था, वहीं वर्ष 2013-14 में 193 लाख टन हो गया। आलू का उत्पादन वर्ष 2012-13 में 453 लाख टन हुआ था, यह वर्ष 2013-14 में 464 लाख टन हो गया है। चीनी का उत्पादन 237 लाख टन था जिसका उत्पादन बढ़ा ही घटा नहीं है। गेहूं का उत्पादन 935 लाख टन था, यह बढ़ कर 960 लाख टन हो गया है। चावल का उत्पादन 1050 लाख टन था जो बढ़ कर 1062 लाख टन हो गया है। हाउस को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए कि जब उत्पादन बढ़ा है तो दाम क्यों बढ़ रहे हैं। मेन मुद्दा यहां आ कर फंस जाता है। खासकर इन तीन-चार महीनों में ही दाम क्यों बढ़ते हैं। पहला कारण यह है कि हमारे पास में स्टोरेज की कमी है। जो स्टोरेज हैं वे आलू, प्याज, टमाटर, इन सारी चीजों के लिए नहीं हैं। हम तीन-चार महीनों तक इन्हें प्रिजर्व नहीं रख सकते हैं। यदि हमारे पास यह व्यवस्था हो जाए कि हम उन्हें जून से लेकर अक्टूबर तक प्रिजर्व कर लें और मार्केट

में उछाल दें तो कोई कारण नहीं है कि इनके दाम बढ़ें। अभी हमने 50 लाख टन चावल पी.डी.एस. के माध्यम से दे दिया है। हमारे पास गेहूं का भंडार भरा हुआ है। अगर आवश्यकता पड़ेगी तो हम उसको भी ओपेन मार्केट में ले आएंगे। हमारे सामने सबसे बड़ा मामला आलू, प्याज और सब्जी का है। अभी तक हमनें बहुत से कदम उठाए हैं, अभी हमारे साथी ने ठीक कहा है कि जो कदम हैं, उनकी हमेशा घोषणा की जाती है लेकिन उन्हें उठाया नहीं जाता है। यह हमारे ऊपर भी लागू होता है। मैंने बार-बार कहा है कि इस देश में नेता की कमी नहीं है, इस देश में नीति की भी कमी नहीं है, सबसे बड़ी कमी है - नेताओं की नीयत का। यदि पूरा सदन एक मत हो जाए और हमारी नीयत साफ हो जाए तो ये जो कदम हमने उठाया है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जो मूल्य वृद्धि की प्रवृत्ति है उस पर हम रोक लगा सकते हैं। हमनें अभी तक जो काम किए हैं और जो काम करने वाले हैं, मैं उनके बारे में बतलाना चाहूंगा। अभी प्याज का निर्धारित एक्सपोर्ट प्राइस 500 डालर प्रति टन है, इसे हम लोगों ने 2 जुलाई से लागू कर दिया है, यह पहले 300 डालर प्रति टन था। आलू का न्यूनतम निर्यात मूल्य 450 डालर प्रति टन दिनांक 26.06.2014 से लागू कर दिया है। स्टॉक लिमिट की अनुमति राज्यों को दे दी गई है। कितना स्टॉक लिमिट होगा, यह हर राज्य तय करेंगे। यह दिनांक 03.07.2014 से लागू हो गया है। ...(व्यवधान) 50 लाख मिट्रिक टन चावल उन राज्यों को दिया जाएगा,...(व्यवधान)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** सभापति महोदय, कृपया मुझे बोलने के लिए एक मिनट का समय दें।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Let him conclude. I will call you later.

**श्री राम विलास पासवान :** जैसा कि मैंने कहा कि 50 लाख टन उन राज्यों को दिया जाएगा जहां फूड सिक्योरिटी एक्ट लागू नहीं हुआ है। ए.पी.एम एक्ट के तहत दिल्ली में डिलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है और उसको सभी जगह लागू करने के लिए आग्रह किया गया है।

सर, दिक्कत कहां होती है, अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग मामले हैं। अभी सुप्रिया जी कह रही थीं कि कोई कदम उठाया जाता है तो लोग समझते हैं कि यह किसान के खिलाफ कदम उठाया गया है। पंजाब में मंडी का सिस्टम है। किसान को मंडी में जाना पड़ता है। यह केवल पंजाब की बात नहीं है बल्कि दूसरे राज्यों की भी बात है। यदि किसान मंडी में जाता है तो मंडी का एक गिरोह होता है। यदि वहां किसी फसल का दाम 6 रुपया किलोग्राम तय होता है तो किसान के पास दूसरा ऑपशन नहीं है कि वह सीधे दिल्ली जा कर उसे बेच सके। उनको मंडी के माध्यम से ही अपनी फसल को बेचना पड़ता है। उसे बिचौलिए खरीदते हैं और दिल्ली में आ कर 22 रुपए किलो में बेचते हैं। इसी तरह से नासिक में प्याज की

कोई कमी नहीं है। India is a national market, यह है ही नहीं। यहां हर जगह चुंगी है, हर जगह टैक्सेज हैं। बिना बेरीकेड के पानी के समान जो फ्लो होना चाहिए, वह कैसे किया जाए, जब राज्य मंत्रियों की बैठक हुई थी, उसमें हमने कुछ निर्णय लिए हैं। हमने कहा है कि जो नेशनल मार्किटिंग है, राज्य सरकार को चाहिए कि डीलिस्टिंग करें, जिससे एक जगह का अनाज दूसरी जगह जा सके और किसान को मनचाही जगह पैदावार का लाभ मिल सके।

आवश्यक वस्तु अधिनियम में प्याज और आलू को वर्ष 1999 में लाया गया था। वर्ष 2004 में उसे किसी कारण से हटा दिया गया। हो सकता है कि उस समय की सरकार ने उसे अच्छा समझा हो। किसान या किसी और के हित में हो। लेकिन हमने उसे फिर से लागू करने का काम किया। उसके तहत हमने दो काम किए - एक, जो अपराध बेलेबल था, उसे हमने नान-बेलेबल किया है और दूसरा, हिरासत की अवधि जो पहले छः महीने थी अब वह एक साल की होगी। आपने प्राइस स्टैबिलेशन फंड की बात कही। उसकी स्थापना की जाए, यह आम सहमति से हुआ। मैं सब राज्यों के खाद्य मंत्रियों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि सबने अपने विचार रखे, पार्टी पोलीटिक्स को भूलकर नेशनल इंटरस्ट में विचार रखने का काम किया। उसी तरह स्टोरेज के संबंध में है। सबने कहा कि प्रत्येक जिले में एक स्टोरेज हो जिससे अगर कहीं किसी चीज की कमी हो तो इमरजैंसी में वहां से निकाला जा सके। सब राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने कहा कि हमें छः महीने का समय दीजिए। हम महंगाई पर कड़ाई से काम करने का काम करेंगे। इसलिए जहां तक महंगाई का सवाल है, ये 3-4 महीने बहुत क्रुशियल होते हैं। जैसे मैंने कहा, किसी पैनिक की जरूरत नहीं है। कहा जाता है कि मौसम ठीक नहीं है। मौसम हमारे हाथ में नहीं है। बारिश के संबंध में कहा जाता है कि बारिश बहुत कम होगी। लेकिन अभी बिहार में चार दिन की बारिश में ही बाढ़ आनी शुरू हो गई। अभी जुलाई का महीना चल रहा है। इसलिए ज्यादा पैनिक करने की जरूरत नहीं है, पैनिक फैलाने की भी जरूरत नहीं है। हम दावे का साथ कह सकते हैं कि हमारे पास अनाज का जो स्टॉक है, मौसम की खराबी के बावजूद भी हम उस पर रोक लगाने का काम करेंगे।

सुप्रिया जी ने गन्ना किसानों के संबंध में कहा। सभापति महोदय, बार-बार कहा जाता है कि चीनी के दाम बढ़ गए। मैंने आपको आंकड़े के साथ बताया कि हमारे यहां चीनी की पैदावार कम नहीं हुई है। लेकिन चीनी में कभी-कभी ऐसा होता है कि साइकिल चलती है। अगर किसानों को दो साल तक दाम कम मिलते हैं तो वे तीसरे साल उसे बोना बंद कर देते हैं जिससे चीनी की कीमत एकाएक दुगनी, तीन गुनी बढ़ जाती है। जब चीनी की कीमत बढ़ जाती है तो हाहाकर मचता है कि शायद कन्ज्यूमर को ज्यादा दाम पर चीनी खरीदनी पड़ती है। अभी हमारे पास चीनी की कमी नहीं है। हमने उस बारे में कुछ कदम उठाए हैं।

सबके पीछे जमाखोर हैं, मुनाफाखोर हैं। मैं चाहता हूं कि आज सदन हमें बताता कि मुनाफाखोर और जमाखोर जो राष्ट्र द्रोह का काम करते हैं, जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उनके खिलाफ कैसे कार्यवाही करें, क्या-क्या कार्यवाही करें। मैं दावे के साथ कहता हूं कि बाद में आपका जो सुझाव आएगा, हम उस संबंध में अम्ल करने का काम करेंगे। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। बहुत लोग कहते होंगे कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, बिजनसमैन की सरकार है, व्यापारियों की सरकार है जिनके कारण दाम बढ़ रहे हैं। आप हमें बताइए कि हमें क्या करना है।

मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। पहली बार ऐसा हुआ कि हमने तुरंत राज्य मंत्रियों की बैठक बुलायी। प्राइम मिनिस्टर ने उसी समय होम मिनिस्टर को कहा कि यह कृत्रिम महंगाई है और इसे आप अपने से ही हैंडल करने का काम कीजिए। दिल्ली में कितनी जगहों पर छापामारी करने का काम किया गया, कितनी जगहों पर क्या कार्रवाई हुई, यह अपने आप में एक मिसाल है और उसका कारण भी है। जैसा कि मैंने कहा कि जो अनुमान लगाया जाता था, लिखा गया था कि एक सौ रुपये किलो तक प्याज चला जायेगा, एक सौ रुपये किलो तक आलू और टमाटर चला गया, तो उस पर हम लोगों ने रोक लगाने का काम किया है।

सुप्रिया जी, मैं चीनी के संबंध में कहना चाहूंगा। आपने एथनॉल के संबंध में ठीक कहा। चीनी में क्या है? अभी किसान की चीनी का 13 हजार करोड़ रुपया मिल-मालिकों के ऊपर बकाया है। जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथी हैं, बिहार के साथी हैं, महाराष्ट्र में यह मामला कम खतरनाक है, लेकिन यहां दोनों जगह पर किसान भुखमरी के कगार पर आ गये हैं और मिल-मालिक मिल को बंद करने के कगार पर आ गये हैं। अब उसके क्या कारण हैं, नहीं कारण हैं, यह अलग बात है। बहुत से कारण हो सकते हैं लेकिन मिल-मालिक कहता है कि हमारे ऊपर कर्जा आ गया है, उसे हम वहन नहीं कर सकते चाहे हमें फांसी दे दीजिए। किसान कहता है कि हम क्या करें? हमारा 13 हजार करोड़ रुपया बकाया है, उसके कारण हम भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। बहुत चीजें हो सकती हैं, जैसे उत्तर प्रदेश की सरकार है। भारत सरकार 210 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का दाम तय करती है जिसे वह कमेटी के माध्यम से करती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि 280 रुपये मिल-मालिक को देना पड़ेगा। बिहार सरकार ने कहा कि 265 रुपये देना पड़ेगा, जबकि मिल-मालिक कहता है कि आपने दिल्ली से 210 रुपये तय किया और यहां कहते हैं कि मिल-मालिक 280 रुपया देगा, तो हम कहां से देंगे? भारत सरकार ने जितना तय किया है, उससे ज्यादा दे नहीं सकते हैं। इसके लिए हमने प्रयास किया और मिल-मालिकों को सुविधाएं दीं जाएं, रियायतें दी जाएं, लेकिन इस शर्त पर रियायतें दीं कि आप पहले इसे लागू करो। यदि लागू नहीं कर सकते तो कम से कम आप खाद्य मंत्रालय में आकर हमें यह एश्योरेंस देने का काम करें कि इन सारी चीजों को हम लागू

करेंगे। हमने निर्णय लिया कि जो एक्सपोर्ट इंसेंटिव था, जो निर्यात प्रोत्साहन था, वह 3300 रुपये चल रहा था, उसमें हमने कहा कि इसे हम दो महीने के लिए और बढ़ाते हैं। दूसरा काम हमने यह कहा कि इम्पोर्ट ड्यूटी को 15 परसेंट से बढ़ाकर 40 परसेंट करते हैं। तीसरा काम हमने यह कहा कि जो ब्याज मुक्त मूल्य है, उसे तीन साल से बढ़ाकर पांच साल करते हैं। चौथा हमने कहा कि जो एथनॉल है, एथनॉल अभी हमारे यहां 2 परसेंट ही मिलाया जाता है जबकि ब्राजील में 85 परसेंट है। एथनॉल की कीमत बहुत कम होती है। उससे पेट्रोल सस्ता हो जायेगा, लेकिन अभी तक वह केवल दो परसेंट था। उस बारे में हमने कहा कि इसे बढ़ाना चाहिए। हम पेट्रोलियम मिनिस्टर को धन्यवाद देना चाहते हैं। अभी हमारी बैठक हुई थीं। मेनका जी यहां मौजूद हैं। कलराज मिश्रा जी हैं, गडकरी साहब हैं, बालियान जी हैं, निर्मला सीतारमण जी हैं, कृषि मंत्री समेत सारे के सारे मिनिस्टर्स वहां थे। उसमें हम लोगों ने कहा कि जिस मंत्रालय में, कामर्स का जो काम है, कामर्स को आप देख लीजिए। जो पेट्रोलियम मिनिस्टर का काम है, उसे पेट्रोलियम मिनिस्टर देख लीजिए। उन्होंने कहा कि 10 परसेंट तक हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमने एथनॉल की मिलावट 10 परसेंट तक कर दी है। ये सारी चीजें हमने इसलिए की हैं, ताकि मिल-मालिकों को कहने का मौका न मिले। ...(व्यवधान) कि भारत सरकार की नीति के कारण हम किसान को पैसा नहीं लौटा पा रहे हैं। लेकिन हमने यह कहा है कि ये सारी चीजें हम तभी लागू करेंगे, जबकि मिल-मालिक आकर एश्योरेंस दें कि किसानों का जो बकाया भुगतान है, उसे करेंगे। कैसे करेंगे, वह हमें बतलाने का काम करें। हम आज तक न किसी मिल-मालिक से मिले हैं और न कभी मिलेंगे। हम वर्ष 1969 से एमएलए बन गये थे और वर्ष 1977 से एमपी हैं। हम गरीब परिवार से आये हैं। हमारा जो मेन मकसद किसान, गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, अल्पसंख्यक, उच्च जाति गरीब लोग हैं। यह हमारी कांस्टीटुएंसी है। हमें मिल-मालिक क्या मालूम? लेकिन मिल-मालिक के कारण से किसान भूखे मर जायें, उस पर विचार करने की आवश्यकता है। इसलिए हमने इन सारे मंत्रियों की बैठक बुलायी थी। ...(व्यवधान) ठीक है। मैं तो कहना चाहता हूं कि आप लोग महाराष्ट्र या उत्तर प्रदेश से संबंधित हैं, आप किसी दिन भी आइए, आप बता दीजिए, हम वेलकम करते हैं। किसी भी पार्टी के एम.पी. हों, वे आएं और हमें बताएं कि आप इसमें यह कदम उठायें। मैं कहता हूं कि ऑन द स्पॉट मैं उसी समय निर्णय लेने का काम करूँगा। यह मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूँ। उसमें कोई डिले नहीं होगा। ...(व्यवधान)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** इन्होंने आलू और प्याज के विषय में कहा, ...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि दो रुपए चीनी का दाम बढ़ गया, ...(व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** कोई बात नहीं है, हम जयप्रकाश जी का नेचर जानते हैं। हम दोनों एक ही स्कूल से रहे हैं। ...(व्यवधान) जहाँ तक रेल का सवाल है, रेल मंत्री जी यहाँ बैठे हैं। ...(व्यवधान) ठीक है पप्पू जी आपकी बात भी सुन ली। तो जब रेल मंत्री जी जवाब देंगे, ...(व्यवधान) तो उस समय वे विस्तार से इस संबंध में जवाब देंगे। यहाँ पर खड़गे साहब भी बैठे हुए हैं। हम लोगों के बहुत ही रिस्पेक्टेबल साथी हैं, नेता भी हैं। इनका राजनीतिक जीवन कोई एक-दो साल का नहीं है। काफी पुराना इनका राजनीतिक जीवन है। लेकिन सबसे बड़ी बात, जो मैंने कहा कि जो नेशनल इंट्रेस्ट है, हम मंत्री हैं तो परमानेंट नहीं है, ये हाऊस हमारा परमानेंट नहीं है, आप जिस फ्लैट में रहते हैं, वह आपका परमानेंट नहीं है। अपनी ड्यूटी बजाते हैं, बैटिंग करते हैं, बॉलिंग करते हैं, हर सरकार कोशिश करती है कि विकेट भी बचे और अधिक से अधिक रन भी बनाएं। तो विकेट बचाते हुए रन बनाने कि वे कोशिश करते हैं। कम समय के लिए ही रेल मंत्री हुए, यदि रेलवे में घाटा हुआ है, तो इसके ये जिम्मेवार नहीं हैं, मैं इनको जिम्मेवार नहीं मानता हूं। लेकिन उसके क्या कारण हैं, रेल मंत्री जी जब इसका जवाब देंगे, तो वे बतलाएंगे। लेकिन मैं पूर्व रेल मंत्री के नाते खड़गे साहब से कहना चाहता हूं । तीन तिथियाँ महत्वपूर्ण हैं। एक तिथि है पाँच फरवरी का, इस दिन रेलवे बोर्ड की तरफ से यह सुझाव आया कि पैसेंजर भाड़ा को 10 पर्सेंट बढ़ाया जाए और माल भाड़ा को पाँच पर्सेंट बढ़ाया जाए। ...(व्यवधान) उसके बाद छः फरवरी को सरकार ने उसे मंजूरी देने के लिए हस्ताक्षर कर दिये। 11.02.2014 को प्रधानमंत्री इसकी स्वीकृति देते हैं। उसमें क्या लिखा जाता है, जो एक्जैक्ट वर्डिंग है, फाइल में लिखा जाता है कि

"This was discussed by the hon. Minister of Railways with the hon. Prime Minister on 10th of February, 2014 when the undersigned was also present. At the hon. PM's suggestion, it was decided to implement the fare and freight revision with effect from the first week of May, 2014."

मतलब उस समय ही डिसीज़न हो गया था कि इसको 10 पर्सेंट और पाँच पर्सेंट बढ़ाया जाए। लेकिन यह अंत में फैसला लिया गया कि यह चुनाव के बाद, मई के बाद लागू होगा। क्यों? जब लागू करना था, तो उसी समय आपने लागू क्यों नहीं किया?...(व्यवधान) सुनिए, यदि हम गलत बोलते हैं, तो आपके भूतपूर्व रेल मंत्री खरगे साहब यहां बैठे हैं। हम डेटवाइज जवाब देंगे।...(व्यवधान) फिर सुनिए, 16 तारीख को जब रिजल्ट आ रहा था, तो आफ्टरनून में रेलवे बोर्ड ने उसको जारी कर दिया कि यह किराया बढ़ेगा। उसके बाद शाम को तत्कालीन रेल मंत्री ने लिख दिया कि नहीं, यह किराया अब नहीं बढ़ेगा, इसे अगली सरकार के ऊपर छोड़ दिया जाए। 16 तारीख की दोपहर में रेलवे बोर्ड आदेश जारी करता है कि रेल का किराया बढ़ेगा।...(व्यवधान)

**श्री तारिक अनवर (कटिहार):** रेलवे के बारे में रेलवे मिनिस्टर जवाब दें।

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI D.V. SADANANDA GOWDA): I will deal with this matter threadbare during my reply to the discussion on the Railway Budget. I will not go back from this. Of course, we had the guts to implement it; you didn't have the guts to implement it. … (*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** हमने इसीलिए कहा कि यदि रेलवे के ऊपर 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा चल रहा था और वह भी रेलवे फेयर के संबंध में, तो रेल मंत्री के सामने, चाहे उस समय रेल मंत्री खरगे साहब हों या गौड़ा जी हों, उनके सामने कोई चारा नहीं था कि रेल भाड़े में वृद्धि न करे। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि यदि वह भी रेल मंत्री के रूप में दुबारा आते तो जैसा उन्होंने कहा था कि मई के पहले सप्ताह में भाड़े में वृद्धि होगी, तो भाड़े में आप वृद्धि कर ही देते। उसको आप लोग इतना बड़ा इश्यू क्यों बना रहे हैं?...(व्यवधान) वर्ष 1990 में हम लोग वीपी सिंह जी की सरकार में थे, सरकार अल्पमत में आ गयी और यह हुआ कि सरकार जा रही है। कैबिनेट की लास्ट मीटिंग हुई, कैबिनेट की मीटिंग में यह तय हुआ कि पेट्रोल का दाम बढ़ाया जाए। हम लोग यंग थे, हमने विरोध किया। हमने कहा, प्रधानमंत्री जी, हम लोग अब जा रहे हैं, अब हम यह पाप क्यों लें और पेट्रोल के दाम बढ़ाकर जाएं। इस पर वी.पी. सिंह जी ने कहा, राम विलास जी, अभी हम पेट्रोल का दाम इसलिए बढ़ा रहे हैं कि अभी चुनाव होने में तीन-चार महीने

हैं और हर दिन 75 करोड़ रुपये का घाटा होने वाला है। यदि हम दाम बढ़ाकर नहीं जाएंगे, तो पन्द्रह-बीस दिन के यह होगा कि आज पेट्रोल के कारण जो महंगी गाड़ी चल रही है, वह बंद हो जाएगी, तो क्या आप गाड़ी को बंद करना चाहते हैं या चलाना चाहते हैं? हम भी रेलवे मिनिस्टर रहे हैं। रेलवे में हर मिनिस्टर क्यों मांग करता है, क्यों कहता है कि हमको रेलवे को चलाने के लिए इतना पैसा दीजिए।...(व्यवधान) आप कहते हैं कि हमने रेलवे का किराया नहीं बढ़ाया, हम वर्ष 1990 की बात कर रहे हैं।...(व्यवधान) 20 साल हो गए, अब आप क्यों बार-बार उठते हैं। यह गलत बात है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Mr. Minister, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

**श्री राम विलास पासवान :** तीसरी चीज है पेट्रोल का दाम। पेट्रोल का दाम पहले से ही डिकंट्रोल है। यह बात सबको मालूम है। चौथा मुद्दा है डीजल के दाम का। यूपीए सरकार की नीति थी कि हर महीने डीजल का दाम 50 पैसा बढ़ाया जाएगा। चुनाव के समय दो महीने उसका दाम नहीं बढ़ाया, तो दो महीने बाद उसका दाम एक रुपया बढ़ना चाहिए। सरकार की जो पहले नीति थी कि डीजल का दाम 50 पैसे हर महीने बढ़ाया जाए, उसमें एक रुपया बढ़ाया गया और उसके बाद इराक का मामला आया। हमारे साथी ने ठीक ही कहा कि इराक की घटना के बाद क्रूड आयल की कीमत 115 डालर हो गयी है।

इसका यह मतलब होता कि या तो थोड़ा दाम बढाएं या फिर टैक्स लगाएं। सरकार के लिए छिपाने के लिए कुछ नहीं है, सारा कुछ साफ है। अभी इस सरकार को बने 42-43 दिन ही हुए हैं। सरकार काम कर रही है और यदि केन्द्र सरकार की कोई गलती होगी तो हम उसे बताएंगे। इसलिए इस मुद्दे को लेकर पैनिक फैलाने की बात नहीं होनी चाहिए, कोई दाम नहीं बढ़ रहे हैं। जहां तक प्याज और टमाटर की बात है, हमारे जैसे लोग तो यह मानते हैं कि अगर प्याज या टमाटर का दाम बढ़े और उसका सीधा फायदा किसान को मिले तो कोई दुख नहीं है। हमारे एक साथी ने कहा कि प्याज-टमाटर का दाम बढ़ने पर ही हल्ला होता है, कार का दाम एकदम से 15 लाख रुपए और उससे भी ज्यादा बढ़ जाता है तो कोई चिंता नहीं करता। हमें चिंता इस बात की है कि किसान को दाम कम मिलता है, बीच में बिचौलिए और जमाखोर ज्यादा कीमत वसूल करके अंधाधुंध मुनाफा कमाते हैं। हमारी सरकारी की, नरेन्द्र मोदी जी की नीति है कि कोई भी जमाखोर हो या बिचौलिया हो, हम उसे कड़ी से कड़ी सज़ा देंगे। मैं समझता हूं कि सदन को इस

* Not recorded.

पर एकमत होना चाहिए और ऐसे राष्ट्रद्रोहियों के साथ कोई मुरव्वत नहीं की जाए, बल्कि सख्ती से निपटा जाए। यही मैं आपसे कहना चाहता हूं।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Mr. Chairman, Sir, I would like to seek a clarification.

HON. CHAIRPERSON : I will allow only one clarification. I cannot allow others because we have already taken five hours for this discussion.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sir, my name has been taken often by the hon. Minister and they are telling that I was also responsible for this. बहुत सी चीजें आपके सामने आई हैं, उनका थोड़ा स्पष्टीकरण होना चाहिए। मंत्री महोदय ने कई सुझाव दिए, समाधान भी बताया और क्या कदम उठाए हैं, उनके बारे में भी कहा।...(व्यवधान) आप चुप रहें। बकरीद में बचेंगे तो मोहर्रम में नाचेंगे। मंत्री महोदय बता रहे थे कि प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एक मीटिंग हुई, जिसमें सभी प्रदेशों के मुख्य मंत्री या फूड मिनिस्टर्स आए थे। उनके सामने चर्चा हुई कि प्राइस राइज़ को कैसे रोका जाए।

**श्री राम विलास पासवान:** सभापति जी, मैंने इनका नाम सिर्फ रेलवे के सम्बन्ध में लिया था, दूसरे किसी सम्बन्ध में नहीं। खाद्य मंत्री ने नियम 193 के तहत जब चर्चा का जवाब दे दिया तो उसके बाद किसी और को बोलने का अधिकार नहीं रहता। आपका जो नाम लिया गया, हम मानते हैं कि रेल मंत्री के रूप में जो आपने काम किया था, उस सम्बन्ध में तीन तारीखें मैंने बताई थीं। पहले तो पांच तारीख, फिर छः तारीख और फिर 11 तारीख का जिक्र किया था। अंत में 11 तारीख को स्वीकृति देकर यह कहा गया कि मई के प्रथम सप्ताह में इसे बढ़ाया जाए और 16 तारीख को रेलवे बोर्ड ने दिन में दो बजे दाम बढ़ाने का फैसला लिया तथा शाम को सात बजे आपने नहीं बढ़ाने का फैसला लिया। इस सम्बन्ध में यदि आपको कुछ कहना हो तो रेल मंत्री जी यहां मौजूद हैं, वह जवाब दे देंगे।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मुझे स्पष्टीकरण पूछने का हक है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please cooperate. I have allowed him.

… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : When the Chairman has given permission, I do not think they can object now. मैं इतना ही जानना चाहता हूं कि उस मीटिंग में जब आपने निर्देश दिया तो किस-किस राज्य में कितने होर्डर्स और ब्लैकमार्केटियर्स को अरेस्ट करके इस बढ़ती मूल्य वृद्धि को कम करने की कोशिश की गई?

HON. CHAIRPERSON: Your question has already been answered.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** हमारे साथी हुडा साहब ने तीन सवाल पूछे थे। उन्होंने पूछा था कि जब मोदी जी गुजरात के मुख्य मंत्री थे, तो एक ग्रुप आफ मीटिंग के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महंगाई कम करने के लिए सुझाव दिए थे। उस बारे में जवाब नहीं आया।

तीसरी चीज यह है कि बार-बार आप यही बोलते जा रहे हो कि आप ही के जमाने में ऐसा हुआ। ठीक है हमारे जमाने में प्रस्ताव आया और आने के बाद हमने उसे देखा और हमने उसे डैफर किया। जैसा आपने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के जमाने में पेट्रोल के दाम के लिए जब आपने सुझाव दिया तो उन्होंने यही कहा कि गाड़ी चलाने के लिए हमें ऐसा करना पड़ता है। वह सुझाव था तो उसे आपने मान लिया लेकिन हमारा भी यह सुझाव था कि जब दाम बढ़ गये हैं तो आगे आने वाली सरकार इस पर सोच-विचार करके निर्णय लेगी और हम इसे विद-ड्रॉ कर लेंगे। हमने उस आर्डर को विद-ड्रॉ कर लिया लेकिन बार-बार आप वही बात ठोकते जा रहे हो। I have withdrawn that. Therefore, you have no right to say that often.… (*Interruptions*) Therefore, this reply is not satisfactory and there is no solution in the Government. Therefore we do not want.… (*Interruptions*) You are not giving any solution… (*Interruptions*) This reply is not satisfactory. We walk out.

**<u>17.52 hrs</u>**

*At this stage, Shri Mallikarjun Kharge and some other hon. Members left the House.*

… (*Interruptions*)

---

**17.52 ½ hrs.**

## OBSERVATION BY THE CHAIR

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, before we take up the consideration of the National Institute of Design Bill, 2014, as passed by Rajya Sabha, I have to inform the House that hon. Minister Shrimati Nirmala Sitharaman, *vide* communication dated 8th July, 2014, has intimated that the President having been informed of the subject matter of the National Institute of Design Bill, 2014, has accorded his sanction to the moving of the Bill in the House under Article 117 (3) of the Constitution.

---

**17.53 hrs.**

## NATIONAL INSTITUTE OF DESIGN BILL, 2014

**(As passed by Rajya Sabha)**

HON. CHAIRPERSON : Now, the Hon. Minister.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): I beg to move:

> "That the Bill to declare the institution known as the National Institute of Design, Ahmedabad, to be an institution of national importance for the promotion of quality and excellence in education, research and training in all disciplines relating to Design and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration. "

Sir, with your permission, I would like to make a brief statement about the Bill which has been passed before coming before this House for consideration.

The National Institute of Design, Ahmedabad was set up in the year 1961 and it was registered as a society under the Societies Act of 1860 and also it was registered under the Bombay Public Trust Act, 1950 by the Government of India in the Ministry of Industry. It is an autonomous institution. It conducts graduate and post-graduate programmes in the area of design education.

Now, NID, Ahmedabad is already striving for excellence in this area. It is in the field of design. Its students and its alumni are really spearheading a design initiative in India. However, in spite of all this, Indian design actually has not been fully exploited. The potential is remaining to be exploited fully. There is an immense scope to have future growth for imparting design education with a certain international benchmarking. Through this legislation, it is that kind of a power that we would want to give by recognizing it as a national institute of importance. Therefore, the National Institute of Design Bill, 2014, *inter alia*, will be providing for declaration that it is a National Institute of Design and an institution of national importance. It will create a body corporate through which quality and excellence in design education can be imparted, and honorary degrees, graduate programmes, post-graduate programmes can all be conducted by this Institute of Excellence, which has achieved a great deal of remarkable work both in India and in countries abroad, particularly in Africa seven countries are linked with NID in India.

This Bill is now proposed for consideration and passage in this House. However, briefly I will just give you a backdrop of how this process has come to be today. This National Institute of Design Bill, 2013, as it was called earlier, was introduced in the Rajya Sabha on March 11, 2013 by the then hon. Minister of Commerce and Industry. Then, it was sent to the Departmentally-related Parliamentary Standing Committee on Commerce, and the 111th Report of this Committee has very clearly come up with a lot of recommendations; all of which have been taken on board now. And post that, on 26th August, 2013 itself, this Bill was presented in the Rajya Sabha. However, it could not get passed. The same

was then laid on the Table of the House in the Lok Sabha on the same day, that is, the 111th Report of the Departmentally-related Parliamentary Standing Committee with all the recommendations on the Bill, 2013.

The Rajya Sabha unanimously, of course, passed the National Institute of Design Bill, 2014 with minor amendments, and it is this, which is now being tabled in this House for consideration and passing.

Sir, with these few words, I would commend this Bill to the House.

HON. CHAIRPERSON : Motion moved:

"That the Bill to declare the institution known as the National Institute of Design, Ahmedabad, to be an institution of national importance for the promotion of quality and excellence in education, research and training in all disciplines relating to Design and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर):** सभापति जी, आज संसद में मेरी यह पहली स्पीच है, इसलिए मुझे बोलने के लिए समय दिया जाए। मैं माननीय सांसदों से भी कहना चाहता हूं कि मुझे अपनी बात सदन में रखने के लिए समय दें।

आज नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन अहमदाबाद के बिल पर चर्चा हो रही है। हम इस बिल का स्वागत करते हैं। चूंकि इस सरकार का यह नियम है कि जब भी वह कोई निर्णय लेती है, तो पिछली सरकार को श्रेय देती है। इसलिए एनआईडी अहमदाबाद के लिए भी मैं यूपीए सरकार को श्रेय देना चाहूंगा। महोदय, यहां रामविलास पासवान जी बैठे हैं। उन्होंने एक गाड़ी का उदाहरण दिया था। इस उदाहरण पर मैं थोड़ा बोलना चाहूंगा। जब भी कोई व्यक्ति गाड़ी चलाता है, तो आगे देख कर गाड़ी चलाई जाती है। लेकिन यह जो नई सरकार है यह गाड़ी पीछे देख कर चलाती है। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि अगर देश को आगे ले जाना है, तो आगे की तरफ देखे। अगर सरकार पीछे की तरफ देखेगी तो दुर्घटना हो जाएगी।

The National Institute of Design is a prestigious institution. We are extremely proud of this institution. In this institution, विद्यार्थी कम्यूनिकेशन पढ़ सकते हैं, इंजीनियरिंग पढ़ सकते हैं, टेक्नोलोजी की डिग्री ले सकते हैं और आज इस बिल के बाद उन्हें सर्टीफिकेट मिल सकता है। एनआईडी अहमदाबाद रिसर्च कर सकता है, कंसल्टिंग एसाइनमेंट्स कर सकता है। यह बहुत महत्वपूर्ण चीजें इस बिल के द्वारा हो सकती हैं। मैं दोबारा सरकार का विरोध करते हुए पिछली सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने सिर्फ एनआईडी अहमदाबाद पर काम नहीं किया, एनआईडी जोरहाट का उद्घाटन किया, एनआईडी भोपाल का उद्घाटन किया, एनआईडी हैदराबाद का उद्घाटन किया और एनआईडी कुरूक्षेत्र का भी उद्घाटन किया। मैं नई सरकार से प्रार्थना करूंगा कि पिछली सरकार की तरह वह सिर्फ एक सैंटर को सैंटर आफ एक्सिलेंस न बनाए, बल्कि एनआईडी जोरहाट, एनआईडी भोपाल, एनआईडी हैदराबाद और एनआईडी कुरूक्षेत्र, इन चारों को ही सैंटर आफ एक्सीलेंस बनाना चाहिए।

**<u>18.00 hrs.</u>**

यह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एक बहुत ही महत्वपूर्ण इंस्टीट्यूट है। इसमें इंडस्ट्रियल डिजाइन पर ट्रेनिंग होती है, क्लासेज होते हैं। हम ज्यादातर लोग सोचते हैं कि एनआईडी में जो लोग जाते हैं, वे आईटी पर काम करेंगे या ग्राफिक्स पर काम करेंगे लेकिन इंडस्ट्रियल डिजाइन, उद्योग पर भी यहां पर बहुत डिजाइन के काम हो सकते हैं। आज हमने फूड प्रोसैसिंग और कोल्ड स्टोरेज पर चर्चा की। सरकार ने कहा कि अगर हमें आगे बढ़ना है तो हमें कोल्ड स्टोरेज बनाने पड़ेंगे। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि यह जो सरकार है, वह एनआईडी को एक खास प्रोजेक्ट दे कि वह कोल्ड स्टोरेज का डिजाइन निकाले। फूड प्रोसैसिंग का भी एक डिजाइन निकाले। लेकिन यह देखा जाता है कि...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Just a minute, please.

Hon. Members, it is now, 6 o'clock. If the House agrees, we may extend the time of the House to pass this Bill.

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Sir, it is a non-controversial Bill, which was approved by the other House also. After the hon. Member completes his speech, let us pass the Bill today itself.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, it is an important Bill. We may be given two-three minutes each to speak on this Bill.

HON. CHAIRPERSON: If there are any specific suggestions, it can be done. Let us not take more time on this Bill. So, I would request the hon. Members to be very brief.

So, the time of the House is extended up to 7 o'clock. After this Bill is passed, we will take up Zero Hour.

Hon. Member, you may please continue your speech.

SHRI GAURAV GOGOI : Sir, my suggestion on this Bill is that since we are talking about cold storage and food processing, the NID should be given a special project to design cold storage solutions and food processing solutions for local farmers.

Unfortunately, this Government is outsourcing all its work to FDI and PPP. It has lost the faith on local institutions. Instead of brining FDI in cold storage, PPP in railways, any design-related projects should be taken by the NID.

Sir, we must plan. This is an institution, which is under the Department of Commerce. But as our Food Minister has show, if we want to plan anything for

the future, various Ministries need to sit together. Unfortunately, the NDA Government has banned the Group of Ministers approach. But they themselves are following it in the recent Food Ministry meeting. In the future, given the NID, this Department of Commerce should sit with the Department of Education and together they should sit with the Department of Skill Development and plan for the future roadmap of this NID Institution, which we are all proud of.

With this, I support this Bill.

DR. BOORA NARSAIAH GOUD (BHONGIR): Hon Chairperson, an institute of this kind definitely helps to increase the skill of the software professionals, mechanical engineers and others.

As you said earlier, this type of institute was already existing in Ahmedabad. Initially, it was proposed in Hyderabad also. But somehow, the Hyderabad National Institute of Design had been shifted.

Sir, it is my request and I wish to place it on record. Telanga is a newly formed State and it definitely deserves NID because there are a lot of human resources available in Hyderabad. So, I would request the Government to consider to establish this NID also in Hyderabad as early as possible. It will definitely benefit our State.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Sir, I rise to support this Bill. There is nothing very controversial. But it was passed by Rajya Sabha only yesterday. The Government should have given, at least, one day's time if anybody had to move any amendment. We must be a little more careful about legislation being brought forward.

The National Institute of Design, as pointed out by Mr. Gogoi, is a very prestigious institution. It has done excellent work over the last 50 years. Now, many people are not quite clear about what design is.

Here, it is clearly defined that '"design" means a rational, logical and sequential innovative process for the purpose of transferring culture to viable products and services and for providing a competitive edge to products and services, and includes industrial design, communication design, textile and apparel design, lifestyle design, experimental design, exhibition design, craft and traditional sector design.'

We have got National Institutes of Fashion Technology all over the country but this National Institute of Design has taken a holistic design model where even a newspaper design can be carried out. There is a great demand among students who aspire to join this National Institute of Design but unfortunately there is only one institute, the National Institute of Design at Ahmedabad, with branches at Gandhinagar and Bengaluru.

We strongly urge the Minister to consider setting up of more branches, especially in the Eastern Region, especially at Kolkata. I hope the Government will give enough money and support so that the excellent work that is being done by this institute will continue.

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): Sir, I support this Bill.

As the previous speaker has already pointed out, sufficient time is not given though the Bill has been pending for the last one year. Despite that, once it was passed in Rajya Sabha, this House, the newly elected and constituted House, and its Members should also have the opportunity to study the Bill and find out if there are certain comments or suggestions or proposals for amendments to make.

However, I do feel that rich tribute has to be paid to this institute, its alumni of this institute and also to the teachers. They have done a tremendous job for more than 50 years and have earned laurels for the country. In this era of knowledge society, particularly technology driven, creativity infused society, India can have the leadership for the whole world. Our people, particularly those who have passed out from this institute, have shown it in various fields. It is not only just traditional way of designing but it has enormous potentiality. For that purpose, I think that since I come from West Bengal, I know many students are studying in this institute at Ahmedabad. People do aspire to join this course. As Prof. Saugata Roy pointed out, though you have branches, the original campuses are in Bengaluru and Gandhinagar. Then you have branches at Jorhat and Hyderabad. But there is nothing in Eastern India. So, I do urge this new Government, because the Prime Minister is also emphasizing on skill development, and since this is a specialized skill, I think Eastern India can also contribute in large measure. So, in that case, will the Government also consider having a campus in Eastern India, particularly in West Bengal?

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): Sir, the National Institute of Design Bill is a Bill which possibly is something which we should have thought about because this particular institution that we are talking about is an institution of prestige. Now we are talking about making it an institution of national importance. The fact is that this particular institution offered a diploma degree and there was a need to create an institution where it could be recognized by other bodies across the country and across the world.

Sir, when we talk about design, Robert Frost said, "The artist in me cries out for design". This is what exactly happens when we plan out designing. Even a shoe which we plan out एक जूता जो हम सामान्य रूप से पहनते हैं, कहने के लिए तो वह एक सामान्य जूता होता है, लेकिन जब उसे पहन कर इंसान चलता है तो उसका स्वरूप उभर कर आता है, वह दिखाता है कि किस प्रकार से एक डिजाइन एक व्यक्तित्व को उभार सकता है।

Design is in everything. The microphone through which we are speaking, the podium which you are occupying, the Ashok Stambh which was an Ashokan Pillar 1000 years ago– all this is a design which has come in our history and it will carry on for a long time. The idea about this institution is that everything which is there is a design. Design is an invention which improves the quality of life and this needs to be improved about and that is why this particular institution, which we are talking, needed to be given a position in the system where the diploma which it offered could have a recognition across the country and across the world.

Initially, it was the University Grants Commission which was asked to give it a deemed status. When the University Grants Commission was asked to give it a deemed status, it did not recognize it because it said it was not a structured institution. But, I think, the National Institute of Design is something which should be given the flexibility to do innovation. That is exactly why today UGC has a problem in recognizing this as a deemed university. So, this is a big question and I am sure the Human Resource Development Ministry had said as to why flexibility was not offered in such institutions.

Since I will not like to take much time on it, Sir, it is an institution of high recognition. It will give more opportunities. The world over if we just have to give a reference to this institute of design, it is not new even in the United States of America. We are much late in it. I would just take a minute to tell you about the institutions which we are talking.

The Institute of Design in the United States in Rhodes Island was started in 1877. The Carnegie School of Design was in 1905. The Pratt Institute in New York was established in 1887. The Stanford University was established in 1891. We still have lagged behind but I must appreciate the Government and even the previous Government and all those who have worked on this to create this National Institute of Design, which will give the institute the status of national importance, which will be a part of the Central Government.

I must congratulate the Union Minister of Commerce for presenting her first Bill in the House. Certainly, it is going to be of par excellence in the times to come and we all conclusively support this Bill.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): Thank you, hon. Chairman, Sir. I am from Biju Janata Dal. We wholeheartedly support this National Institute of Design Bill, 2014, which is an institute of repute and the effort is to make it a centre of excellence. It is a very, very welcome step on the part of the Central Government. There is no question as to whether it is in Ahmadabad or elsewhere.

The Bill was introduced in March 2013 by the last Government. I would only suggest that let the manufacturing, which is going to be the most significant and contributing factor in the GDP coming forward, be widened and its scope be widened, so that manufacturing gets much more importance in the institute.

Since Odisha is thriving in the manufacturing sector, I would sincerely suggest that a branch of this institute be set up in the State of Odisha, which is the nerve centre of manufacturing in eastern India.

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Thank you, hon. Chairman, Sir, for giving me this opportunity and I must congratulate the entire House on bringing to fruition this particular Bill.

Education as a process is something which allows us in a structured manner like the NID to bring about the whole question of how design can be institutionalized. With the 3000 plus years of tradition and heritage and civilization, there is an immense amount of design, which is embedded in the ethos in the culture of our great nation. I can assure this House that many, many young people, boys and girls from Sikkim, who have actually gone to this great institution of National Institute of Design, have graduated and today are contributing immensely to this nation's work and the building of this nation.

I would congratulate the Government. Let us make this into an institute of national importance, bring forth its power and its soft power to the rest of the country and indeed to this world.

With these words, I would like to support this Bill and like to thank the Government for bringing this forward.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Thank you very much, Sir. Several Members have given a lot of their inputs, which are of great value. I have meticulously taken it in my notes. I am sure the Government will apply its mind on it.

All the centres will have to be equally endowed well so that they can become institutes of excellence. Although this Bill, I would like to make it a mention here, deals with the National Institute of Design, Ahmadabad, Gandhi Nagar and the Satellite Centre in Bengaluru, which, if and when this Bill gets passed through, will get the status of an Institute of national importance. But, however, in this context, on several suggestions, which have been mentioned by very many senior hon. Members, I will certainly apply my mind and also ask the Ministry to take those suggestions and forward them.

I will put on record that this Bill was worked through and presented by the last Government and a considerable work had been done by them. It is definitely appreciated by this Government. We are very grateful for this House to have considered it and today, I hope that it will get passed with the consent of all of you. The unanimity really touches me. I am very grateful for that.

With these few words, I will thank all the hon. Members who have made very useful and valuable suggestions.

I would request the House now to pass this Bill.

HON. CHAIRPERSON : The question is:

> "That the Bill to declare the institution known as the National Institute of Design, Ahmedabad, to be an institution of national importance for the promotion of quality and excellence in education, research and training in all disciplines relating to Design and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

HON. CHAIRPERSON: The House will now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 41 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 41 were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister may now move that the Bill be passed.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

HON. CHAIRPERSON: The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

---

HON. CHAIRPERSON : Now, we are taking up 'Zero Hour.'

Shri Ninog Ering.

**श्री निनोंग इरिंग (अरुणाचल पूर्व) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी और विदेश मंत्री जी का ध्यान एक गंभीर मामले की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हाल ही में जम्मू-कश्मीर और अरूणाचल प्रदेश का नक्शा चीन के हिस्से में दिखाया है। इसको और जो हमारा स्टेपल्ड वीजा का ईश्यू है, इसको हम बहुत गंभीर रूप से ले रहे हैं। हमारे राज्य की जितनी भी जनता है, वहां के रहने वाले जो निवासी हैं, वे केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हैं कि हम इसका खंडन करते हैं और हम चाहते हैं कि इसका एक परमानेंट सोल्यूशन किया जाये। हर बार इस मुद्दे को हमने उठाया है। प्रधानमंत्री के साथ उनकी भेंटवार्ता होती है, हमारे विदेश मंत्री वहां गए हैं। चाहे वह हमारी कांग्रेस की सरकार हो, यूपीए की सरकार हो या एनडीए की सरकार हो, यह मसला तब का है, वर्ष 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया था, घुसपैठ की थी और चीन अभी तक भी घुसपैठ कर रहा है। सदन के जितने भी हमारे माननीय सदस्य हैं, मैं उन सबसे अर्ज करता हूं, सभापति जी मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सरकार इसमें, जो हमारा स्टेपल्ड वीजा का ईश्यू हैं, उसमें एक परमानेंट सोल्यूशन या निर्णय लें। अरूणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की जनता खुद अपने आपको महसूस करते हैं कि हम भारतीय हैं। अरूणाचल प्रदेश के लोग अभी भी भारत के प्रति देशभक्ति की भावना रखते हैं। हमारे गृह राज्य मंत्री भी अरूणाचल प्रदेश से हैं और मैं स्वयं भी अरूणाचल प्रदेश का हूं। हम जानना चाहते हैं कि क्यों चीन इसको अपना इलाका मानता है? इसके लिए हम आदरणीय प्रधानमंत्री जी और विदेश मंत्री जी से जवाब चाहते हैं।

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):** महोदय, लोकतंत्र के इस पावन मन्दिर में आज आपने हमें प्रश्न के रूप में एक फूल अर्पित करने का जो अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं हृदय से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर के लोगों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस लोकतंत्र के मन्दिर में अपना आशीर्वाद देकर हमें भेजने का कार्य किया है।

महोदय, मैं एक गम्भीर प्रश्न के माध्यम से आपके सामने चर्चा लाना चाहता हूं। भारत के सूफी संत कबीर जिनकी पूरे विश्व में मान्यता है, ऐसे सूफी संत कबीर की निर्वाणस्थली मगहर के समीप एक आमी नामक नदी बहती है जिसका नाम कभी बुद्ध के काल में आमेय हुआ करता था। आमेय अमृत का पर्यायवाची है और भगवान बुद्ध जब सिद्धार्थ के रूप में अपने राजमहल का परित्याग करते हैं तो उसी आमेय नदी के जल को अपने हाथ में लेकर बौद्ध धर्म की तरफ अग्रसर होते हैं और वहीं से बुद्ध धर्म की शुरूआत होती है। उन्होंने ऐसे धर्म की शुरूआत की जो धर्म आज विश्व की आबादी के हिसाब से विश्व में सर्वाधिक आबादी पर अपना स्थान बनाए हुए है। चीन, कंबोडिया और श्रीलंका, इतने देशों की बड़ी आबादी पर बुद्ध

की विचारधारा आज मानसिक रूप से अपना अधिकार जमाए हुए है। 18 जुलाई, 2007 को केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के कहने के बावजूद भी कि यह नदी आज इतनी प्रदूषित हो गई है कि जिसका जल न तो मनुष्यों के लिए उपयोगी है और न जानवरों के लिए उपयोगी है, उसके बाद आज 9 जुलाई, 2014 आ गया है और यह जानने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश की सरकार उसके निर्मलीकरण के लिए कोई योजना नहीं लाई है। ...(व्यवधान) सभापति महोदय, मैं क्षमा चाहूँगा, चूँकि मैं आज पहली बार बोल रहा हूँ। दो मिनट हमें और दें। ...(व्यवधान) उस नदी में प्रतिदिन 12000 लीटर कचरा गिर रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि इस पर तत्काल रोक लगाने का आदेश देने की कृपा करें।

**श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) :** माननीय सभापति महोदय, मैं पहली बार लोक सभा का सदस्य बना हूँ और मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल में यह विषय रखने का अवसर दिया है। मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर आपका और आपके माध्यम से अपनी सरकार का ध्यान भी आकृष्ट करना चाहूँगा। बिहार का जो बक्सर क्षेत्र है, वह विश्वामित्र की पावन धरती है। विश्वामित्र जी की उस धरती पर स्वयं भगवान राम और लक्ष्मण आए और उनको शिक्षा दी गई तथा वहाँ ताड़का का वध भी हुआ था। यह वही धरती है। मैं उसी धरती से जीतकर आया हूँ। वहाँ की समस्त जनता, जिन्होंने हमें आशीर्वाद दिया है, हम उन सब लोगों को प्रणाम करते हैं, हृदयंगम करते हैं।

महोदय, यह विषय इसलिए महत्वपूर्ण है कि बिहार और उत्तर प्रदेश दो राज्यों से संबंध रखता है। बक्सर में गंगा पर जो सेतु बना हुआ है, वह पूरी तरह से बिहार और उत्तर प्रदेश की लाइफलाइऩ कहलाता है। वह लाइफलाइऩ आज ध्वस्त हो गई है। पूर्ववर्ती सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। कितनी बार उसको लेकर आंदोलन हुए। कुछ दिन पहले भी वह टूटा था, अब दूसरा टूट गया। अब पूरी तरह से आवागमन ठप्प हो गया है, उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली गाड़ियाँ पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई हैं। वहाँ का जनमानस जनआंदोलन के लिए उग्र हो रहा । वहाँ ध्वस्त और क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण के साथ-साथ गंगा नदी के बगल में चार लेन का एक दूसरा सेतु भी बने, इसके प्रस्ताव के लिए भी मैं केन्द्र सरकार से आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ।

**श्री छेदी पासवान (सासाराम) :** सभापति महोदय, मैं अत्यंत ही हृदय-विदारक घटना की ओर आपका तथा सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। दिनांक 24.6.2014 की रात्रि को मेरे संसदीय क्षेत्र के कैमूर जिला अंतर्गत खैरा ग्राम में शादी समारोह के दौरान अचानक एक मकान का छज्जा गिरने से एक साथ असंगठित क्षेत्र के छः मज़दूरों की जान चली गई और 45 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। मृतक एवं घायल परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत ही दयनीय एवं चिन्ताजनक है। अतः माननीय सभापति जी के

माध्यम से से मेरा सरकार से विशेष रूप से आग्रह है कि मृतकों के आश्रित परिवारों, दुर्घटना में घायल कामगारों के परिवारों को पर्याप्त आर्थिक एवं अन्य संभव राहत सहायता उपलब्ध कराने हेतु संबंधित श्रम मंत्रालय को आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें।

महोदय, मैंने स्थल निरीक्षण किया था और मैंने वहां ह्रदय विदारक घटना देखी थी। करीब 45 लोग बुरी तरह से ज़ख्मी हैं और छः लोगों की मृत्यु हुई है। मेरा आपसे पुनः विनम्र निवेदन है कि आप श्रम मंत्रालय को निर्देश दें कि मृतक परिवार के लोगों को पांच-पांच लाख रुपये और घायल लोगों को एक-एक लाख रुपये इलाज के लिए दिया जाए।

**श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) :** सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

16वीं लोकसभा में आने के बाद लोक महत्व के प्रश्न में बोलने का मेरा यह पहला मौका है। मैं इसके माध्यम से स्वतंत्रता के बाद से देश के सकल घरेलू उत्पादन में कृषि के हिस्से में निरंतर गिरावट आ रही है। वर्ष 2012-13 के राष्ट्रीय आय के अग्रिम प्राक्कलन के अनुसार सकल घरेलू उत्पादन में कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों का योगदान 13.7 प्रतिशत है। वर्ष 1950 में सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का अंश 51 प्रतिशत था। आज भी हमारी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी प्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। देश में कृषि की दुर्दशा के पीछे कई कारण हैं। किंतु अतिशय दुखद है कि नीति निर्माता, नौकरशाह आदि इस तथ्य की अनदेखी करते हैं। ऐसी परिस्थिति में बिचौलिए, जमाखोर, साहूकार आदि किसानों का अधिक शोषण करते हैं। विगत 13 वर्षों के दौरान पूरे देश में तीन लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। कृषि मंत्रालय के अधीन कृषि लागत और मूल्य आयोग, सीएसीपी कुछ कृषि वस्तुओं का न्यूनतम समर्थन मूल्य नीयत करता है। अक्सर ऐसा होता है कि सीएसीपी द्वारा नीयत न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के लिए लाभकारी साबित नहीं होता है। ऐसा लगता है कि सीएसीपी किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने संबंधी अपने कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रहा है। यदि उचित दिशा-निर्देश दे कर कृषि उत्पाद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य नीयत करने के लिए किसी पूर्णतः स्वायत कानून आयोग की स्थापना की जाती है तो देश में किसानों के कष्टों को कम करने में बहुत सहायता मिलेगी। अंततः ऐसा आयोग स्थापित किया जाए।

इससे साथ-साथ महाराष्ट्र में अकाल है, तो अकाल के सर्वेक्षण के लिए केंद्र से समिति भेजी जाए और ज्यादा से ज्यादा अनुदान दिया जाए, इसकी मैं मांग करता हूं।

**श्री शिवकुमार उदासि (हावेरी) :** महोदय, मैं श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर):** महोदय, मैं श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

**श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) :** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी और आदरणीय उमा भारती जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और उनका अभिनंदन करूंगा कि एनडीए सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपए का गंगा सफाई के लिए बहुत बड़ा प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसी तरह से महाराष्ट्र में गोदावरी नदी है, जो त्रियम्बकेश्वर से निकलती है, जो कि नासिक, कोपरगांव, पैठन, नांदेड़ और उसके बाद आंध्र प्रदेश में जाती है, जिसके बाद बंगाल की खाड़ी में गिरती है। गोदावरी नदी बहुत ही पवित्र नदी है। जिस प्रकार से गंगा एक पवित्र नदी है, उसी तरह से दक्षिण में गोदावरी नदी बहुत पवित्र नदी है। इस नदी के साथ-साथ कई धार्मिक स्थल हैं, जहां पूजा-पाठ होती है। आपने जिस प्रकार से गंगा नदी के लिए 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, उसी प्रकार से हमारी गोदावरी नदी की सफाई और क्लीलिनेस के लिए काम करे। गोदावरी नदी पर जायकवाड़ी डैम बना हुआ है, जिससे सम्भाजी नगर, औरंगाबाद शहर, जालना शहर और अन्य शहरों को पीने का पानी मिलता है। इसके लिए भी नदी स्वच्छ होनी चाहिए। दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा कि गंगा नदी की पूजा-पाठ के लिए जिस तरह से हरिद्वार में घाट है, अन्य जगह घाट है, उसी तरह से पैठन में भी गोदावरी के किनारे घाट होना चाहिए ताकि लोग वहां पूजा-पाठ कर सकें। यह होने से गोदावरी का प्रदुषण कम हो जाएगा और जिस तरह से हमारी गंगा पवित्र नदी है, उसी तरह से गोदावरी नदी भी पवित्र रहेगी। मैं इसके लिए आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा।

**साध्वी निरंजन ज्योति :** माननीय सभापति महोदय, इस ज़ीरो आवर में आप ने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इस लोक सभा में पहली बार बोलने के लिए खड़ी हुई हूं और मैं पिछड़े हुए समाज के लिए बोलने के लिए खड़ी हुई हूं।

महोदय, ऐसी जातियां हैं, जो गंगा, यमुना नदियों के किनारे निवास करने वाली जातियां हैं, जिनका व्यवसाय मोरम, मछली पकड़ना, नदियों के किनारे सब्जी उत्पन्न कर के अपने बच्चों का पालन-पोषण करने का था। उनका यह व्यवसाय पूरा-का-पूरा छिन गया। ट्रकों से, ट्रेनों से जब व्यवसाय होने लगा तो उनका नदियों के माध्यम से व्यवसाय छिन गया।

माननीय सभापति महोदय, ये सत्रह जातियां हैं जिनमें निषाद, बिंद, कश्यप, मांझी, कहार, प्रजापति, मल्लाह, केवट, राजभर, भर, धीवर, कुम्हार, तुरहा, बियार, गौड़, बाषम, मछुआ इत्यादि हैं। ये सारी की सारी जातियां जिनके बारे में वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश सरकार में तत्कालीन मुख्य मंत्री माननीय मुलायम सिंह ने

यह घोषणा की थी कि हम इन को अनुसूचित जाति में शामिल करेंगे। मुझे लगा कि ये सचमुच में शामिल करना चाहते हैं। अब इस समाज को न्याय मिलेगा। यह समाज जो शैक्षिक दृष्टि से, आर्थिक दृष्टि से, सामाजिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है, मुझे लगा कि इस समाज को न्याय मिलेगा।

महोदय, केन्द्र में भी कांग्रेस की सरकार थी। उसको मुलायम सिंह जी समर्थन दे रहे थे। हम वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2007 तक प्रतीक्षा करते रहे कि ये करेंगे, पर उन्होंने नहीं किया। तत्कालीन कांग्रेस की जो सरकार थी, मुझे लगा कि यहां उठाए गए मुद्दे पर कांग्रेस सरकार इस समाज को न्याय दिलाएगी। वर्ष 2012 में जब मैं विधान सभा में पहुंची तो मैंने अपना क्वैश्चन लगाकर सपा सरकार के मुख्य मंत्री से पूछा, परन्तु उत्तर नहीं मिला।

HON. CHAIRPERSON : You come to the specific point.

**साध्वी निरंजन ज्योति :** मैं कहना चाहती हूं कि इस समाज को न्याय मिले क्योंकि यह पिछड़ा हुआ समाज मोरम माफियाओं के कारण नदियों के किनारे बाड़ी लगा कर अपना जीवन-यापन नहीं कर सकते। नौकाओं का जो ठेका होता है, उन ठेकों में भी बाहरी लोग, अन्य समाज के लोग लेने लगे। मछली पकड़ने के लिए भी अन्य समाज के लोग ठेका लेने लगे।

महोदय, मैं आप के माध्यम से इस समाज के लिए न्याय की मांग करती हूं कि इन को अनुसूचित जाति में शामिल करें। जिस प्रकार से मध्य प्रदेश में, दिल्ली में व अन्य प्रांतों में है, उसी प्रकार से उत्तर प्रदेश में इन सत्रह जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कर के न्याय दिलाया जाए।

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :** महोदय, अगर माननीय सदस्य इन जातियों की सूची हमें दे देती हैं तो अच्छा होगा।

*SHRI P.R. SUNDARAM (NAMAKKAL): Hon'ble Chairman Sir. I thank you for giving me an opportunity for raising an important issue pertaining to my Namakkal constituency. At the outset I wholeheartedly thank Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu and permanent General Secretary of AIADMK Dr.*Puratchiththalaivi* Amma for making me a Member of Parliament representing Namakkal parliamentary constituency. I now wish to raise an important issue. Agriculture and agriculture related industry remain as the backbone of our economy and poultry farming is also important. Namakkal and adjoining areas occupy the first place in the production of eggs of chicken in the country as 3 crore eggs are being produced every day by these poultry farms. Eggs are sent to different places of the country and foreign countries. Due to price rise every year, the price of fodder keeps on increasing and as a result of this the poultry farmers face huge losses. Many poultry farms have been closed and lakhs of labourers have lost their livelihood. Today the House has debated about price rise in detail. Food grains like broken rice, wheat, maize, etc., that are wasted in the warehouses of Food Corporation of India, should be provided to poultry farmers at subsidized prices. Food grains thus wasted create huge losses to the government exchequer. Hon'ble Supreme Court had urged the Union government to control wastage of food grains in the warehouses of FCI. In 2003-04, unusable and waste food grains from FCI to the tune of 10,000 tonnes were provided by the Union government to common people at subsidized prices. Thereafter this procedure was not followed. Around 90% of eggs that are being exported from India to foreign countries are produced from Namakkal. Due to this the Union government earns a lot of foreign revenue. I therefore urge upon the Union government, through this august House, to provide unusable and wasted food grains from FCI warehouses to poultry farmers at subsidized rates so as to benefit them.

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (GUWAHATI): Sir, through you, I would like to draw the attention of the House of a kind of dangerous trade that is going on unabated in my State Assam. It is the trade of kidnapping. Kidnapping has been going on unabated. It is on the rise, be it students, be it traders, be it petty businessmen, be it servicemen, be it girls, be it women. All have been kidnapped like never before. There is no law in the name, in my State. For the last eight years, the graph is going upwards. I would like to give some examples. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : It is not necessary. It is a State subject. Therefore, be brief.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Nearly 22,190 people have been kidnapped in eight years. So, I would draw the attention of the Home Minister that if such type of things go on, then it is a danger for the people, it is a danger for the public and it is a danger for their property also. Nobody is safe in my State. It is because of the inaction of the Government and because of the inefficiency of the Government that such things are happening. No one can go safely either during night time or even during day time. Even girls also cannot go to schools. This thing is happening in my State. Through you, I would like to draw the attention of the Home Minister so that it is taken care of.

HON. CHAIRPERSON: This is a State subject.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): I would like to associate myself with this.

HON. CHAIRPERSON: You send a slip, if you want to associate yourself with it.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): Thank you very much for giving me the opportunity during 'Zero Hour' to raise an issue of very serious importance of my constituency. I come from Balasore in Odisha. Balasore is known to most of us. It is a place where Agni and various other test missiles get fired. Many of us do not know that it is a place where more than 76 per cent people depend on agriculture. I have been trying for the last several days to get

this issue addressed, but I could not. Hence this is an effort to bring this issue to this august House.

Sir, the farmers of my area produce groundnut. NAFED is an institute of the Government of India which does the procurement of groundnut every year. This year, the last date for procurement of groundnut is 30th June. But the fact remains that the entire quantum of groundnut has not been produced by 30th June. I have been putting a lot of effort and request to several agencies to please extend this date at least by ten to 15 days so that the poor farmers of my area will be able to give their produce to NAFED. This year, the produce has been delayed because of unseasonal monsoon and things like that. It is my submission that NAFED should take into account this submission and extend it by ten to 15 days so that the farmers will get at least Rs.10,000 more than the hoarders and traders who are trying to catch hold of this produce. This is my submission. I would request the hon. Minister through you, to take this into account.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** माननीय सभापति महोदय, मैं पोखरण की उस धरती से आता हूं, सुदूर पाकिस्तान से लगती हुई उस धरती से आता हूं, जिस धरती ने इस देश के 120 करोड़ निवासियों का सिर सम्मान के साथ ऊंचा करने के लिए परमाणु बम का धमाका अपने गर्भ में सहन किया है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। साथ ही साथ मैं अपने नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसने मुझमें विश्वास व्यक्त किया और साथ ही साथ मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे इस मंदिर में उनका प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया।

माननीय सभापति महोदय, जहां इस सदन में मंगल ग्रह पर यान भेजे जाने पर चर्चा हो रही है, जहां इस सदन में बुलेट ट्रेन चलाने पर चर्चा हो रही है, मैं बहुत दुख के साथ इस बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, क्योंकि, दुर्भाग्य से अकाल हमारा सहोदर है और प्राकृतिक विपदाएं हमारे भाग्य में लिखी हुई हैं, मैं उस धरती से आता हूं, जिस धरती पर आज इस 21वीं सदी में भी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 10 लीटर की दर से भी पानी मिलना सुलभ नहीं है। मैं आपके माध्यम से इस सदन और सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र की उस जनता के लिए, जिसे पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, जिसके पशुओं को, क्योंकि, पशुपालन मेरे क्षेत्र की जनता का मुख्य आजीविका का साधन

है। हमारे पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है और इस विकट परिस्थिति में, जहां पशुओं की लगातार बिना पानी के मृत्यु हो रही है, मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि तुरन्त इस क्षेत्र में, इस दिशा में व्यवस्था करें और हमारे पशुओं को, और विशेष रूप से जो गायें हमारी खत्म हो रही हैं,उन्हें बचाने की दिशा में काम करें।

**श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी) :** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं। आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुमति दी है, मैं महाराष्ट्र के डिंडोरी क्षेत्र से आता हूं और ज्यादातर मेरे क्षेत्र में प्याज का उत्पादन होता है, जिसे मराठी में कांदा बोलते हैं। गवर्नमेंट को प्याज को जन आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत लाने से पहले सार्वजनिक डिस्कशन करने की जरूरत थी, जन आवश्यक याने प्याज जो खाता नहीं, वह तो कभी मरता नहीं, इसका मतलब प्याज जन आवश्यक चीज़ तो नहीं है। जब वह जन आवश्यक नहीं है तो एसेंशियल कमोडिटी एक्ट में कैसे?

प्याज की एक तो आयु मर्यादा बहुत ही कम होती है। वह जल्द ही खराब होने वाली चीज़ है। वैसे प्याज की खेती करना आजकल किसानों को बहुत ही मुश्किल हो रहा है, इसलिए इसे थोड़ा अलग नज़रिये से देखना चाहिए। मैं यह मानता हूं कि मार्केट में प्याज की कीमतें बहुत ही आसमान छू रही हैं, फिर भी मेरी विनती रहेगी कि प्याज को एसेंशियल कमोडिटी से निकालना चाहिए।

आज हमारे यहां इसके एक्सपेंडीचर में पौधा तैयार करने की लागत, बोने और फसल कटाई तक, भण्डारण और पाउडर का खर्चा करीबन एवरेज 70 हजार रुपये आता है और सब खर्चे मिलाकर उनको कभी-कभी प्रोफिट पांच हजार रुपये या दस हजार रुपये मिलता है। इसलिए बहुत सारे किसान आज भी हमारे यहां आत्महत्या करते हैं।

मेरी सरकार को एक और भी विनती है कि जो निर्यात शुल्क 500 डॉलर तक तय किया है, उसको शून्य करने की जरूरत है, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करूंगा कि हर किसान प्याज लगा सके, ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे मंडी में प्याज की किल्लत महसूस न हो। जिससे किसान और ग्राहक दोनों संतुष्ट रह सकें।

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) :** सभापति महोदय, मैं मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ छतरपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के छतरपुर जिले में बिजावर बकस्वाहा तथा बड़ामलहरा क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का विशाल भंडार है। सैकड़ों वर्ष पूर्व से यहां पर लौह अयस्क से लोहा प्राप्त किया जाता रहा है। प्राचीन काल में बिजावर में इस्पात की भट्टी चलती थी। पहाड़ों में आज भी उसके चिन्ह देखने को मिलते हैं। सर्वे की जानकारी के अनुसार वर्तमान में देश के जो इस्पात संयंत्र हैं, उनके समीप जो लौह अयस्क है, उससे 3 से 4 प्रतिशत से अधिक मात्रा में छतरपुर के पहाड़ों में जो अयस्क है, उसमें लोहा है, जो अधिक गुणवत्ता वाला है। किंतु पूर्व में विद्युत की कमी तथा रेलवे में सुविधा न होने से यहां इस्पात संयत्र स्थापित नहीं हो सका है। आज इस क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा विद्युत संयंत्र लगाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा रेल लाइन भी ललितपुर से छतरपुर तक बिछायी जा चुकी है जिसके कारण जिले में इस्पात संयंत्र स्थापित करना आसान हो गया है। बुंदेलखंड देश के पिछड़े क्षेत्रों में से एक है, जिसके औद्योगिक विकास के लिए उक्त संयंत्र की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा करायी गयी इन्वेस्टर्स मीट में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर कर रूचि प्रदर्शित की गयी थी। अतः सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र इस दिशा में कार्यवाही कर इस वर्ष की कार्य योजना में शामिल कर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा छतरपुर में स्टील कारखाना लगाये जाने की पहल प्रारंभ की जाए, ।

**डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) :** महोदय, मैं बिहार के बेगूसराय लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। 23 वर्ष पहले बेगूसराय जिले के कुशमाहोत, जो दुनिया की सबसे उर्वर काली जमीन है, वहां तत्कालीन केन्द्र सरकार ने मक्का अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की थी। 23 वर्षों में इस मक्का अनुसंधान केन्द्र ने अपने अनुसंधान के पेट से एक भी अनुसंधान के बीज की डिलीवरी नहीं दी है। वहां पदाधिकारी हैं, कर्मचारी भी हैं, हमारे पुरखों ने सैंकड़ों एकड़ जमीन दी है और आज वह मृत पड़ा हुआ है।

यह खुशी की बात है कि इस देश के राजनीतिक रंगमंच पर एक अद्भुत व्यक्तित्व का उपस्थापन हुआ है और जनता के बीच में अपेक्षाएं और आशाएं बढ़ी हैं। वर्तमान सरकार जिनके कृषि मंत्री, कृषि संस्कृति और संस्कार के बेटे हैं। हम उनसे आपके माध्यम से आग्रह करना चाहते हैं कि अनुसंधान केन्द्र में जो अनियमितताएं हुई हैं, लूटपाट हुई है और जो भ्रष्टाचार का आलम छाया रहा है, वे इसकी जांच करें और इसके विस्तार के लिए इसे पुनर्जन्म देने के लिए आवश्यक और अपेक्षित कार्यवाही करें। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जवाहर लाल नेहरू पुनर्निर्माण योजना के अंतर्गत शहरी गरीब के लिए घरों के निर्माण की योजना बनती है। इसके लिए केंद्र और राज्य से निधि प्राप्त होती है। केंद्र से पचास टका और राज्य से तीस टका प्राप्त होता है। जो योजना लाभार्थी है, वह दस टका देता है। मैं इस योजना की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं महाराष्ट्र के मावल क्षेत्र से हूं। पिंपरी चिंचवाड़ा कारपोरेशन को जवाहर लाल नेहरू रोजगार योजना के अंतर्गत 2050 मकानों को लिए करीब 6,500 करोड़ रुपए मिले हैं। इस योजना के अंतर्गत जो मकान बने हैं, गरीबों के लिए जो घर बने हैं, वे डिफेंस मिनिस्ट्री के अंदर जो जगह आती है उसमें बने हैं। मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता हूं कि एक आदमी कोर्ट में गया। कोर्ट ने जितने भी मकान बने हैं उन पर स्टे लगाया। केन्द्र अगर ऐसी योजना को इतनी बड़ी निधि देती है तो क्या कुछ कागज नहीं देखती है? केन्द्र को मैं सुझाव देना चाहता हूं कि ऐसी योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव को ठीक से देख ले।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) :** सभापति महोदय, मैं मूल रूप से इराक और सीरिया की स्थिति पर सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। हम लगातार इसे देख रहे हैं। पिछले दो महीनों से एवं इसके पहले जो स्थिति इराक और सीरिया में उत्पन्न हुई थी, जिसके कारण वहां के सामान्य नागरिकों, चाहे वे किसी भी समाज से संबंधित हों, हम उसमें नहीं पड़ना चाहते हैं, को बर्बरता और क्रूरता का शिकार होना पड़ रहा है। दुनिया में जो स्थिति उत्पन्न होती है, वह चिंता का विषय है। भारत की आबादी 1.25 करोड़ है। यहां के लोग दुनिया भर में काम करने जाते हैं। जिस प्रकार की घटना केरल की नर्सों के साथ हुई और मौसूल एवं तिरकित में रह रहे लोगों और परिवारजनों के साथ विदेश मंत्रालय का लगातार संपर्क होता रहा। वे कोशिश करते रहे कि उन्हें सुरक्षित वापस लाया जाए। हमें यह भी याद रखना होगा कि जिन्हें हम सुरक्षित ले कर आए हैं, उनमें बहुत लोग ऐसे हैं जो वहां जाने एवं रोजगार पाने के लिए कर्ज लिए थे। उन्होंने ट्रैवेल एजेंट को पैसे दिए थे। जो वहां रोजगार दिलाते हैं उनको पैसे दिए थे। बहुत सारे लोग लौट कर यहां आए हैं। कुछ नर्सेज और वहां काम करने गए कुछ लोग लौट कर नहीं आ पाए हैं।

सभापति महोदय, चिंता इस बात की है कि मौसूल और तिरकित में अभी भी बहुत सारे कंस्ट्रक्शन लेबर्स फंसे हुए हैं। सरकार ने अपनी तरफ से भरपुर प्रयास किया है। मैं सुषमा स्वराज जी, अपनी सरकार को और तमाम डिप्लोमैटिक मिशन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे पता है कि भारत की कुछ एजेंसियों ने वहां जा कर उनसे संपर्क साधा है और भारत के नागरिकों को वापस ले कर आए हैं। यह एक मानवीय विषय है। हमारे लोग दुनिया भर में जा कर काम करते हैं, उनको पूरी दुनिया का सहयोग मिला हैं लेकिन

चिंता यह है कि जिस प्रकार से यहां की घटनाएं हो रही हैं, जो लोग सामान्य रूप से वीडियो और एम.एम.एस देखते हैं, जिस क्रूरता के साथ वहां पर आपसी संघर्ष हो रहे हैं, उन वीडियो को जिनका प्रसारण पूरी दूनिया में हो रहा है, अगर देखा जाए तो उस क्रूरता का दूसरा स्वरूप हम कहीं नहीं देख सकते हैं।

महोदय, जो अस्थिरता इराक और सीरिया में उत्पन्न हो गई है, यह चिंता का विषय है। जो भी ताकते इसमें लगी हुई हैं, किन के बीच में झगड़ा है, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। इससे पूरे दुनिया में एक अस्थिरता का माहौल उत्पन्न होगा। महोदय, मैं यह प्रार्थना करना चाहता हूं, यह आग्रह करना चाहता हूं कि मिडल ईस्ट में युद्ध की स्थिति बन चुकी है, उसमें सुधार आए। विशेषकर, जो नागरिक अभी भी इराक या अन्य स्थानों पर फंसे हुए हैं उन्हें वापस लाने के लिए सरकार ने पहल की है। मैं सरकार को बधाई देने के साथ-साथ यह भी कहना चाहता हूं कि जो शेष लोग आना चाहते हैं उन्हें वापस लाया जाए। जिन लोगों को वापस लाया गया है, सरकार विशेष निधि से उन लोगों को कर्ज चुकाने और नए व्यवसाय करने या अतिरिक्त व्यवसाय देने की व्यवस्था करे। चाहे वे केरल के लोग हों, वे गुजरात के लोग हों, वे बिहार के लोग हों या वे मध्यप्रदेश के लोग हों, सरकार संवेदना के साथ उनकी समस्याओं पर विचार करें।

HON. CHAIRPERSON : Shri Shivkumar Udasi and Dr. Virendra Kumar are allowed to associate with the matter raised by Shri Rajiv Pratap Rudy.

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) :** आदरणीय सभापति महोदय, आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं। मैंने पिछली लोक सभा में इस विषय को लगातार उठाया था। इस विषय को सदन में बार-बार उठाने के बाद के बाद भी सफलता प्राप्त नहीं हुई थी। गुजराती में एक कहावत है : "बेरा कानें वात अथडातीनथी" आज मैं फिर से इस महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। गुजरात में 1663 किलोमीटर की सामुद्रिक सीमा पड़ती है और वर्षों से गुजरात मरीन टेरर्स से जूझ रहा है। राज्य के इतने लम्बे संवेदनशील सामुद्रिक सीमा को मद्देनजर रखकर कोस्टल सिक्युरिटी फेज़ वन का काम मरीन पुलिस स्टेशन, चैक पोस्ट तथा आउट पोस्ट स्थापित किए हैं। 12 और 5 टन की बोट द्वारा कोस्टल पैट्रोलिंग की जा रही है। समग्र भारत भर में फेज़ वन का कार्य पूरा करने में गुजरात अव्वल नम्बर पर है। फेज़ टू का काम अब शुरू हो गया है। सामुद्रिक सीमा के विस्तारों में कार्य करने और ऑफ्शोर पैट्रोलिंग करने के लिए अलग किस्म का अनुभव जरूरी है। उनके बारे में खास प्रकार के प्रशिक्षण वाले कर्मचारियों, कोस्टल पुलिस स्टेशनों में ड्यूटी बजाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके विशिष्ट कार्य के अनुरूप मूलभूत प्रशिक्षण देने के लिए रिफ्रेशर

कोर्स चलाने तथा पैट्रोलिंग वोट के ऑपरेशन और मेनटेनैंस के बारे में स्पैशल कोर्स चलाने की अति आवश्यकता है जिसके लिए अलग प्रकार की तालीम, शिक्षा की जरूरत है।...(व्यवधान)

मैं एक बात कहना चाहती हूं। मरीन पुलिस एकाडमी का निर्माण करने के लिए गुजरात सरकार ने कुछ खास पुलिस अधिकारियों की टीम को राज्य की सामुद्रिक सीमा का सर्वेक्षण करने के लिए भेजा था। जियोग्राफिकली और ट्रेनिंग के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं को मद्दे नजर रखकर गुजरात के लिए पोरबंदर-मरीन पुलिस एकाडमी के लिए अनुकूल है। राज्य सरकार ने इस एकाडमी के लिए केन्द्र की जरूरत के मुताबिक जामनगर जिले में 250 एकड़ जमीन निशुल्क देने के लिए सैद्धांतिक सहमति जताई है। इससे हम भारत सरकार को भी अवगत कराते हैं।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि मरीन टेरर्स से जूझ रहे गुजरात और देश की सुरक्षा की परिपूर्ति हेतु गुजरात राज्य में मरीन ट्रेनिंग एकाडमी की स्थापना की मंजूरी जल्द से जल्द दी जाए तथा वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य को देखते हुए ठोस कदम उठाए जाएं।

**डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) :** माननीय सभापति जी, मुम्बई में...(व्यवधान) Sir, Members are disturbing me and asking about the allotment of houses. ...(व्यवधान) मुम्बई में दो सप्ताह पहले जिस प्रकार की परिस्थिति में 20 साल, 22 साल के पांच नौजवानों की मृत्यु हुई, मैं इसके प्रति आपका और आपके माध्यम से सरकार, समाज का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वे जवान किसलिए मुम्बई आए थे। कोई गड़चिरोली आदिवासी क्षेत्र से आया था, कोई चंद्रपुर के पिछड़े क्षेत्र से आया था। गृह मंत्रालय की पुलिस की भर्ती में वे परीक्षा देने के लिए, नौकरी के लिए आए थे। मुम्बई जैसे शहर में दिन-दहाड़े साढ़े बारह बजे, डेढ़ बजे, दो बजे, तीन बजे सरकार और गृह मंत्रालय उनकी फिजिकल टैस्ट की परीक्षा मई और जून महीने में, मैं कभी ऐसा सोच भी नहीं सकता, एक ही दिन पांच लोगों की मृत्यु नहीं हुई। पहले एक की मृत्यु, दो-तीन दिन के बाद दूसरा, चार दिन बाद तीसरा, चौथा, पांचवा, 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। लेकिन वह सरकार कुभंकरण की सरकार रही। उन्होंने पांच लोगों की मृत्यु तक कुछ नहीं किया। सभापति महोदय, पूरा समाज उनके प्रति सरकार, गृह मंत्री, पुलिस कमिश्नर को रोज कह रहा था कि फिजिकल टैस्ट रोको। इनकी गरीबी का इस प्रकार से मजाक मत उड़ाओ। लेकिन आज तक न महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री न गृह मंत्री, केन्द्र का एक भी नेता, किसी ने क्षमा भी नहीं मांगी।

**19.00 hrs.**

जब मैं इन परिवारों को लेकर केन्द्र सरकार के गृह मंत्री माननीय राजनाथ सिंह के पास गया, तो उन्होंने इसमें दखल देकर इस संबंध में all these physical tests are being carried out. केन्द्र सरकार को

राज्यों से बात करके इसमें करैक्शन करना चाहिए और जो लोग दोषी हैं, उनको सजा मिलनी चाहिए। इनकी मदद व पुनर्वसन होना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जो परिवार बेघर हो गये हैं, उनके प्रति वह संवेदना व्यक्त करे और दूसरे राज्य में इस प्रकार की घटना न हो, यह देखे।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kamlesh Paswan, Shri Shivkumar Udasi and Shri Devji M. Patel associated themselves with the matter raised by Dr. Kirit Somaiya.

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** सभापति जी, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं जिस मुद्दे को आपके माध्यम से देश के सामने रखना चाहता हूं, वह पोलिटिकल भी है और सोशल भी है। देश को आजाद करवाने में पंजाब की कुर्बानियां 90 प्रतिशत से ज्यादा हैं, लेकिन आज पंजाब को जरूरत है कि देश पंजाब की तरफ ध्यान दे। देश पंजाब को सीरियस ले। आज पंजाब बहुत बड़े ड्रग क्राइसिस में आ गया है और वह ड्रग क्राइसिस पोलिटिकल है। मैं मैम्बर्स रेफरैंस सर्विस से पढ़ रहा हूं--According to the survey conducted by Shri Guru Nanak Dev University ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, the time of the House was extended up to 7 o'clock. Now there are three more Members to speak. So, if the House agrees, we may extend the time of the House till they complete their speeches.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

**श्री भगवंत मान :** सभापति महोदय, according to the survey conducted by Shri Guru Nanak Dev University, Amritsar पार्लियामैंट के मेरे पास डाक्यूमैंट्स हैं। 73.5 per cent of youth in the age of 16 to 25 years in Punjab is drug addicted. पंजाब की यह हालत हो गयी है। पंजाब के पैरेंट्स प्रैफर कर रहे हैं कि हमारे बच्चे इराक में भी जाकर काम कर लें, तो वहां पर सेफ रहेंगे। यहां पर मौत पक्की है, लेकिन वहां पर लक्की हैं। अगर बच गये, तो लक्की हैं, लेकिन यहां पर तो मौत पक्की है। पंजाब के गांव में सिविल कर्फ्यू लग गया है, क्योंकि बेटे अपनी मां को भी लूट सकते हैं। पंजाब के घरों मे सिविल कर्फ्यू लग गया है। जब बड़े-बड़े सप्लायर्स पकड़े गये तो उन्होंने ऑनरेबल मिनिस्टर का नाम लिया, लेकिन उनको आधे घंटे में ही क्लीन चिट दे दी गयी। अभी जो पकड़े जा रहे हैं, जो पोलिटिकल लोग हैं, वे आम लोगों की बात नहीं सुनते, ये सिर्फ वोटिंग मशीनों की बात सुनते हैं। पंजाब में वोटिंग मशीनों की आवाज सरकारों के खिलाफ आयी है, तो उन्होंने क्या किया? ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No allegations can be levelled.

**श्री भगवंत मान :** मैं एलीगेशन्स नहीं लगा रहा हूं। यह सोशल बात बता रहा हूं कि बड़े-बड़े मंत्रियों के नाम हैं। अभी उन्होंने छापे मारने शुरू किये। अब वे ड्रग एडिक्टिड को पकड़ रहे हैं। …(व्यवधान) माननीय मंत्री जी, मैं बताना चाहता हूं कि अब वे पैशंट्स को पकड़ रहे हैं जिनको डी-एडिक्शन सैंटर में होना चाहिए था। अभी पंजाब में 70 हजार डी-एडिक्शन सैंटर्स हैं। वे यही बताने के लिए काफी हैं कि छोटे से पंजाब में कितना नशा बिक रहा है। डूरिंग इलैक्शन कोड, जो पकड़े गये हैं, मेरे पास पार्लियामैंट का सर्वे है--हेरोइन 218 केजी, सिर्फ 25-30 दिनों में इलैक्शन कोड लगता है, कैनबिस 43 केजी, स्मैक 6 केजी, चरस 17केजी, सिर्फ एक महीने में इलैक्शन कोड के दिनों में पकड़ी जाती है। पंजाब ड्रग में पूरी तरह से धंस गया है। पंजाब के नौजवान फिजिकली टैस्ट पास नहीं कर पा रहे हैं, जो फौज या पुलिस में भर्ती होने के लिए चाहिए।

इसीलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इमीजिएट एक्शन लिया जाये। इसके लिए चीफ जस्टिस या रिटायर्ड जस्टिस का माध्यम बनाया जाये, ताकि पंजाब में ड्रग्स की सप्लाई रुके।

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** सभापति महोदय, झारखंड प्रदेश, खासकर गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो आदि क्षेत्रों में बीएसएनएल का नेटवर्क इतना दयनीय है कि लाइन चलते-चलते अपने आप ही कट जाती है। फोन के दूसरी तरफ वाला व्यक्ति कहेगा कि लाइन इन्होंने काट दी है। हकीकत में हमारे क्षेत्र में बोकारो डिस्ट्रिक्ट का जरीडी ब्लाक है, जहां बिल्धी एक गांव है। यहाँ बंगाल का टावर पकड़ता है। पाँच वर्षों से हम लोग इस विषय को उठा रहे हैं। लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चाहे नियम 377 के तहत हो, ज़ीरो आवर में हो या क्वेश्चन आवर में भी इस मुद्दे को हम लोगों ने उठाया है। हमारे अपने बेरमो प्रखण्ड में जो एक्सचेंज है, वहाँ थ्री-जी सिस्टम चालू होना था, लेकिन वह आज तक चालू नहीं हुआ। आपके माध्यम से मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इसे अविलम्ब ठीक किया जाए ताकि वहाँ की आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर):** धन्यवाद सभापति महोदय, आपने मुझे मौका दिया। आज मैं राजस्थान का कश्मीर कहलाने वाला माउंट आबू क्षेत्र पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। वहाँ बारिश की कमी होती है, वहाँ पर टूरिस्टों का आवागमन भी होता है। बहुत दिनों से मैं आवाज़ उठा रहा हूँ। वहाँ पर एक सालगांव डैम है। उस डैम में यदि पानी के भराव का परमीशन दें, तब माउंट आबू को बचाया जा सकता है, नहीं तो इसे बचाने के लिए और कोई रास्ता नहीं है। तीन साल पहले माउंट आबू में पानी की कमी हुई। बारिश की कमी के कारण वहाँ के स्कूल तक बंद करने पड़े। वहाँ जो टूरिस्ट आते हैं, उनको मना करना पड़ा कि आज माउंट आबू में पानी की कमी है, इस वजह से आप यहाँ पर होटल में नहीं रुक सकते, आप नीचे जाकर रुकिये।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं तथा सरकार से निवेदन भी करता हूं कि सालगांव परियोजना को शुरू किया जाए। ताकि माउंट आबू जो राजस्थान का कश्मीर है और आज़ू-बाज़ू के प्रदेशों से जो टूरिस्ट लोग आते हैं, उनको कोई समस्या न हो और माउंट आबू को बचाया जा सके।

सभापति महोदय, वहाँ पर बहुत अच्छे-अच्छे स्कूल्स बने हुए हैं। वहाँ सभी बच्चे जाकर पढ़ते हैं, लेकिन समस्या इतनी आती है कि पानी न होने के कारण उनको भी वहाँ से निकालना पड़ता है। इसलिए आपसे निवेदन है और सरकार से मैं करबद्ध अनुरोध करना चाहूंगा कि इस परियोजना को जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए और सालगांव परियोजना बनायी जाए।

**श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) :** माननीय सभापति महोदय, मैं खीरी लोक सभा क्षेत्र, जो उत्तर प्रदेश में है, से चुना गया हूँ। यह बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र है। नेपाल का सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण नेपाल की मोहाना, घेरूआ, करनाली इत्यादि ऐसी नदियाँ हैं, जिनके कारण इस क्षेत्र में भारी कटाव और बाढ़ के कारण बहुत सारे लोगों के घर भी बह जाते हैं। यह क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहाँ की आर्थिक स्थिति खेती पर ही निर्भर करती है। धान और गन्ना यहाँ की मुख्य फसल है। हमने बाढ़ से संबंधित बहुत सारे मसले प्रदेश सरकार के सामने उठाये। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। नेपाल के लोगों ने अपनी तरफ बंधा बना लिया है जिसके कारण हर बरसात में, जहाँ हम सब लोग आज मानसून के लिए परेशान हैं, बरसात नहीं हो रही है, वहीं हमारे क्षेत्र के लोग बाढ़ से आशंकित हैं कि बाढ़ फिर से आने वाली है। फिर से खेतों का कटाव होगा और फसलों का नुकसान होगा। उसके साथ-साथ धान और गन्ना जो इस क्षेत्र की मुख्य फसल है, वह बाढ़ के कारण दागी हो जाता है। जो सरकारी क्रय-केन्द्रों पर भी नहीं खरीदा जाता है। जो चावल मिल के लोग होते हैं, चूंकि दागी चावल भी एफ.सी.आई. नहीं खरीदती है, उसके कारण उनका धान भी नहीं बिक पाता है। गन्ना जो बिकता है, उसका भुगतान प्राप्त नहीं होता है। नौ बड़ी चीनी मिलें मेरे लोक सभा क्षेत्र में लगी हैं। इस समय तक उन तीन चीनी मिलों पर, जो बज़ाज की चीनी मिलें हैं, उन पर 15018.65 लाख रुपए बलिया चीनी मिल पर, गोला चीनी मिल पर 23,449 लाख रुपए और खम्बार खेड़ा मिल पर 15,650 लाख रुपए, कुल मिलाकर 54, 119 लाख रुपए बाकी हैं। किसानों की हालत खराब हो चुकी है। खेत कट रहे हैं। घर गिर रहे हैं। बाढ़ में फसलों का नुकसान हो रहा है। धान की बिक्री नहीं हो पा रही है और गन्ने की फसल जो बिकी है उसके दाम नहीं मिल पा रहे हैं। किसान की जेब खाली है। बच्चों के स्कूल की फीस नहीं जमा हो पा रही है। परिवार के लिए भोजन इकट्ठा नहीं हो पा रहा है। भरण-पोषण की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इसलिए किसानों में बेहद हताशा और निराशा है। मैं आपके

माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि इस पर ध्यान दे और इस पर सदन में चर्चा भी हो।

HON. CHAIRPERSON : The House stands adjourned to meet tomorrow at eleven of the Clock.

**19.10 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, July 10, 2014/Ashadha 19, 1936 (Saka) .*

---